kanwhizztimes
@kanwhizztimes
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स
सिर्फ सच

वर्ष-14 | अंक-124 | गुरुवार, 05 जून 2025 | नगर संस्करण | लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित | मूल्य- ₹ 3.00 | पृष्ठ-12



भारत का इतिहास कांग्रेस के पाकिस्तान के समक्ष 'सरेन्डर' (आत्मसमर्पण) की घटनाओं से भरा पड़ा है और इसी खतरनाक मानसिकता वाली आदत, फितरत और शरारत के तहत वह देश और सेना के स्वाभिमान एवं आत्मसम्मान को कुचल रहे हैं।
**डॉ. सुधांशु त्रिवेदी**

तत्काल टिकटों के अनधिकृत बुकिंग नेटवर्क पर रेलवे का कड़ा प्रहार 11

उत्तराखंड : मंत्रिमंडल में ई-वाहनों पर टैक्स छूट 12

## संक्षेप

### आयकर उपायुक्त पर हमले के आरोपी योगेन्द्र मिश्रा निलम्बित

**लखनऊ।** आयकर के संयुक्त आयुक्त एवं आईआरएस अफसर योगेन्द्र मिश्रा को निलम्बित कर दिया गया है। साथ ही उनको पश्चिम बंगाल एवं सिक्किम स्थित आयकर मुख्यालय से सम्बद्ध किया गया है। मौजूदा समय योगेन्द्र मिश्रा उत्तराखंड के काशीपुर में तैनात हैं। उन पर हजरतगंज स्थित प्रत्यक्षकर भवन में उपायुक्त गौरव गर्ग पर हमला करने का मुकदमा दर्ज है। उनके निलम्बन में भी इसी को आधार बनाया गया है। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) के अंडर सेक्रेट्री नितिन पी माने की ओर से बुधवार को निलम्बन का आदेश जारी कर दिया गया है।

### ललितपुर जेल का डिप्टी जेलर भी निलम्बित, जेल अधीक्षक पर कार्रवाई की संस्तुति

**लखनऊ।** ललितपुर जेल में पूर्व सांसद रिजवान जहीर की बैरक से आपत्तिजनक वस्तुएं बरामद होने के मामले में बुधवार को डिप्टी जेलर जय नारायण भारती को भी निलम्बित कर दिया गया है। जेल अधीक्षक मुकेश कुमार के खिलाफ विभागीय जांच करने के लिए शासन को संस्तुति की गई है। वहीं जेलर जीवन सिंह की भी विभागीय कार्रवाई शुरू कर दी गई है। दो दिन पहले ही इस मामले में दो प्रधान बंदी रक्षक राजेन्द्र प्रसाद, वीरेन्द्र शाह और बंदी रक्षक रजनेश यादव को निलम्बित किया गया था।

### 34 प्रशिक्षु डिप्टी एसपी को तैनाती मिली

**लखनऊ।** पुलिस अकादमी मुरादाबाद में आधारभूत ट्रेनिंग करने के बाद 34 डिप्टी एसपी को व्यवहारिक प्रशिक्षण के लिए जिलों का आवंटन कर दिया गया है। ट्रेनिंग पूरी करने के बाद इन्हें इसी जिले में तैनाती मिल जाएगी। इस आदेश के मुताबिक अपूर्व पाण्डेय को गोरखपुर, बसंत सिंह को कुशीनगर, संकल्प दीप कुशवाहा को फिरोजाबाद, विनी सिंह को देवरिया, प्रतिज्ञा सिंह को हमीरपुर जिले में आगे की ट्रेनिंग करनी होगी। इसी तरह नारायण दत्त मिश्रा बहराइच, मंयक मिश्रा गोण्डा, शशि प्रकाश मिश्रा अयोध्या, ऋतिक कपूर रायबरेली, हरेकृष्ण शर्मा हरदोई, अभिमन्यु त्रिपाठी खीरी, पीयूष कुमार पाण्डेय बांदा, किश राजपूत मेरठ, गायत्री यादव पीलीभीत, मनोज कुमार गंगवार मुजफ्फरनगर, सुधीर सिंह बलिया, जयन्त यादव बस्ती, रोहिनी यादव सिद्धार्थनगर, प्रभा पटेल शामली, आकृति पटेल शाहजहांपुर, अभय कुमार वर्मा इटावा, अभिषेक कुमार सीतापुर, अनुभव राजर्षि गाजीपुर, आकांक्षा गौतम चन्दौली, शुभम वर्मा जौनपुर, अमित कुमार संतकबीरनगर, देशराज सिंह रामपुर, दीपशिखा झांसी, कुलदीप सिंह यादव बिजनौर, अरुण पाराशर आजमगढ़, अवनीश कुमार सिंह एटा, शशांक श्रीवास्तव बुलन्दशहर, गौरव उपाध्याय बदायूं और अपूर्वा पाण्डेय लखनऊ में ट्रेनिंग करेंगी।

## आईपीएल के सम्मान समारोह में भगदड़

# 11 की मौत, दर्जनों घायल

एजेंसी

बेंगलुरू। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की ऐतिहासिक पहली आईपीएल जीत का जश्न बुधवार को दुखद हो गया और यहां एम चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर भगदड़ में 11 लोगों की मौत हो गई और दर्जनों के घायल होने की आशंका है।

यह घटना शहर के केंद्रीय व्यापारिक जिले के बीचोंबीच स्थित स्टेडियम के एक गेट पर हुई, जहां हजारों उत्साही प्रशंसक सुबह से ही अपनी विजयी टीम और प्रतिष्ठित आईपीएल ट्रॉफी की एक झलक पाने के लिए उत्सुक थे। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दारमैया और उपमुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार द्वारा विधान सौध में सम्मानित किए जाने के बाद आरसीबी टीम की तय उपस्थिति से पहले दोपहर तक भीड़ तेजी से बढ़ गई।

पुलिस सूत्रों के अनुसार स्थिति उस समय नियंत्रण से बाहर हो गई जब बढ़ती भीड़ के बावजूद स्टेडियम के गेट बंद रहे, जिससे एक प्रवेश द्वार के पास भगदड़ मच गई। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि वहां भगदड़ मच गई, कई लोग गिर गए और कुचले गए। मेट्रो स्टेशन और आस-पास की सड़कें समर्थकों की भारी भीड़ से भर जाने के कारण स्टेडियम के अंदर और आसपास वाहनों की आवाजाही रुक गई। यातायात पुलिस को बढ़ती भीड़ को नियंत्रित करने और व्यवस्था बहाल करने के लिए कथित तौर पर काफी संघर्ष करना पड़ा। घायलों को शिवाजीनगर के बॉरिंग और लेडी कर्जन अस्पताल ले जाया गया।



अस्पताल के अधिकारियों ने पुष्टि की कि कई पीड़ितों का इलाज चल रहा है, जिनमें से कम से कम दो की हालत गंभीर है। बेंगलुरु के पुलिस आयुक्त बी दयानंद और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने स्थिति का आकलन करने के लिए घटनास्थल का दौरा किया। हताहतों की संख्या पर आधिकारिक बयान का इंतजार है। इस बीच आरसीबी टीम की स्टेडियम में निर्धारित सार्वजनिक उपस्थिति को अगली सूचना तक स्थगित कर दिया गया है। श्री शिवकुमार ने इस त्रासदी के लिए भारी भीड़ को जिम्मेदार ठहराया और कहा कि राज्य सरकार ने सावधानी बरतते हुए समारोह को छोटा कर दिया था। उन्होंने कहा, ÷हमने सिर्फ़ एक चक्कर लगाकर इसे 10 मिनट में ही समाप्त कर दिया।ß उन्होंने आगे कहा कि स्थिति को संभालने के लिए मेट्रो सेवाओं को भी अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया गया था। मंत्री ने भारी भीड़ को स्वीकार किया और कहा कि सामान्य स्थिति बहाल करने के प्रयास जारी हैं। इस बीच कर्नाटक भाजपा अध्यक्ष विजयेंद्र येदियुरप्पा ने प्रशासन को सीधे तौर पर जिम्मेदार ठहराया और आरोप लगाया कि उसने बिना उचित योजना के रैली आयोजित करने में जल्दबाजी की और सुरक्षा से ज़्यादा प्रचार को प्राथमिकता दी। श्री विजयेंद्र ने कहा, राज्य सरकार को पूरी जिम्मेदारी लेनी चाहिए। 11 से ज़्यादा लोगों की मौत हो गई है और कई अन्य गंभीर हालत में हैं, जिनमें से कुछ आईसीयू में हैं। यह त्रासदी सरकार की लापरवाही का सीधा नतीजा है। उन्होने कहा कि उन्होंने पीड़ितों में से एक से बात की है, जिसने दावा किया कि घटनास्थल पर पुलिस की मौजूदगी या एम्बुलेंस की सुविधा नहीं थी। उन्होंने कहा, घायलों को खुद ही बॉवरिंग अस्पताल जाना पड़ा। इसे गंभीर चूक बताते हुए श्री विजयेंद्र ने मांग की कि मुख्यमंत्री सिद्दारमैया नैतिक जिम्मेदारी लें और मामले को न्यायिक जांच के लिए भेजें। उन्होंने जोर दिया कि मुख्यमंत्री को तय करने दें कि किसे जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए - लेकिन इसे न्यायिक मंच के समक्ष जाना चाहिए। इसे लेकर अब बीसीसीआई ने भी दुख जताया है। बीसीसीआई ने कहा, यह लोकप्रियता का नकारात्मक पहलू है, लोग अपने क्रिकेटरों ● शेष पेज 11 पर

### प्रधानमंत्री मोदी ने हादसे पर दुख जताया



**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बेंगलुरु में चेन्नास्वामी क्रिकेट स्ट्रेडियम के बाहर बुधवार को हुयी दुर्घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया है और इस दुर्घटना में मृत लोगों के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। श्री मोदी ने दुर्घटना में घायल लोगों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है। प्रधानमंत्री कार्यालय द्वारा सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर जारी शोक संदेश में श्री मोदी ने कहा है, बेंगलुरु में हुई दुर्घटना बहुत ही दुखद है। इस दुखद घड़ी में मेरी संवेदनायें उन सभी लोगों के साथ हैं, जिन्होंने अपने प्रियजनों को खो दिया है। मैं प्रार्थना करता हूं कि जो लोग घायल हुए हैं, वे शीघ्र स्वस्थ हों।

# दो चरणों में होगी जनगणना-2027

एजेंसी

नयी दिल्ली। केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय जनगणना-2027 में दो चरणों में कराने की घोषणा की है और इसके लिए अधिसूचना 16 जून को जारी की जायेगी।

लद्दाख, जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के बर्फीले क्षेत्रों जनगणना का काम अगले साल सितंबर में ही शुरू किया जा सकता है। बाकी प्रदेशों में यह काम फरवरी 2027 में शुरू किए जाने की संभावना है। सरकार के निर्णय के अनुसार इस बार की जनगणना में जातियों की गणना भी शामिल होगी। पिछली जनगणना 2011 में की गयी थी और उस समय भी यह काम दो चरणों में पूरा किया गया था।

गृह मंत्रालय ने बुधवार को एक विज्ञप्ति में कहा कि जनगणना - 2027 के लिए संदर्भ तिथि एक मार्च, 2027 को 00:00 बजे की रखी जायेगी। केंद्रशासित प्रदेश लद्दाख और केंद्रशासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर तथा हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड राज्यों के बर्फीले क्षेत्रों के लिए संदर्भ तिथि अक्टूबर, 2026 के प्रथम दिन 00:00 बजे रखी गयी है। विज्ञप्ति में कहा गया है कि जनगणना अधिनियम, 1948 की धारा 3 के प्रावधान के अनुसार उपरोक्त संदर्भ तिथियों के साथ जनगणना कराने के आशय की अधिसूचना अगामी 16 जून को आधिकारिक राजपत्र में प्रकाशित की जाएगी। सरकार 2021 की जनगणना कोविड के कारण नहीं करा सकी थी। जनगणना-2021 के पहले चरण की सभी तैयारियां पूरी हो गयी थी और पहली अप्रैल, 2020 से कुछ राज्यों/ केंद्र शासित प्रदेशों में फील्ड वर्क शुरू होने वाला था। महामारी




- अक्टूबर 2026 में लद्दाख, जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में पहल चरण
- बाकी राज्यों में 1 मार्च 2027 से होगी, अधिसूचना 16 जून को होगी जारी

के प्रकोप के कारण जनगणना का काम स्थगित करना पड़ा था। देश में आमतौर पर हर दस साल में जनगणना होती रही है। आखिरी बार साल 2011 में जनगणना करवाई गई थी। इसके बाद 2021 में कोरोना महामारी की वजह से जनगणना को टाल दिया गया था। विपक्ष लगातार जाति जनगणना करवाने की मांग करता रहा है। कैबिनेट में मुहर लगने के बाद विपक्षी दलों ने भी सरकार के इस फैसले का स्वागत किया था। साल 1872 में पहली बार जनगणना की देश में शुरुआत हुई थी। इसका मकसद सामाजिक तानेबाने को समझना था। हालांकि, शुरुआत में तो जाति से जुड़े सवाल जनगणना में शामिल थे, लेकिन बाद में इसमें बदलाव किया गया। पिछली बार 2011 में हुई जनगणना में 29 सवाल पूछे गए थे, जिसमें रोजगार, मातृभाषा के साथ-साथ अन्य सामान्य सवाल शामिल थे। 16 साल बाद हो रही जनगणना में इस बार जाति का फिर से सवाल पूछा जाएगा।

# अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता उचित प्रतिबंधों के अधीन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने भारतीय सेना पर कथित अपमानजनक टिप्पणी के लिए लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कंग्रेस के नेता राहुल गांधी को फटकार लगाई है। हाईकोर्ट की सिंगल बेंच ने कहा कि ''संविधान का अनुच्छेद 19(1)(ए) भाषण और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की गारंटी देता है,'' फिर भी यह उचित प्रतिबंधों के अधीन है। न्यायालय ने आगे कहा कि अनुच्छेद 19 (1) (ए) उन बयानों पर लागू नहीं होता है जो ''भारतीय सेना के लिए अपमानजनक'' हैं। ''इसमें कोई संदेह नहीं है कि भारत के संविधान का अनुच्छेद 19(1)(ए) भाषण और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की गारंटी देता है, यह स्वतंत्रता उचित प्रतिबंधों के अधीन है और इसमें किसी व्यक्ति या भारतीय सेना के लिए अपमानजनक बयान देने की स्वतंत्रता शामिल नहीं है।

पिछले सप्ताह सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति सुभाष विद्यार्थी ने कहा। भारतीय सेना के बारे में कथित अपमानजनक टिप्पणी पर निचली अदालत के समन को चुनौती देने वाली राहुल गांधी की याचिका को खारिज कर दिया था। आदेश पारित करने वाले न्यायमूर्ति सुभाष विद्यार्थी ने कहा कि अगले सप्ताह विस्तृत निर्णय सुनाया जाएगा। सरकार की कानूनी टीम ने तर्क दिया कि गांधी की याचिका स्वीकार्य नहीं है, क्योंकि ● शेष पेज 11 पर



- हाईकोर्ट ने राहुल गांधी को लगाई फटकार

## जासूसी के आरोप में यूट्यूबर गिरफ्तार

मोहाली। पंजाब के मोहाली में राज्य विशेष अभियान प्रकोष्ठ (एसएसओसी) ने रूपनगर के गांव महलान निवासी यूट्यूबर जसबीर सिंह को गिरफ्तार कर एक महत्वपूर्ण जासूसी नेटवर्क का पर्दाफाश किया है।

पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने बुधवार को बताया कि एक खुफिया जानकारी मिलने के बाद यह कार्रवाई की गयी। उन्होंने बताया कि जसबीर सिंह, जो जान महल नामक एक यूट्यूब चैनल संचालित करता है, को पीआईओ शाकिर उर्फ जट्ट रंधावा के साथ जुड़ा पाया गया है, जो एक आतंकवाद-समर्थित जासूसी नेटवर्क का हिस्सा है। उसके हरियाणा स्थित यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा (जासूसी के लिए गिरफ्तार) और पाकिस्तानी नागरिक और पाकिस्तान उच्चायोग से निष्कासित अधिकारी एहसान-उर-रहीम उर्फ दानिश के साथ भी घनिष्ठ संपर्क बनाए रखा। डीजीपी ने बताया कि जांच से पता चला है कि जसबीर, दानिश के निमंत्रण पर दिल्ली में पाकिस्तान राष्ट्रीय दिवस कार्यक्रम में शामिल हुआ था, जहाँ उसने पाकिस्तानी सेना अधिकारियों और व्लॉगर्स से मुलाकात की थी। ● शेष पेज 11 पर

# न्यायपालिका में भ्रष्टाचार पर पारदर्शी कार्रवाई आवश्यक, कोई भी इससे ऊपर नहीं : गवई

एजेंसी

नई दिल्ली। प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) बी आर गवई ने कहा है कि न्यायपालिका में भ्रष्टाचार और कदाचार की घटनाओं से जनता के भरोसे पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है, जिससे पूरी व्यवस्था की शुचिता में विश्वास कम हो सकता है। ब्रिटेन के उच्चतम न्यायालय में 'मेंटेनिंग जूडिशयल लेजिटिमेसी एंड पब्लिक कॉन्फिडेंस' विषय पर आयोजित एक गोलमेज सम्मेलन में उन्होंने न्यायाधीशों द्वारा सेवानिवृत्ति के बाद की जाने वाली नौकरियों के बारे में भी बात की।

उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश बी आर गवई ने कहा है कि लोकतंत्र में न्यायपालिका को न केवल न्याय देना चाहिए, बल्कि उसे एक ऐसी संस्था के रूप में भी देखा जाना चाहिए जो सत्ता के सामने सच्चाई को रखने की हकदार है। उन्होंने कहा कि अगर कोई न्यायाधीश सेवानिवृत्ति के तुरंत बाद सरकार में कोई अन्य नियुक्ति प्राप्त करता है, या चुनाव लड़ने के लिए पीठ से इस्तीफा देता है तो इससे 'गंभीर नैतिक चिंता पैदा होती है।' भ्रष्टाचार के मुद्दे पर प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि जब भी भ्रष्टाचार और कदाचार के ये मामले सामने आए हैं, उच्चतम न्यायालय ने लगातार कदाचार को दूर करने के लिए तत्काल और उचित उपाय किए हैं। उन्होंने कहा, 'इसके अलावा, हर प्रणाली, चाहे वह कितनी भी मजबूत क्यों न हो, पेशेवर कदाचार के लिहाज से अतिसंवेदनशील होती है। दुख की बात है कि न्यायपालिका के भीतर भी भ्रष्टाचार और कदाचार के मामले सामने आए हैं। ऐसी घटनाओं से जनता के भरोसे पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है, जिससे पूरी प्रणाली की शुचिता में विश्वास खत्म हो सकता है। प्रधान न्यायाधीश ने कहा, 'हालांकि, इन मसलों पर त्वरित, निर्णायक और पारदर्शी कार्रवाई करके ही इस विश्वास को फिर से कायम किया जा सकता है। भारत में जब भी ऐसे मामले सामने आए हैं तो उच्चतम न्यायालय ने लगातार कदाचार से निपटने के लिए तत्काल और उचित उपाय किए हैं। प्रधान न्यायाधीश की यह टिप्पणी इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा पर भ्रष्टाचार के आरोपों की पृष्ठभूमि में आई है। वर्मा के दिल्ली स्थित ● शेष पेज 11 पर



- न्यायपालिका को सत्ता के समक्ष सच्चाई रखने की हकदार के तौर पर भी देखा जाना चाहिए

# शाहदरा के एक गुरुद्वारे की जमीन पर वक्फ का दावा खारिज

एजेंसी

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने दिल्ली वक्फ बोर्ड की ओर से राष्ट्रीय राजधानी में शाहदरा की एक संपत्ति (जहां गुरुद्वारा है) पर अधिकार जताने वाली याचिका बुधवार को खारिज कर दी।

न्यायमूर्ति संजय करोल और न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने वक्फ बोर्ड की विशेष अनुमति याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया। याचिका में 2010 के दिल्ली उच्च न्यायालय के फैसले को चुनौती दी गई थी। उच्च न्यायालय ने वक्फ बोर्ड के संपत्ति पर दावे को खारिज कर दिया था। यह मामला 1980 के दशक का है, जब दिल्ली वक्फ बोर्ड ने हीरा सिंह (अब मृतक) के खिलाफ शाहदरा के एक गांव में कथित रूप से स्थित एक मस्जिद के कब्जे के लिए मुकदमा दायर किया था। बोर्ड ने तर्क दिया कि संपत्ति वक्फ की संपत्ति थी, जो अनादि काल से धार्मिक उद्देश्यों के लिए समर्पित और उपयोग की जाती रही है। प्रतिवादी ने हालांकि दावे को विवादित बताते हुए तर्क दिया कि मुकदमा समय-सीमा पार कर चुका और दावा किया कि संपत्ति उसे मोहम्मद द्वारा बेची गई थी। एहसान नामक व्यक्ति ने 1953 में यह मामला दर्ज कराया था। उन्होंने आगे दावा किया कि स्वतंत्रता से पहले से ही यह परिसर गुरुद्वारा समिति के प्रबंधन के तहत एक गुरुद्वारे के रूप में कार्य कर रहा था। निचली अदालत ने वक्फ बोर्ड के पक्ष में फैसला सुनाया और इस फैसले को 1989 में प्रथम अपीलीय अदालत ने भी बरकरार रखा। दिल्ली उच्च न्यायालय ने हालांकि 2010 में निचली अदालत के फैसले को पलट दिया, जिसमें ● शेष पेज 11 पर



## जन्मभूमि परिसर में राजा राम समेत परकोटे में विराजमान देवों की प्राण प्रतिष्ठा के साक्षी बनेंगे सीएम

# आज स्वर्णिम अक्षरों में होगा दर्ज योगी आदित्यनाथ का नाम

एजेंसी

अयोध्या। 5 जून को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का नाम अयोध्या के इतिहास में स्वर्णिम अक्षरों में अंकित होने जा रहा है। इस दिन श्रीराम जन्मभूमि परिसर में राजा राम और परकोटे में विराजमान अन्य देवी-देवताओं की प्राण प्रतिष्ठा का भव्य आयोजन होगा, जिसके साक्षी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ होंगे। संयोगवश इसी दिन मुख्यमंत्री का? 53 वां जन्मदिन भी है और वह इस अवसर पर भगवान श्रीराम का आशीर्वाद लेंगे। अयोध्या में सरयू नदी के त्रयोदशी जन्मोत्सव की भी धूम है। मुख्यमंत्री के महोत्सव में पहुंचने की संभावना है। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अनुसार प्राण प्रतिष्ठा समारोह सुबह 11 बजे से शुरू होगा। इस अवसर पर विशेष पूजा-अर्चना, हवन और वैदिक मंत्रोच्चार के साथ देव विग्रहों की स्थापना होगी। अयोध्या के संत-महंत इस आयोजन को ऐतिहासिक बता रहे हैं।

संत समुदाय का कहना है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राम मंदिर निर्माण और अयोध्या के विकास के माध्यम से रामनगरी का खोया हुआ गौरव लौटाया है। पिछले आठ वर्षों में अयोध्या में 32 हजार करोड़ से अधिक विकास परियोजनाओं ने शहर को वैश्विक स्तर पर नई पहचान दी है। सड़क, रेल, हवाई अड्डा, सुंदरीकरण, और पर्यटन से जुड़ी परियोजनाओं ने अयोध्या को विश्व नक्शे पर चमकदार बनाया है। रामकथा पार्क, सरयू तट का सुंदरीकरण, और आधुनिक सुविधाओं से युक्त मंदिर परिसर इसकी बानगी हैं।मुख्यमंत्री के जन्मदिन पर अयोध्या में उत्साह का माहौल है। संत-महंतों ने योगी आदित्यनाथ की प्रशंसा करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में अयोध्या आध्यात्मिक और सांस्कृतिक राजधानी के रूप में उभरी है। सरयू त्रयोदशी जन्मोत्सव के अवसर पर नदी तट पर विशेष आरती और सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित होंगे। प्रशासन ने इस भव्य आयोजन के लिए सुरक्षा और व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए हैं। देश-विदेश से हजारों श्रद्धालु इस ऐतिहासिक क्षण के साक्षी बनने अयोध्या पहुंच रहे हैं। यह दिन न केवल आध्यात्मिक, बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक एकता का भी प्रतीक बनेगा।

अंजनी सेवा संस्थान के अध्यक्ष शशिकांत महाराज ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ महाराज ने ही प्रभु को टाट से निकाल भव्य मंदिर में विराजमान कराया है। 5 जून को एक बार फिर से राजा राम को प्रतिष्ठित करेंगे। तब वशिष्ठ जी ने राजतिलक किया था और अब योगी आदित्यनाथ प्रभु राम का तिलक करेंगे। उन्होंने कहा कि अयोध्या को विश्व फलक पर ले जाने के लिए मुख्यमंत्री ने बहुत मेहनत की है। पहले रात के समय नया घाट से लेकर गुप्तारघाट तक जाने में डर लगता था, लेकिन आठ वर्ष में स्थिति पूरी तरह से बदल गई है। मुख्यमंत्री ने सत्ता में आते ही आरती घाट आदि की व्यवस्था सही कराई। उन्होंने दीपोत्सव के माध्यम से दुनिया को संदेश दे दिया कि राजा राम अब अयोध्या आने वाले हैं। इसके बाद मंदिर निर्माण हुआ और रामलला को विराजमान कराया। योगी आदित्यनाथ के गुरु भी राम मंदिर आंदोलन से जुड़े ● शेष पेज 11 पर

### प्राण प्रतिष्ठा-२

- मुख्यमंत्री अपने जन्मदिन पर लेंगे भगवान श्रीराम का आशीर्वाद
- 5 जून को सरयू के त्रयोदशी जन्मोत्सव की भी अयोध्या में धूम
- योगी सरकार में अयोध्या में नित्य महोत्सव, नित्य सुमंगल
- 32 हजार करोड़ से अधिक परियोजनाओं के अयोध्या में आने से विश्व स्तर पर दमक रही रामनगरी



अयोध्या में जारी है प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम

# सरकार की नीति कर्मचारी संगठन नहीं बनाएंगे तो सरकार की नीति कथित डिस्कॉम एसोशिएशन भी नहीं बनाएंगे: ई. पुष्पेंद्र सिंह

कैनविज टाइम्स संवाददाता

### निजीकरण के विरोध में प्रान्त व्यापी प्रदर्शन जारी

### घंटों तक चलने वाली वी सी से प्रभावित होती है बिजली व्यवस्था

गोरखपुर। विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, गोरखपुर ने पॉवर कॉरपोरेशन के चेयरमैन के बयान पर पलटवार करते हुए कहा है कि यदि कर्मचारी संगठन सरकार की नीति नहीं तय करेंगे तो कथित डिस्कॉम एसोशिएशन भी सरकार की नीति नहीं तय करेंगे। संघर्ष समिति ने आज कहा कि घंटों चलने वाली वी सी बिजली आपूर्ति के लिए साधक नहीं अपितु बाधक होती है। आज लगातार 188 वें दिन बिजली कर्मियों ने निजीकरण के विरोध में प्रांत भर में विरोध प्रदर्शन जारी रखा। संघर्ष समिति के पदाधिकारियों इं. पुष्पेन्द्र सिंह, इं. जीवेश नन्दन , इं. जितेन्द्र कुमार गुप्त, इं. योगेश यादव, सर्वश्री प्रभुनाथ प्रसाद, संगमलाल मौर्य, इस्माइल खान, संदीप श्रीवास्तव, विकास श्रीवास्तव, जगन्नाथ यादव, राकेश चौरसिया, राजकुमार सागर, विजय बहादुर सिंह, करुणेश त्रिपाठी, ओम गुप्ता, एवं सत्यव्रत पांडे, आदि तथा जे ई संगठन के पदाधिकारियों इं. शिवम चौधरी, इं. अमित यादव, इं. विजय सिंह इं. दीपक श्रीवास्तव, इं. राघवेंद्र द्विवेदी, इं. श्याम सिंह, इं. एन के सिंह , इं. देवेन्द्र पाण्डे, इं. भारतेन्दु चौबे, इं. प्रमोद यादव एवं इं. रणंजय पटेल ने पावर कारपोरेशन के चेयरमैन के इस वक्तव्य कि सरकार की नीति कर्मचारी संगठन तय नहीं करेंगे पर पलटवार करते हुए कहा है कि सरकार की नीति कथित आल इंडिया डिस्कॉम एसोशिएशन भी नहीं तय करेगी जिसके स्वयंभू जनरल सेक्रेटरी डॉ आशीष गोयल हैं। संघर्ष समिति ने बताया कि नवंबर 2024 के दूसरे सप्ताह में लखनऊ में विद्युत वितरण निगमों की



एक मीटिंग पांच सितारा होटल में हुई । इसी बैठक में सुधार के नाम पर विद्युत वितरण निगमों के निजीकरण का निर्णय लिया गया। इस मीटिंग में ऑल इंडिया डिस्कॉम एसोशिएशन के नाम से एक संगठन गठित कर लिया गया । इस संगठन के जनरल सेक्रेटरी डॉक्टर आशीष गोयल बन गए और कोषाध्यक्ष दिल्ली की निजी कंपनी बी एस ई एस यमुना(रिलायंस पावर) के सी ई ओ अमरदीप सिंह बने। इस नव गठित डिस्कॉम एसोशिएशन में उड़ीसा के टाटा पॉवर के गजानन काले और नोएडा पावर कंपनी लिमिटेड के पी आर कुमार भी है। संघर्ष समिति ने आरोप लगाया कि पूर्वांचल विद्युत वितरण एवं दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के निजीकरण का प्रस्ताव आगे बढ़ाने का अंदरुनी निर्णय इसी डिस्कॉम एसोशिएशन की बैठक में कार्पोरेट के साथ मिलकर लिया गया जिसके जनरल सेक्रेटरी स्वयं डॉक्टर आशीष गोयल हैं। संघर्ष समिति ने कहा कि पता चला है कि यह एसोशिएशन मोटा चंदा वसूल रही है और आशीष गोयल के साथ इसके कोषाध्यक्ष अमरदीप सिंह एक निजी कंपनी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी हैं। संघर्ष समिति ने कहा कि यह निजी कॉरपोरेट अपने निहित स्वार्थ में उत्तर प्रदेश के 42 जनपदों का निजीकरण करने पर तुले हुए हैं।

संघर्ष समिति ने आगे कहा कि सही है कि कर्मचारी संगठन सरकार की नीति नहीं तय करेंगे किंतु कर्मचारी संगठनों से नीतिगत मामलों पर विचार विमर्श किया जाता रहा है। 05 अप्रैल 2018 और 06 अक्टूबर 2020 को ऊर्जा मंत्री और वित्त मंत्री के साथ हुए लिखित समझौते में कहा गया है कि विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति को विश्वास में लिए बिना प्रदेश में ऊर्जा क्षेत्र में कहीं पर भी कोई निजीकरण नहीं किया जाएगा। पावर कारपोरेशन के चेयरमैन को यह बताना चाहिए कि इन दोनों समझौता का सरासर उल्लंघन करते हुए उन्होंने निजीकरण का एक तरफा फैसला डिस्कॉम एसोशिएशन के गठन के चन्द दिन बाद कैसे ऐलान कर दिया।

इसके अतिरिक्त वर्ष 2000 में उप्र सरकार ने ऊर्जा निगमों में जॉइंट मैनेजमेंट काउंसिल बनाने का निर्णय लिया गया था। जॉइंट मैनेजमेंट काउंसिल के सामने नीतिगत विषय रखे जाते थे और इस काउंसिल में सभी मान्यता प्राप्त और बड़े कर्मचारी संगठनों के प्रतिनिधित होते थे। पिछले 20 वर्षों से जॉइंट मैनेजमेंट काउंसिल की कोई बैठक नहीं हुई। जॉइंट मैनेजमेंट काउंसिल काम नहीं कर रही है। ऐसे में नीतिगत मामलों पर कर्मचारी संगठनों का पक्ष भी प्रबंधन और सरकार के सामने नहीं आ रहा है। इसकी जिम्मेदारी पावर कारपोरेशन के प्रबंधन की है।

संघर्ष समिति ने कहा कि वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए बैठकों का सिलसिला कोरोना कल में प्रारंभ हुआ था। कोरोना समाप्त हुए 04 साल गुजर चुके हैं किंतु अभी भी पावर कारपोरेशन के आलाअधिकारी और विशेषतः चेयरमैन वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए लंबी-लंबी बैठक कर अभियंताओं को डांट फटकार लगाना, अमर्यादित और अभद्र भाषा का प्रयोग करना और अपमानित करना जैसे कार्य कर रहे है । संघर्ष समिति ने कहा कि अनावश्यक तौर पर लंबी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग बैठकों के कारण बिजली आपूर्ति प्रभावित होती है क्योंकि अभियन्ता इसी में फंसे रहते हैं। अतः जरूरी नहीं कि ऐसी बैठकों में अभियंता अपना समय नष्ट करें। अभियंताओं का मुख्य कार्य उपभोक्ताओं को इस भीषण गर्मी में बिजली आपूर्ति बनाए रखना है और उनकी यही प्राथमिकता है।

संघर्ष समिति के आह्वान पर आज लगातार 188 वें दिन बिजली कर्मियों ने प्रदेश के समस्त जनपदों और परियोजनाओं पर विरोध प्रदर्शन जारी रखा।

## संगठन को जमीनी स्तर पर करना होगा मजबूत: राजेश

### जिला कांग्रेस कमेटी की मासिक बैठक सम्पन्न

गोरखपुर। जिला कांग्रेस कमेटी की मंगलवार को हुई मासिक बैठक में ब्लाक व नगर कांग्रेस कमेटियों और पंचायत कमेटियों के गठन में तेजी लाने पर विचार किया गया। संगठन सृजन अभियान को गति देने के लिए ब्लाकवार प्रभारी बनाने का निर्णय लिया गया। ये प्रभारी स्थानीय नेताओं और कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर पंद्रह जून तक ब्लाक/नगर कमेटियों के गठन में मदद करेंगे।बैठक में जिलाध्यक्ष राजेश कुमार तिवारी ने कहा कि देश इस समय विचारधारा की सबसे कठिन लड़ाई के दौर से गुजर रहा है। बीजेपी- आरएसएस से जमीनी लड़ाई के लिए कांग्रेस संगठन को जमीन पर मजबूत कर सक्रिय करना होगा।जिलाध्यक्ष ने कहा कि ईमानदारी व मेहनत से काम करने वाले लोगों को संगठन में जगह दी जाएगी। संगठन सृजन अभियान के जिला संयोजक केशव यादव व अमरेन्द्र प्रताप मल्ल ने कहा कि मजबूत संगठन ही पार्टी की मजबूती है। हम सभी को समयबद्ध तरीके से काम करके संगठन को मजबूत बनाना होगा। पार्टी में ऊर्जावान कार्यकर्ताओं की कमी नहीं है। उन्हें संगठन सृजन अभियान में मौका देकर आगे लाया जाएगा।वरिष्ठ नेता प्रमोद नायक, गोरखलाल श्रीवास्तव, आलोक शुक्ल व विवेक श्रीवास्तव ने कहा कि सम्मिलित प्रयास से हम सभी कांग्रेस को जमीनी स्तर पर मजबूत करने में निश्चय ही सफल होंगे। हरेक कार्यकर्ता को ईमानदारी से अपनी पूरी ताकत लगाकर पार्टी को मजबूत करना होगा। बैठक का संचालन सत्येन्द्र निषाद ने किया। बैठक में वरिष्ठ नेता विक्रमादित्य प्रसाद, डॉक्टर दानपाल सिंह, अशरफ आलम, इंदु भूषण शुक्ला, जय गोविंद यादव, अमित त्रिपाठी, चंद्रप्रकाश पांडेय, अवधेश मणि त्रिपाठी, गब्बू लाल प्रजापति, बाल गोविन्द चौरसिया, कालंजय राम त्रिपाठी, आजाद बहादुर सिंह, प्रवीण तिवारी, अनवर अली, राजीव पांडेय, जय नारायण शुक्ल, अनुराग पांडेय, डॉ. चिन्मय पाण्डेय, हरि सेवक तिवारी, उत्कर्ष पाण्डेय, जयंत पाठक, बदरे आलम, महेन्द्र नाथ मिश्रा, स्नेहलता गौतम, पानमती शर्मा, नीलम सिंह, कुसुम पांडेय, उर्मिला मिश्रा, प्रवीण पासवान, जितेन्द्र पांडेय, शिव शंकर यादव, छेदी चौबे, विशाल तिवारी, धनंजय सिंह समेत बड़ी संख्या में कांग्रेस जन मौजूद रहे।

## राज शिशु शिक्षा सदन कोराव में हुई बैठक

कैनविज टाइम्स संवाददाता



कोंराव ( प्रयागराज)। राज शिशु शिक्षा सदन कोरांव में स्नातक विधायक निर्वाचन के लिए एक कार्यशाला आयोजित की गई। इस कार्यशाला में आगामी 2026 के स्नातक विधायक निर्वाचन के संदर्भ में चर्चा की गई।

मुख्य अतिथि पूर्व शिक्षक विधायक सुरेश कुमार त्रिपाठी ने कार्यकर्ताओं को अधिकतम मतदाता बनाने के लिए प्रेरित किया।कार्यक्रम में राकेश मिश्र, अशोक शुक्ल, मनोज पाण्डेय, राम प्रकाश पाण्डेय, गणेश शंकर तिवारी, शशी द्विवेदी, लक्ष्मी नारायण पाल, चन्द्रशेखर मौर्य आदि उपस्थित रहे। अपूर्व प्रकाश त्रिपाठी ने कार्यक्रम का संचालन किया।इस कार्यशाला का उद्देश्य आगामी चुनाव के लिए कार्यकर्ताओं को तैयार करना और उन्हें अधिक से अधिक मतदाताओं को जोड़ने के लिए प्रेरित करना था।

## डॉ. सौरभ मालवीय बने लखनऊ विवि के पत्रकारिता विभाग के अध्यक्ष

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। डॉ. सौरभ मालवीय को लखनऊ विश्वविद्यालय पत्रकारिता विभाग का अध्यक्ष बनाया गया है। इससे पहले वह विश्वविद्यालय में ही एसोसिएट प्रोफ़ेसर के पद पर तैनात थे। उनके मनोनयन पर तमाम गणमान्य लोगों ने हर्ष व्यक्त किया है।

डॉ. सौरभ मालवीय हिंदी पत्रकारिता एवं साहित्य के सुपरिचित हस्ताक्षर हैं। उनका जन्म उत्तर-प्रदेश के देवरिया जनपद के ग्राम पटनेजी में हुआ। माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय, भोपाल से आपने प्रसारण पत्रकारिता में स्नातकोत्तर एवं ''सांस्कृतिक राष्ट्रवाद और मीडिया'' विषय पर पीएचडी शोध उपाधि प्राप्त प्राप्त किया। डॉ. मालवीय



का वैचारिक धरातल सुस्पष्ट है। आप देश भर की विभिन्न समाचार पत्र-पत्रिकाओं एवं में समसामयिक मुद्दों पर तार्किक लेखन करते हैं। ज्वलंत एवं राजनीतिक विषयों पर आप प्रायः टीवी चर्चाओं में अपने विचार रखते हुए देखे जाते हैं। राष्ट्रवादी पत्रकारिता के शिखर पुरुष अटल बिहारी वाजपेयी, विकास के पथ पर भारत, राष्ट्रवाद और मीडिया, भारत बोध, अंत्योदय को साकार करता उत्तर प्रदेश, भारतीय राजनीति के महानायक नरेन्द्र मोदी और हिंदी पत्रकारिता के स्वर्णिम हस्ताक्षर है।

### मिल चुके हैं कई सम्मान

डॉ. सौरभ मालवीय को उत्कृष्ट कार्य एवं लेखन हेतु अनेक पुरस्कारों से सम्मानित किया जा चुका है, जिसमें विष्णु प्रभाकर पत्रकारिता सम्मान, प्रवक्ता डॉट कॉम लेखक सम्मान, लखनऊ रत्न सम्मान, अटल बिहारी वाजपेयी संवाद सम्मान,अटल श्री सम्मान, सर्वपल्ली राधाकृष्णन शिक्षक सम्मान , पंडित प्रताप नारायण मिश्र युवा साहित्यकार सम्मान आदि सम्मिलित है।

### 21 जून को मनाया जाएगा अंतरराष्ट्रीय योग दिवस: सीडीओ

**गोरखपुर।** जनपद में 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस बड़े स्तर पर मनाया जाएगा। मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) शाश्वत त्रिपुरारी ने अधिकारियों के साथ बैठक कर तैयारियों की समीक्षा की और निर्देश दिए कि योग दिवस को लेकर हर स्तर पर बेहतर समन्वय के साथ कार्य हो।सीडीओ ने बताया कि 15 से 21 जून तक योग जागरूकता सप्ताह मनाया जाएगा।

## गोरखपुर से सांसद रवि किशन शुक्ला ने दूसरे कार्यकाल का पहला वर्ष पूर्ण होने पर जताया आभार

### सांसद रवि किशन ने सोशल मीडिया के माध्यम से प्रधानमंत्री को एक शुभकामना संदेश भी लिखा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोरखपुर। भोजपुरी सुपरस्टार और गोरखपुर के सांसद रवि किशन शुक्ला ने अपने दूसरे संसदीय कार्यकाल का एक वर्ष पूर्ण होने पर जनता, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को आभार प्रकट किया है।

सांसद रवि किशन ने सोशल मीडिया के माध्यम से अपना संदेश साझा करते हुए लिखा–*''मैं हृदय से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी, पूज्य योगी आदित्यनाथ महाराज जी और गोरखपुर की देवतुल्य जनता का आभार व्यक्त करता हूं, जिन्होंने मुझ पर एक बार फिर विश्वास जताया। यह विश्वास मेरे लिए प्रेरणा और



ऊर्जा का स्रोत है। मेरा निरंतर प्रयास रहता है कि मैं समाज के लिए कार्य करूं और जनता की सेवा में समर्पित रहूं।''*उन्होंने यह भी कहा कि यह एक वर्ष सेवा, समर्पण और विकास के लिए समर्पित रहा है और आगे भी वह इसी भावना से जनहित में कार्य करते रहेंगे।रवि किशन ने अंत में एक बार फिर से ''देवदल्य जनता'' को उनके आशीर्वाद और समर्थन के लिए धन्यवाद दिया।

## गोरखपुर विश्वविद्यालय के छात्रों को मेंटरशिप प्रदान करेंगे विश्वप्रसिद्ध सेलिब्रिटी शेफ विक्रम विज

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोरखपुर। दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय ने अपने होटल प्रबंधन एवं केटरिंग संस्थान के छात्रों के लिए एक महत्वपूर्ण सहयोग की शुरुआत की है, जो उनके व्यावसायिक विकास के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगा।अपने कनाडा दौरे के दौरान विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफ़ेसर पूनम टंडन ने वैंकूवर स्थित विख्यात ल्लविज़ रेस्टोरेंटङ्क का भ्रमण किया, जो प्रसिद्ध मिशलिन गाइड में सूचीबद्ध एक प्रतिष्ठित पाक संस्थान है। इस अवसर पर उन्होंने इसके संस्थापक, विश्वप्रसिद्ध सेलिब्रिटी शेफ विक्रम विज से प्रेरणादायक भेंटवार्ता की।इस मुलाकात में शेफ विज ने विश्वविद्यालय के होटल प्रबंधन एवं केटरिंग संस्थान के छात्रों से संवाद स्थापित करने और उन्हें मार्गदर्शन देने की इच्छा जताई। प्रोफ़ेसर टंडन ने कहा, ल्लवैंकूवर स्थित 'विज़ रेस्टोरेंट' में जाकर मुझे अत्यंत प्रसन्नता हुई – जो मिशलिन गाइड में




सूचीबद्ध है और विश्वविख्यात शेफ विक्रम विज द्वारा संचालित है। हमने हमारे होटल प्रबंधन संस्थान के छात्रों के मेंटरशिप को लेकर सार्थक चर्चा की। शेफ विज शीघ्र ही हमारे छात्रों से मुलाकात करेंगे और उन्हें प्रशिक्षण सत्र देंगे।ङ्क*विक्रम विज के बारे में*विक्रम विज एक विश्वप्रसिद्ध भारतीय-कनाडाई शेफ, रेस्तरां संचालक, लेखक और उद्यमी हैं। कानपुर, भारत में जन्मे विज ने बी.एससी. (रसायन विज्ञान) की पढ़ाई के बाद उस समय असामान्य माने जाने वाले होटल प्रबंधन क्षेत्र को अपनाया। जब भारत में हॉस्पिटैलिटी क्षेत्र को अक्सर ''गृहविज्ञान'' जैसा माना जाता था और मुख्यतः महिलाओं के लिए उपयुक्त समझा जाता था, उस समय विज ने साहसिक कदम उठाते हुए ऑस्ट्रिया में होटल मैनेजमेंट की पढ़ाई की और बाद में शास्त्रीय फ्रेंच पाककला में प्रशिक्षण प्राप्त किया। 1994 में वे कनाडा प्रवास कर वैंकूवर में ''विज़ रेस्टोरेंट'' की स्थापना की, जिसने अपनी नवोन्मेषी भारतीय व्यंजनों के कारण राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ख्याति प्राप्त की। शेफ विज कनाडा के लोकप्रिय टेलीविज़न शो ल्लड्रैगन्स डेनङ्क में निवेशक के रूप में भी नजर आ चुके हैं और उन्होंने कई प्रसिद्ध कुकबुक्स लिखी हैं, जो पारंपरिक भारतीय स्वादों को आधुनिक तकनीकों के साथ जोड़ती हैं।*मिशलिन गाइड के बारे में*मिशलिन गाइड विश्व के सबसे प्रतिष्ठित रेस्तरां मूल्यांकन प्रणालियों में से एक है, जो अपनी कठोर और गुप्त समीक्षा प्रक्रिया के लिए जाना जाता है। इसमें शामिल होना भोजन, सेवा और वातावरण में उत्कृष्टता का प्रतीक माना जाता है। विज़ रेस्टोरेंट का इसमें शामिल होना इसकी पाक उत्कृष्टता और नवाचार के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है।यह सहयोग डीडीयूजीयू के छात्रों को वैश्विक दृष्टिकोण और व्यावहारिक अनुभव प्रदान करेगा। शेफ विज के साथ होने वाला संवाद अकादमिक और उद्योग के बीच संबंधों को और मजबूत करेगा तथा भावी हॉस्पिटैलिटी पेशेवरों को प्रेरणा देगा।

# राष्ट्रपति के हाथों होगा प्रदेश के पहले आयुष विश्वविद्यालय का लोकार्पण

### मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विजन का साकार रूप है गोरखपुर में बना महायोगी गुरु गोरखनाथ आयुष विश्वविद्यालय

### लोकार्पण के लिए 30 जून की तिथि संभावित, तैयारियों में जुटा प्रशासनिक अमला

### भटहट के पिपरी में 52 एकड़ में बना है आयुष विश्वविद्यालय, 267.50 करोड़ रुपये की है लागत

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोरखपुर । मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अगुवाई में नॉलेज सिटी बन रहे गोरखपुर में एक नए शैक्षिक इतिहास का सृजन होने जा रहा है। यह इतिहास गोरखपुर में सीएम योगी के विजन से बने प्रदेश के पहले आयुष विश्वविद्यालय के लोकार्पण के साथ रचा जाएगा। इसका लोकार्पण 30 जून को राष्ट्रपति



द्रोपदी मुर्मु के हाथों संभावित है। यह गोरखपुर का चौथा विश्वविद्यालय होगा और साथ ही यहां का पहला ऐसा विश्वविद्यालय जिसकी नींव भी राष्ट्रपति ने रखी और अब लोकार्पण भी राष्ट्रपति के हाथों होगा। दोनों आयोजनों में राष्ट्रपति को गोरखपुर बुलाने का श्रेय योगी आदित्यनाथ के नाम होगा। महायोगी गुरु गोरखनाथ के नाम बने आयुष विश्वविद्यालय का शिलान्यास तत्कालीन राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने किया था जबकि लोकार्पण वर्तमान राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु करेंगी। प्रदेश का पहला आयुष विश्वविद्यालय गोरखपुर जिले के भटहट क्षेत्र के पिपरी में 52 एकड़ क्षेत्रफल में बना है। इसकी स्वीकृत लागत 267.50 करोड़ रुपये है। यह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के ड्रीम प्रोजेक्ट में शामिल है और इसका शिलान्यास 28 अगस्त 2021 को तत्कालीन राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने किया था। मुख्यमंत्री के बुलावे पर आगामी 30 जून को इसका लोकार्पण राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु के हाथों संभावित है। सोमवार को जिलाधिकारी कृष्णा करुणेश के साथ महायोगी गुरु गोरखनाथ आयुष विश्वविद्यालय का निरीक्षण करने के बाद कमिश्नर अनिल ढींगरा ने बताया कि वर्तमान समय में आयुष विश्वविद्यालय का निर्माण कार्य 95 प्रतिशत से अधिक पूरा हो गया है। फैसिलिटी सेंटर, कुलपति आवास, अलग-अलग प्रकार के स्टाफ आवास पूर्ण रूपेण तैयार हैं। जबकि एकेडमिक और हॉस्पिटल ब्लॉक में सिर्फ कतिपय फिनिशिंग और बालक-बालिका छात्रावास में फाइनल कोट पेंटिंग से जुड़े कार्य शेष हैं। इन्हें भी अधिकतम अगले दस दिन में पूरा करने की हिदायत कार्यदायी संस्था को दी गई है।

### आयुष विधा के एकीकृत नियमन का माध्यम बना आयुष विश्वविद्यालय

प्रदेश के पहले आयुष विश्वविद्यालय के अस्तित्व में आने से पहले आयुर्वेद, यूनानी, होम्योपैथी, प्राकृतिक चिकित्सा, योग, सिद्धा की चिकित्सा पद्धति, जिन्हें समन्वित रूप में आयुष कहा जाता है, के नियमन के लिए अलग-अलग संस्थाएं कार्यरत रहीं। पर, राज्य के पहले आयुष विश्वविद्यालय के अस्तित्व में आने के बाद प्रदेश के सभी राजकीय और निजी आयुष कॉलेजों का नियमन अब इसी विश्वविद्यालय से ही होता है। वर्तमान सत्र में प्रदेश के करीब सौ आयुष शिक्षण (आयुर्वेद, होम्योपैथी और यूनानी) के कॉलेज/संस्थान इस विश्वविद्यालय से संबद्ध हैं।

### आयुष ओपीडी में अबतक एक लाख से अधिक मरीज ले चुके हैं परामर्श लाभ

आयुष विश्वविद्यालय में आयुष ओपीडी का शुभारंभ 15 फरवरी 2023 को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किया था। तब से प्रतिदिन यहां आयुर्वेद, होम्योपैथी और यूनानी की ओपीडी में औसतन 300 मरीज परामर्श लेते हैं। ओपीडी शुभारंभ के बाद अब तक करीब एक लाख से अधिक लोग आयुष चिकित्सकों से परामर्श लाभ ले चुके हैं। जल्द ही यहां आयुष अस्पताल शुरू होने से आयुर्वेद, यूनानी, होम्योपैथ योग, प्राकृतिक चिकित्सा पद्धति आदि से उपचार की बेहतरीन सुविधा भी उपलब्ध होने लगेगी।

### हेल्थ टूरिज्म और औषधीय खेती को मिलेगा बढ़ावा, सृजित होंगे रोजगार के अवसर

आयुष चिकित्सा पद्धति को बढ़ावा देने से आयुष हेल्थ टूरिज्म में रोजगार की संभावनाएं भी सृजित होंगी। इस पर गंभीरता से काम किया गया तो प्रदेश के इस पहले आयुष विश्वविद्यालय के आसपास के गांवों के लोगों को रोजगार के किसी न किसी स्वरूप से जोड़ा जा सकता है। आयुष विश्वविद्यालय के पूर्णतः क्रियाशील होने से किसानों की खुशहाली और नौजवानों के लिए नौकरी-रोजगार का मार्ग भी प्रशस्त होगा। लोग आसपास उगने वाली जड़ी बूटियों का संग्रह कर अतिरिक्त आय अर्जित कर सकेंगे। किसानों को औषधीय खेती से ज्यादा फायदा मिलेगा। आयुष विश्वविद्यालय व्यापक पैमाने पर रोजगार और सकारात्मक परिवर्तन का कारक बन सकता है।

### एमजीयूजी में ऑडिटोरियम का उद्घाटन और स्टेडियम का शिलान्यास भी महामहिम के हाथों संभावित

महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर (एमजीयूजी) में नवनिर्मित ऑडिटोरियम का लोकार्पण और स्टेडियम का शिलान्यास भी महामहिम राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु के हाथों 30 जून को संभावित है।

### एम्स के पहले यूजी बैच के दीक्षांत समारोह में भी राष्ट्रपति के शामिल होने की उम्मीद

30 जून को संभावित राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु के दौरे पर यह उम्मीद भी जताई जा रही है कि वह गोरखपुर एम्स में यूजी (एमबीबीएस) के पहले बैच के दीक्षांत समारोह में भी शामिल हो सकती हैं। *अगले दौरे पर आयुष विश्वविद्यालय का निरीक्षण कर सकते हैं मुख्यमंत्री*महायोगी गुरु गोरखनाथ आयुष विश्वविद्यालय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की दूरदर्शी सोच का जीवंत रूप है। इसका शिलान्यास उन्होंने राष्ट्रपति से कराया तो अब लोकार्पण भी देश के प्रथम नागरिक के हाथों कराने की तैयारी है। वह कई बार आयुष विश्वविद्यालय के निर्माण कार्यों का जायजा ले चुके हैं। उम्मीद की जा रही है कि अगले गोरखपुर दौरे पर एक बार फिर आयुष विश्वविद्यालय का निरीक्षण कर सकते हैं।

अखिल भारतीय भोजपुरी समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रभुनाथ राय के नेतृत्व में

# मुख्यमंत्री के 53वें जन्मदिन पर दी शुभकामनायें



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। अखिल भारतीय भोजपुरी समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रभुनाथ राय के नेतृत्व में विश्व पर्यावरण दिवस एवं उत्तर प्रदेश के लोक प्रिय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के 53 वें जन्मदिन पर शुभकामनाये देते हुए भव्य एवं दिव्य तरह से अखिल भारतीय भोजपुरी समाज के सभी लोग जन्मदिन 5 जून 2025 को मनायेगे। सुबह 11बजे हजरतगंज दक्षिण मुखी श्री हनुमान जी मंदिर पर परम पूज्य योगी आदित्यनाथ महराज जी के लिए पूजा पाठ, फल एवं मिष्ठान वितरण तथा स्वास्थ्य और दीर्घायु के लिए हनुमान जी से सभी लोग प्रार्थना करेगे। इसके बाद छठ घाट लक्ष्मण मेला मैदान गोमतीतट लखनऊ मे 5 जून 2025 को दिन के 12:30 वृक्षारोपण करेगें । क्योंकि योगी आदित्यनाथ पर्यावरण संरक्षण के प्रति हमेशा जागरूक रहकर अधिक से अधिक वृक्षारोपण का संदेश देते रहते है।

# निगोहां क्षेत्र में तेज बारिश और तुफान से हुआ नुकसान

कैनविज टाइम्स संवाददाता

निगोहां, लखनऊ । निगोहा क्षेत्र में बुधवार की दोपहर अचानक हुई तेज बारिश और तूफान ने लोगों की रोजमर्रा की जिंदगी को अस्त-व्यस्त कर दिया। कई इलाकों में भारी नुकसान हुआ हैं। तेज हवाओं और ओलों के साथ हुई तेज बारिश ने जहां ग्रामीणों के आशियानों को नुकसान पहुंचाया, वहीं बिजली व्यवस्था भी पूरी तरह ठप हो गई। तेज तूफान की चपेट में आकर कई घरों की टीन की छतें उड़ गईं। ग्रामीणों के अनुसार बुधवार की दोपहर आए इस तूफान ने लोगों को संभलने का मौका तक नहीं दिया। कई स्थानों पर पेड़ गिरने से रास्ते भी अवरुद्ध हो गए हैं। आम और जामुन के बड़े-बड़े पेड़ तेज हवाओं के कारण धराशाई हो गए, जिससे किसानों को भी नुकसान उठाना पड़ा है।

निगोहा क्षेत्र के नंदौली गांव में भीषण बारिश और तेज तूफान ने सरकारी



संपत्तियों को भी नुकसान पहुंचाया। गांव के प्राथमिक विद्यालय की बाउंड्री वॉल तेज हवा और पानी के दबाव में गिर गई। ग्रामीणों का कहना है कि अगर यह हादसा स्कूल खुले हुआ होता, तो बच्चों की जान

### नंदौली गांव में विद्यालय की बाउंड्री दिवाल गिरी, लाखों का नुक़सान

को खतरा हो सकता था। हालांकि ग्रामीणों का कहना है कि इसमें सरकारी विद्यालय की बाउंड्री वॉल गिरने से सरकारी सम्पत्ति का लाखों का नुक़सान हुआ है।

### बिजली आपूर्ति ठप, ग्रामीणों में रोष

तूफान के चलते क्षेत्र की बिजली व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। कई गांवों में बिजली के खंभे गिर गए हैं और तार टूटने के कारण आपूर्ति पूरी तरह बाधित है। लोग मोबाइल चार्ज न होने, पेयजल आपूर्ति में रुकावट और गर्मी के कारण बेहद परेशान हैं। ग्रामीणों ने तहसील प्रशासन से शीघ्र सर्वेक्षण कराकर नुकसान की भरपाई की मांग की है। वहीं, विद्युत विभाग की टीमों को भी जल्द से जल्द व्यवस्था बहाल करने के लिए भेजा जाए, यह मांग ग्रामीणों की ओर से की जा रही है।

# रिवर बैंक कालोनी क्षेत्र में सुबह से ही मिलती है देशी शराब




कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। कोतवाली वजीर गंज की रिवरबैंक कालोनी की पुलिस चौकी या तो अपना काम ठीक से नही कर रही या कुछ काम ऐसे हैं जो उसकी पैनी नज़र से बचे हुए हैं बता दें कि रिवर बैंक कालोनी क्षेत्र मे देशी शराब की बिक्री ज़ोरो पर है वहां समय की कोई पाबंदी नही है शराब के शौक़ीनो को दुकानदार हर समय शराब उपलब्ध करा रहे हैं इस क्षेत्र मे सुबह भी दुकान की गेट के बाहर पैसा दो देशी लो का खेल चलता रहता है इसकी सूचना हम तक तो आ गई अब शायद वजीरगंज पुलिस और रिवर बैंक कालोनी स्थित चौकी भी इस बात की तहकीकत करेगी और इस तरह 24 घंटे परोसी जा रही शराब की बिक्री पर रोक लगाते हुए मानकों के आधार पर ही इसकी बिक्री के लिए कोई ठोस कदम उठाएगी।

# जनहित में सौंपे जिलाधिकारी को 06 सायरन



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। लखनऊ व्यापार मंडल के अध्यक्ष एवं चीफ वार्डन सिविल डिफेंस अमरनाथ मिश्रा ने बताया कि जिलाधिकारी कार्यालय में अब्दुल कलाम हॉल में जिलाधिकारी विशाख को उनके द्वारा 06 आपातकालीन प्रयोग होने वाले सायरन जनहित में प्रदान किये गए। इस अवसर पर अमरनाथ मिश्र ने बताया कि शहर में कई स्थानों पर लगे साइरन में से कई खराब हो गए हैं इसलिए सामाजिक सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए ये साइरन जिलाधिकारी को सौंप रहें है।

# रामपुर गढ़ी में नलकूप की बिल्डिंग हुई जर्जर हादसे को दें रही दावत, अधिकारी बेखबर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

निगोहा, लखनऊ । मोहनलालगंज विकासखंड के रामपुर गढ़ी गांव में स्थित राजकीय नलकूप संख्या 59 की बिल्डिंग खस्ताहाल हो चुकी है। नलकूप की दीवारें तिरछी होकर झुक गई हैं और कभी भी धराशायी हो सकती हैं, जिससे आस-पास रहने वाले लोगों और किसानों को खतरा बना हुआ है।

ग्रामीणों के अनुसार इस नलकूप की तीन बार मरम्मत हो चुकी है, लेकिन मजबूती से काम नहीं कराया गया। पिछले चार महीने से विभागीय अधिकारियों को जानकारी दी जा रही है, लेकिन अब तक कोई सुनवाई नहीं हुई है। ग्रामीण रामकुमार ने बताया कि पहले भी रामपुर गांव में एक नलकूप की बिल्डिंग गिर चुकी है, लेकिन विभाग ने कोई सबक नहीं लिया। अब यह बिल्डिंग भी उसी रास्ते पर है। वहीं दूसरी तरफ, हरिहरपुर पटसा गांव में नलकूप संख्या 85 की मोटर और स्टार्टर महीनों से जली पड़ी है, जिससे सैकड़ों बीघा खेतों की सिंचाई रुक गई है। किसान परेशान हैं और विभाग से बार-बार गुहार लगा चुके हैं, लेकिन कोई समाधान नहीं निकला। इन दोनों नलकूपों के खराब होने से इलाके के कई गांवों के किसान पानी को लेकर परेशान हैं। गर्मी के इस मौसम में जहां खेती के लिए पानी सबसे जरूरी होता है, वहीं सरकारी नलकूपों की ऐसी हालत ने किसानों की नींद उड़ा दी है। गांव वालों ने प्रशासन को चेतावनी दी है कि अगर जल्द मरम्मत नहीं कराई गई, तो वे धरना-प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे। ग्रामीणों ने उच्चाधिकारियों से मांग की है कि जर्जर नलकूप भवन की जल्द मरम्मत कराई जाए और बंद पड़े नलकूप को तत्काल चालू किया जाए।



नलकूप संख्या 59 कभी भी हो सकती है धराशायी
नलकूप संख्या 85 की मोटर महीनों से खराब

# धूमधाम से मनाया 17वाँ स्थापना दिवस



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । बीबीडी कैम्पस स्थित श्री सिद्धि गणेश मंदिर का 17वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर बीबीडी एजूकेशनल ग्रुप की चेयरपर्सन अलकादास गुप्ता एवं बीबीडी ग्रुप के प्रेसीडेंट विराज सागर दास, वाइस प्रेसीडेंट देवांशी दास एवं सोनाक्षी दास ने मौजूद रही।

# प्रेम प्रसंग में पड़ी पत्नी ने भांजे के साथ मिलकर पति को उतरा था मौत के घाट

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बंथरा। क्षेत्र के दरियापुर मजरा गढ़ी चुनौटी में बीती 25 मई को रेलवे कर्मचारी का संदिग्ध अवस्था में मिले शव का 10 दिन बाद बुधवार को बंथरा पुलिस व सर्विलांस सेल दक्षिणी की टीम द्वारा संयुक्त प्रयास से खुलासा कर दिया गया। पुलिस टीमों की छानबीन के बाद पता चला कि मृतक रेलवे कर्मी सिद्धि प्रसाद की हत्या उसी की पत्नी वादिनी मंजू देवी उम्र करीब 38 वर्ष ने आकाश वर्मा उर्फ लकी पुत्र ओमप्रकाश उम्र 25 वर्ष निवासी नरपत खेड़ा थाना पारा (मृतक का भांजा) के साथ मिलकर रस्सी के सहारे गला घोंटकर कर दी थी, बाद में लोहे के पाइप से सर पर वार करके शव को घर के पीछे झाड़ियां में बने गड्ढे में फेंक दिया था। पुलिस ने दोनों अभियुक्तों को गिरफ्तार करते हुए न्यायालय भेज दिया। बताते चलें कि 25 जून को मृतक की पत्नी मंजू देवी ने बंथरा थाने पर सूचना दी थी कि 24 मई की रात्रि 10:30 बजे से मृतक सिद्धि प्रसाद का कहीं पता नहीं चला है इसके बाद काफी खोजबीन के बाद अगले दिन शाम को उनका शव घर के पीछे बने तालाब की झाड़ियां में



बने गड्ढे में पड़ा हुआ मिला था शव के सर पर चोट के गहरे निशान थे, पुलिस ने मुकदमा दर्ज करते हुए खुलासे के लिए सर्विलांस की भी मदद ली थी इसके बाद पुलिस टीम द्वारा छानबीन करते हुए साक्ष्य के आधार पर मृतक सिद्धि प्रसाद की पत्नी मंजू देवी व आकाश वर्मा उर्फ लकी (मृतक का भांजा) को गिरफ्तार किया है। पुलिस जांच में आकाश वर्मा उर्फ लकी ने बताया कि मृतक सिद्धि प्रसाद उसके मामा लगते थे इसलिए उनके घर आना जाना था जिससे मृतक की पत्नी मंजू देवी से उसके प्रेम संबंध हो गए और फोन पर अक्सर बातें होती रहती थीं। मंजू देवी अपने पति की नशे व अय्याशी की लत से बहुत परेशान थी वह अपना सारा पैसा जुएं में खर्च कर देता था यहां तक की बच्चों की फीस भी नहीं जमा करता था और ना ही खर्चा देता था इससे पति-पत्नी में अक्सर लड़ाई झगड़ा हुआ करता था। मृतक की पत्नी ने आकाश वर्मा को बताया कि वह अपने पति से बहुत परेशान है तथा इसके बाद इन दोनों ने योजनाबद्ध तरीके से आकाश के दोस्त संजय कश्यप जो गोंडा का रहने वाला है के साथ में महेश नमकीन कंपनी में काम भी करते थे को 40 हजार,रुपए देने की बात कहकर सिद्धि प्रसाद की हत्या के लिए राजी किया और एडवांस में संजय को 5 हजार रुपए भी मंजू देवी से लेकर दिए शेष पैसा बाद में देने को कहा था। योजनानुसार 24 मई को परिवार के सभी सदस्य जब शादी में चले गए तो मंजू द्वारा अपने मोबाइल से आकाश वर्मा से संपर्क कर मृतक की हत्या के लिए सही अवसर बताते हुए बुलाया गया इसके उपरांत आकाश वर्मा एवं संजय कश्यप द्वारा मृतक सिद्धि प्रसाद की घर में ही रस्सी से गला कसकर हत्या कर दी गई बाद में लोहे के पाइप से सर के पीछे वार कर दिया गया तथा शव को घर के पीछे गड्ढे में फेंक दिया गया साथ ही उसके कपड़े चप्पल व मोबाइल भी शव के पास ही रख दिया गया। पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त लोहे का पाइप व रस्सी को भी अभियुक्तों की निशानदेही पर बरामद कर लिया है।

## पर्यावरण दिवस की पूर्व संध्या पर सांसद ने किया पौधारोपण



कैनविज टाइम्स सरोजनीनगर-लखनऊ। बुधवार को सरोजनी नगर विधानसभा क्षेत्र के ग्रामसभा मौंदा में यूनिक इंडिया फाउंडेशन द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस की पूर्व संध्या पर आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रम में सासंद आर के चौधरी ने स्कूल प्रांगड़ में कई पौधों का रोपण किया एवं कार्यक्रम में मौजूद छात्र छात्रों को संबोधित किया। इस अवसर पर जिला महासचिव शब्बीर अहमद खान, जिला उपाध्यक्ष बचान सिंह यादव, सांसद प्रतिनिधि उमाशंकर वर्मा समेत सैकडो स्थानीय लोग मौजूद रहे।

## बीटेक में प्रवेश के लिए अब तक करीब 23 हजार अभ्यर्थियों ने कराया पंजीकरण

लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। डॉ0 एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय से संबद्ध इंजीनिरिंग संस्थानों के बीटेक पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए प्रथम चरण की काउंसलिंग प्रक्रिया में अब तक करीब 23 हजार अभ्यर्थियों ने अपना पंजीकरण कराया है। जबकि करीब नौ हजार ने शुल्क भी जमा कर दिया है। पंजीकरण में अभ्यर्थियों को विभिन्न जानकारी के साथ ही प्रमाणपत्र आदि की जानकारी भरनी है। पंजीकरण 30 जून तक चलेगा। इस बार जेईई मेंस की मेरिट के साथ ही सीयूईटी यूजी और 12वीं पास अभ्यर्थियों को भी प्रवेश का मौका दिया जाएगा।

## लखनऊ विश्वविद्यालय के पत्रकारिता विभाग के अध्यक्ष बने डॉ.सौरभ मालवीय

लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता। लखनऊ विश्वविद्यालय के पत्रकारिता विभाग के सह आचार्य डॉ.सौरभ मालवीय को पत्रकारिता विभाग का विभागाध्यक्ष बनाया गया है। डॉ. मालवीय विभिन्न समाचार पत्र-पत्रिकाओं में समसामयिक मुद्दों पर तार्किक लेखन करते हैं। ज्वलंत एवं राजनीतिक विषयों पर वे प्रायः टीवी चैनलों पर विमर्श में मिल होते हैं। उन्होंने राष्ट्रवादी पत्रकारिता के शिखर पुरुष अटल बिहारी वाजपेयी, विकास के पथ पर भारत, राष्ट्रवाद और मीडिया, भारत बोध, अंत्योदय को साकार करता उत्तर प्रदेश, भारतीय राजनीति के महानायक नरेन्द्र मोदी और हिंदी पत्रकारिता के स्वर्णिम हस्ताक्षर पुस्तकें लिखी हैं। आपको उत्कृष्ट कार्य एवं लेखन हेतु अनेक पुरस्कारों से सम्मानित किया जा चुका है, जिसमें विष्णु प्रभाकर पत्रकारिता सम्मान, प्रवक्ता डॉट

# गजनी मोड में चली गई है योगी सरकार : संजय सिंह

### शिक्षक भर्ती संबंधी ट्वीट को डिलीट करने को लेकर आप सांसद ने ली चुटकी

### सांसद ने कहा, बेरोजगारी की मार झेल रहे युवाओं की उम्मीदों से खेल रही है सरकार




कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में शिक्षक भर्ती के मुद्दे पर आप सांसद संजय सिंह ने योगी आदित्यनाथ की सरकार र जोरदार हमला बोला। उन्होंने कहा कि गरीबी और बेरोजगारी की मार झेल रहे उत्तर प्रदेश के युवाओं की उम्मीदों से खेल रही है। आप प्रदेश कार्यालय में शिक्षक भर्ती के मामले में हुई महत्वपूर्ण प्रेस वार्ता के मौके पर आप प्रदेश प्रभारी व राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने कहा कि प्रयागराज में छात्रों का बहुत बड़ा आंदोलन चल रहा है जिसमें वह 90000 शिक्षकों की भर्ती की बात कर रहे हैं, जबकि उत्तर प्रदेश सरकार कह रही है कि हमारे यहां 1 लाख 93 हज़ार पद खाली हैं। सांसद संजय सिंह ने कहा कि आदित्यनाथ सरकार का कहना था कि यह भर्तियां तीन चरण में होगी और प्रत्येक चरण में 65,000 भर्तियां की जाएंगी, जो कि मार्च 2026 तक पूरी कर ली जाएगी। उन्होंने अपनी बात को जारी रखते हुए कहा कि सरकार के इस ट्वीट के बाद छात्रों में खुशी की लहर दौड़ गई। लेकिन कुछ ही समय के बाद उत्तर प्रदेश सरकार के ऑफिशियल हैंडल से इस ट्वीट को डिलीट कर दिया गया। सांसद संजय सिंह ने प्रदेश सरकार की इस हरकत पर चुटकी लेते हुए कहा कि ऐसा लगा मानो सरकार ''गजनी मोड'' में चली गई है, अब उसे ध्यान नहीं की उसने क्या ट्वीट किया था।

इसके अलावा सांसद संजय सिंह ने कहा कि 2004 में बीटीसी प्रशिक्षित शिक्षकों की भर्ती की गई थी। उन्होंने कहा कि जाहिर सी बात है कि 2004 से पहले ओल्ड पेंशन स्कीम लागू थी और 2004 के बाद नई पेंशन स्कीम लागू हो गई ऐसे में प्रदेश सरकार 35000 शिक्षकों के लिए कह रही है कि अब उन्हें पुरानी पेंशन नहीं देगी भले ही आपकी भर्ती की प्रक्रिया 2004 में शुरू हुई हो, प्रदेश सरकार का तर्क है की बीटीसी प्रशिक्षण शिक्षकों की ट्रेनिंग 2005 में ही पूरी हुई है। आप प्रदेश प्रभारी व सांसद संजय सिंह का कहना है कि जब भर्ती की प्रक्रिया 2004 में शुरू हुई तो नियम भी 2004 के ही लागू होने चाहिए। छात्रों से जुड़े हुए ही एक तीसरी महत्वपूर्ण मुद्दे पर ध्यान दिलाते हुए सांसद संजय सिंह ने कहा कि लखनऊ में भी शिक्षामित्रों के मानदेय को बढ़ाने के लिए आंदोलन चल रहा है। उन्होंने कहा कि मैंने शिक्षामित्रों का मामला सड़क से लेकर संसद तक एक नहीं अनेकों बार उठाया है लेकिन यह प्रदेश सरकार की निर्ममता की पराकाष्ठा है की बहुत सारे शिक्षा मित्र रेल की पटरी पर कट गए आत्महत्या कर गए, लेकिन आज तक ना उनका मानदेय बढ़ाया गया ना ही उन्हें नियमित करने की कोई कार्रवाई की गई।

### बीफ एक्सपोर्ट में भारत नम्बर 2

गाजियाबाद के विधायक के बकरीद में बकरी की जगह केक काटकर इको फ्रेंडली बकरीद मनाने के सवाल पर राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने कहा कि पीएम मोदी के राज में पिछले 11 सालों में भारतवर्ष बीफ एक्सपोर्ट में दुनिया के दूसरे नंबर का देश बन गया है।

# व्यास जी की सातवीं पुण्यतिथि पर भण्डारे का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

काकोरी लखनऊ । काकोरी नगर में श्रद्धेय स्व.गिरिजा शंकर द्विवेदी''व्यास जी'' की सप्तम पुण्यतिथि पर बुधवार को व्यास जी कॉम्प्लेक्स शहतूत तला मोहल्ला,काकोरी में पुष्पांजलि एवं भंडारा का कार्यक्रम आयोजित किया गया।पुष्पांजलि अर्पित करने के बाद पूर्व मंत्री वीरेंद्र तिवारी ने भंडारा प्रारंभ करके स्वयं प्रसाद का वितरण किया।भंडारे का उनकी पत्नी विमलेश द्विवेदी,पुत्र ओमहरि द्विवेदी,शिवहरि द्विवेदी सहित अन्य परिजन आयोजन करते हुए श्रृद्धासुमन अर्पित कर भवभीनी श्रद्धांजलि दी।श्रृद्धांजलि देने वालों में मुख्य रूप से वरिष्ठ भाजपा नेता एवं पूर्व मंत्री वीरेंद्र तिवारी,भाजपा जिलाध्यक्ष विजय मौर्य,ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि शिशिर यादव,चेयरमैन रोहित साहू,ग्रामीण पत्रकार कल्याण समिति उत्तर प्रदेश



चेयरमैन केशरी राव धारा सिंह यादव,सभासद मनीष गुप्ता,रविराज लोधी,विपिन राजपूत गोपी,कमलेश लोधी,विनय निगम,कमल सैनी,प्रज्ज्वल गुप्ता,विनय कौशिक,ज्ञान सिंह,कौशिक राजपूत सहित अन्य लोगों ने बड़ी संख्या में पहुंच कर श्रृद्धांजलि अर्पित कर भंडारे में प्रसाद चखा।

# पर्यावरण शुद्धिकरण के लिए अग्निहोत्र कार्यक्रम आयोजित

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सीतापुर। कृषि एवं पर्यावरण की शुद्धि को समर्पित परंपरागत भारतीय पद्धति अग्निहोत्र कृषि पर आधारित एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन कृषि विज्ञान केन्द्र, कटिया, सीतापुर एवं भारतीय किसान संघ, सीतापुर के संयुक्त तत्वावधान में सम्पन्न हुआ। इस विशेष आयोजन में जनपद सीतापुर के विभिन्न क्षेत्रों से आए लगभग 200 कृषकों ने भाग लिया।

प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ प्रातः 10 बजे हुआ, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में माधव आश्रम, भोपाल की संचालिका एवं अंतरराष्ट्रीय ख्यातिप्राप्त आध्यात्मिक मार्गदर्शिका आदरणीया नलिनी माधव जी ने प्रतिभाग किया। उन्होंने अपने संबोधन में अग्निहोत्र विधि के आध्यात्मिक, पर्यावरणीय और वैज्ञानिक महत्व को स्पष्ट करते हुए इसे भारतीय कृषि की आत्मा बताया। उन्होंने कहा कि ल्लअग्निहोत्र केवल एक अनुष्ठान नहीं, बल्कि धरती को उर्वर और पर्यावरण को शुद्ध रखने का एक प्राकृतिक माध्यम है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कृषि विज्ञान केन्द्र कटिया, सीतापुर के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. दया एस. श्रीवास्तव ने की। उन्होंने प्रतिभागियों को विज्ञान आधारित कृषि को परंपरा से जोड़ने की आवश्यकता पर बल देते हुए बताया कि ऐसी विधियाँ कृषकों के मानसिक, सामाजिक एवं आर्थिक सशक्तिकरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. आर. एल. श्रीवास्तव (सेवानिवृत्त वैज्ञानिक, चन्द्रशेखर आज़ाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, कानपुर) तथा श्रीमती पूनम मिश्रा (समाजसेविका एवं गोपालक) मंच पर उपस्थित रहीं। भारतीय किसान संघ, सीतापुर की जिला महामंत्री श्रीमती सरस्वती सिंह ने भी विशेष अतिथि के रूप में अपने विचार प्रस्तुत किए। शिविर में अग्निहोत्र कृषि का प्रशिक्षण पंकज जी एवं डॉ. विवेक जी द्वारा प्रदान किया गया, जिन्होंने अग्निहोत्र की वैज्ञानिक पृष्ठभूमि, विधि-विधान एवं कृषि पर इसके प्रभाव पर विस्तार से चर्चा की। वीरेन्द्र सिंह पूर्व कृषि अधिकारी, कमलेश पाण्डेय पूर्व निदेशक आरसेटी की विशेष उपस्थिति रही। सभी प्रतिभागियों को प्रशिक्षण पूर्ण होने के उपरांत प्रमाण पत्र वितरित किए गए। दस सर्वश्रेष्ठ प्रतिभागियों को ट्राफी प्रदान कर सम्मानित किया गया एवं माधव आश्रम भोपाल द्वारा कृषि विज्ञान केन्द्र के अध्यक्ष डॉ दया शंकर श्रीवास्तव को अग्निहोत्र किट भेंट स्वरूप प्रदान की गई। कार्यक्रम का विशेष आकर्षण शाम सामूहिक अग्निहोत्र रहा, जिसमें 200 से अधिक कृषक एवं उनके परिजनों ने भाग लिया। यह आयोजन केन्द्र परिसर में अत्यंत श्रद्धा और आस्था के वातावरण में सम्पन्न हुआ, जहाँ अग्निहोत्र के माध्यम से सकारात्मक ऊर्ज़ा, पर्यावरणीय संतुलन और भूमि शुद्धिकरण का संदेश दिया गया। प्रेरणा स्रोत विद्याधर वाजपेई जी रहे, जिनकी संकल्पशक्ति से यह आयोजन आकार ले सका। श्रीकंात त्रिपाठी (पूर्व प्रधानाध्यापक) द्वारा अपने अनुभव साझा किए गए, वहीं कमलेश यादव द्वारा प्रस्तुत कविता पाठ ने कार्यक्रम को भावनात्मक ऊँचाई प्रदान की। अतिथियों को आयोजकों द्वारा स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।आयोजन मे कुंवर रोहित सिंह एवं श्वेतांक त्रिपाठी का योगदान सराहनीय रहा।

## मनरेगा के तहत हो रहे कार्यों में लगाई जा रही फर्जी हाजिरी

**मछरेहटा – सीतापुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जिले में मनरेगा (महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम) के तहत कई गंभीर भ्रष्टाचार और अनियमितताओं के मामले सामने आए हैं। विकास खण्ड मछरेहटा की ग्राम पंचायत राजागाव में फर्जी हाजिरी लगाने का कार्य किया जा रहा है । नाम मात्र मजदूरो से कार्य करवाया जा रहा है। जबकि पोर्टल आधा सैकड़ा से ज्यादा मजदूरो की हाजरी लगाई जा रही है। ग्राम प्रधान, रोजगार सेवक और पंचायत सचिव द्वारा लगाई गई फर्जी के धन का आपस मे बंदरबांट किया जा रहा है। योगी सरकार जहाँ एक तरफ भ्रष्टाचार को खत्म करने का हर संभव प्रयास कर रही है वही दूसरी तरफ ग्राम प्रधान , पंचायत सचिव व रोजगार सेवक अपनी पूरी ताकत के साथ भ्रष्टाचार को मजबूत बनाने का कार्य किया जा रहा है। जब कि ब्लॉक स्तर के जिम्मेदार अधिकारियो का कहना है कि जब तक फोटो में चेहरा नही दिखेगा तब हाजरी नही लगेगी फिर कैसे ये कैसे लग रही है हाजरी।

## मनरेगा के जादुई खेल में नजरबंद हुई जिम्मेदारों की नज़रें

**बेहटा,सीतापुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** आए दिन ब्लॉक बेहटा में मनरेगा भ्रष्टाचार की मधुर गूंज किसी न किसी पेपर के माध्यम से गूंजती ही रहती है जैसे 5 बजे के बाद अटेंडेंस अपलोड करना 4 बजे तक 5, 6 बजते,बजते संख्या 100 हो जाना एक व्यक्ति के नाम दर्जनों मस्टर रोल जारी करना,आदि,आदि ऐसा हीं मामला ब्लॉक की ग्राम पंचायत खैरी पट्टी में देखने को मिला जहां पर10/5/2025 से 23/5(2025 तक गांव के पूरब तालाब खुदाई कार्य के नाम पर एक ही व्यक्तियों के नाम पर दर्जनों मस्टर रोल जारी किए गए उदाहरण मस्टररोल नम्बर 2251/2262/2263 एक ही दिन एक ही फ़ेश से जारी किए गए इसी प्रकार 10/5/2025 को गांव के पूरब तालाब खुदाई के नाम पर मस्टररोल संख्या 1552/1553/1554/1555/1556 व 24/5/2025 को इसी काम के नाम पर मस्टररोल संख्या 2261/2262/2263 व गौशला निर्माण के नाम पर मस्टररोल संख्या 2615 व 2616 एक ही फ़ेश से अपलोड कर दी गई जो सरासर फर्जी लेवर दिखाकर शासकीय धन का दुरूपयोग किया गया है जब इस संबंध में कैनविज टाइम्स संवाददाता द्वारा एपीओ मनरेगा बेहटा से फोन पर बात की गई तो उनके द्वारा बताया गया इसकी पुष्टि करवाई जाएगी ।

## गठित कमेटी ने की ग्राम पंचायत सकरारा की जांच

**मछरेहटा – सीतापुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** विकास खण्ड की मछरेहटा की ग्राम पंचायत सकरारा निवासी राम अवध ने डीएम को विकास कार्यों में अनियमितताओं के संबधित शिकायती पत्र दिया था। डीएम ने दो सदस्यीय जांच कमेटी गठित की थी। इसमें जिला खेल अधिकारी संजीव कुमार व लघु सिंचाई विभाग के एई संदीप कुमार शामिल हैं। मंगलवार को टीम ने सकरारा ग्राम पंचायत में रिबोर नल, मरम्मत कार्य, अमृत सरोवर, आंगनबाड़ी केंद्र व अन्य विकास कार्यों की जांच की। जांच टीम ने प्रधान व सचिव से विकास कार्य संबंधी प्रपत्र मांगे तो वह मौके पर दिखा नहीं सके।

## सड़क दुर्घटना में नगर पालिका में कार्यरत बैरियर मैन रीता शुक्ला की मौत

**सीतापुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** बिसवां में एक सड़क दुर्घटना में नगर पालिका में कार्यरत बैरियर मैन रीता शुक्ला की मौत हो गई। रीता अपने पति श्याम शुक्ला के साथ बाइक पर ड्यूटी से घर लौट रही थीं। इसी दौरान पीछे से आ रही रोडवेज बस ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में रीता को गंभीर चोटें आईं। उन्हें तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिसवां ले जाया गया। डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया ।घटना की जानकारी मिलते ही बिसवां नगर पालिका अध्यक्ष और अन्य अधिकारी–कर्मचारी मौके पर पहुंचे। कोतवाली पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। इस दुर्घटना से परिवार में शोक की लहर है।

# तेंदुए के आतंक कहर थर्राया गाजर, युवक पर हमला

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखीमपुर खीरी । बुधवार सुबह मुंह अंधेरे नगर पंचायत धौरहरा क्षेत्र में उस समय अफरा-तफरी मच गई जब एक हिंसक तेंदुए ने साइकिल से घर लौट रहे युवक पर हमला कर दिया। हमले में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने साहस दिखाते हुए शोर मचाकर तेंदुए को भगाया, जिससे युवक की जान बच सकी। घटना के बाद से इलाके में भय और दहशत का माहौल बना हुआ है। जानकारी के अनुसार, धौरहरा कस्बे के मोहल्ला मनिहार वार्ड में रिश्तेदारी में आए 25 वर्षीय रसीद पुत्र अब्दुल रज्जाक, निवासी ग्राम अदलीशपुर, बुधवार सुबह लगभग 5:30 बजे अपने मामा के घर से साइकिल से अपने गांव लौट रहा था। रास्ते में घने पेड़ों और झाड़ियों के बीच छिपे तेंदुए ने अचानक उस पर हमला कर दिया। तेंदुए ने रसीद को नीचे गिरा लिया और उस पर झपट पड़ा। चीख-पुकार सुनकर आसपास के राहगीर और ग्रामीण मौके पर पहुंचे और शोर मचाकर तेंदुए को भगाने में कामयाब रहे। इस दौरान तेंदुआ जंगल की ओर भाग गया। हमले में युवक के शरीर पर गहरे नाखूनों के करीब आधा दर्जन से ज्यादा घाव पाए गए हैं। युवक को लहूलुहान हालत में तत्काल स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) ले जाया गया। घटना की जानकारी मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। फॉरेस्टर राजेश दीक्षित ने बताया कि घायल को प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों की निगरानी में रखा गया है और उसकी हालत अब खतरे से बाहर है। वन विभाग ने क्षेत्र में गश्त बढ़ा दी है और तेंदुए की तलाश के लिए टीम गठित की गई है। साथ ही स्थानीय ग्रामीणों को सावधानी बरतने और आवश्यक कार्यों के अलावा अकेले बाहर न निकलने की सलाह दी गई है रेंजर नृपेन्द्र चतुर्वेदी।

# रामचरित मानस पाठ एवं विशाल भंडारे का आयोजन

❒ जनप्रतिनिधियों व आमजन ने किया प्रसाद ग्रहण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सीतापुर। प्रमुख समाजसेवी एवं भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सक्रिय नेता सागर गुप्ता द्वारा भव्य रामचरित मानस पाठ एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इस धार्मिक आयोजन में क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं भारी संख्या में आम नागरिकों ने भाग लेकर धर्मलाभ प्राप्त किया।

कार्यक्रम की शुरुआत श्रीरामचरितमानस के पावन पाठ से हुई, जिसमें विद्वान आचार्यों एवं पंडितों ने भावपूर्ण संगीतमय प्रस्तुति दी। धार्मिक वातावरण से संपूर्ण क्षेत्र भक्तिमय हो गया। पाठ के उपरांत विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं एवं आगंतुकों ने प्रसाद ग्रहण कर आयोजक सागर गुप्ता के प्रति आभार जताया।इस अवसर पर कई गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति रही। नगर व क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों के साथ-साथ प्रशासनिक अधिकारी भी कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। सागर गुप्ता ने सभी उपस्थितजनों का स्वागत करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन समाज में सांस्कृतिक और आध्यात्मिक चेतना को जागृत करते हैं।समाजसेवा और संस्कारों के लिए समर्पितःसागर गुप्ता लगातार समाजसेवा, धार्मिक आयोजनों और जनहित के कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाते आ रहे हैं। उनके इस प्रयास की सर्वत्र सराहना की जा रही है।कार्यक्रम का समापन श्रीराम जय राम जय जय राम के उद्घोष के साथ हुआ। आयोजन में व्यवस्था से लेकर सेवा तक हर पहलू में अनुशासन और श्रद्धा की मिसाल देखने को मिली।


## उत्तर रेलवे

ई–ऑक्शन सूचना

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक/फ्रेट, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–ऑक्शन से सम्बन्धित सूचना।

| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट/जोन | लखनऊ–उ0रे0–मण्डल–वाणिज्य/उ0रे0 |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | PnU-LKO-AY-WRL-65-23-2 (Pay and Use-Lounges/Waiting/Retiring/Cloak Rooms) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 02.06.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 17.06.2025 at 12:00 hrs |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 17.06.2025 at 12:30 hrs |
| नीलामी का प्रकार | Close Ended |
| वेबसाइट विवरण जहॉ पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है। | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1651/25


# 'एक पेड़ माँ के नाम' थीम पर पौधारोपण का आह्वान

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखीमपुर खीरी। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जिलेभर में ''एक पेड़ माँ के नाम'' अभियान चलेगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्रेरणा से शुरू किए गए इस विशेष अभियान का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण को मातृत्व के सम्मान से जोड़ना है, जिससे जनमानस में प्रकृति के प्रति आत्मीयता और ज़िम्मेदारी का भाव विकसित हो।

डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने नागरिकों से अपील की है कि वे अपनी माँ के सम्मान में एक पौधा अवश्य लगाएं। उन्होंने कहा कि यह पहल न केवल हरियाली बढ़ाने की दिशा में एक सार्थक कदम है, बल्कि हमारी सांस्कृतिक और पारिवारिक भावनाओं से भी गहराई से जुड़ा है। डीएम ने उम्मीद जताई कि जनसहभागिता से यह अभियान एक जनांदोलन का रूप लेगा।

सीडीओ अभिषेक कुमार ने सभी विभागों को निर्देशित किया है कि वे इस अभियान को गंभीरता से लें और अपने-अपने स्तर पर वृक्षारोपण को सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि फलदार और उपयोगी पौधों जैसे आम, अमरूद, नींबू, बेल और सहजन को प्राथमिकता दी जाए और इन्हें ऐसे स्थलों पर रोपा जाए जहाँ जल स्रोत की सुविधा और देखभाल की व्यवस्था सुनिश्चित हो। सीडीओ ने यह भी कहा कि अभियान केवल पौधारोपण तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि इसके माध्यम से पर्यावरण के प्रति समाज में संवेदनशीलता और सतत सहभागिता को भी प्रोत्साहित किया जाएगा। स्कूलों, तालाबों, पंचायत भवनों, शहरी क्षेत्रों और प्रमुख सार्वजनिक स्थलों पर वृक्षारोपण कर इसे व्यापक बनाया जाएगा। ''एक पेड़ माँ के नाम'' अभियान एक नई सोच, नई संवेदना और स्थायी पर्यावरणीय जिम्मेदारी का संदेश है, जो आने वाली पीढ़ियों के लिए एक हरित विरासत छोड़ने की दिशा में अहम कदम बन सकता है। विश्व पर्यावरण दिवस (05 जून) पर ''एक पेड़ माँ के नाम'' अभियान के अंतर्गत जिला प्रशासन एवं वन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में मुख्य पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय देवकली में आयोजित होगा। इस कार्यक्रम में विषय वस्तु पर परिचर्चा की जाएगी। आयोजन का उद्देश्य हरियाली को बढ़ावा देना और प्लास्टिक प्रदूषण के खिलाफ जनजागरण है।

# लवकुश ने बागेश्वर धाम तक की 560 किमी की यात्रा का लिया संकल्प

कैनविज टाइम्स संवाददाता



धौरहरा (खीरी)। कस्बा ईसानगर के निवासी लवकुश वर्मा ने ज्येष्ठ माह में एक अद्वितीय धार्मिक संकल्प लिया। उन्होंने साष्टांग दंडवत करते हुए ईसानगर से मध्य प्रदेश के छतरपुर जिले स्थित बागेश्वर धाम तक लगभग 560 किलोमीटर की यात्रा तय करने का प्रण किया। यह यात्रा उनकी गहरी आस्था और भक्ति का प्रतीक बन गई है।

लवकुश का कहना है कि बागेश्वर धाम की कृपा से उनकी एक मन्नत पूरी हुई थी, जिसके बाद उन्होंने यह कठिन संकल्प लिया। इस यात्रा के दौरान, उन्होंने हर कदम पर प्रभु के श्री चरणों में साष्टांग दंडवत किया। उनकी इस भक्ति को देखकर स्थानीय लोग प्रभावित हुए और उन्हें शर्बत पिलाकर आशीर्वाद दिया। बागेश्वर धाम, मध्य प्रदेश के छतरपुर जिले के ग्राम गढ़ा में स्थित है। यहां हनुमान जी की स्वंयभू शिला स्थापित है और भक्तों की समस्याओं के समाधान के लिए प्रसिद्ध है। बागेश्वर धाम के प्रमुख पीठाधीश्वर श्री धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री हैं, जिन्हें 'बागेश्वर धाम सरकार' के नाम से जाना जाता है। लवकुश की यह यात्रा न केवल उनकी भक्ति का प्रतीक है, बल्कि यह धार्मिक आस्था और संकल्प की शक्ति को भी दर्शाती है। उनकी यात्रा से यह संदेश मिलता है कि सच्ची श्रद्धा और संकल्प से कोई भी कठिन कार्य संभव हो


## उत्तर रेलवे

ई-ऑक्शन सूचना

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक/फ्रेट, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–ऑक्शन से सम्बंधित सूचना।

| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट/जोन | लखनऊ–उ.रे.–मण्डल–वाणिज्य/उ. रे. |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | PnU-LKO-AY-WRL-65-23-2 (Pay and Use-Lounges/Waiting/Retiring/Cloak Rooms) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 02.06.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 17.06.2025 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 17.06.2025 at 12:30 hrs. |
| नीलामी का प्रकार | Close Ended |

वेबसाइट विवरण जहाँ पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है : E-Auction Module of www.ireps.gov.in

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1652/2025

## उत्तर रेलवे

निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य अभियन्ता/सेतु कर्मशाला, उत्तर रेलवे चारबाग, लखनऊ द्वारा निर्धारित प्रपत्रों पर निम्नलिखित कार्य हेतु अनुभवी एवं स्थापित सक्षम ठेकेदारों द्वारा ई–निविदायें आमंत्रित की जाती है।

| क्र. सं. | निविदा सं. | | कार्य का नाम |
|---|---|---|---|
| 1. | 02/डब्ल्यू./बीडब्ल्यूएस/सीबी/एल.के.ओ/2025–26 | | डीडीयू–बीएसबी खंड पर वीवाईएन–केईआई के बीच मौजूदा Br.No. 11 (मालवीय गंगा पुल) के स्टील सदस्यों का मेटलाइजिंग। |
| 2. | अनुमानित लागत | | रु. 9,97,34,335.75 |
| 3. | बोली सुरक्षा राशि | | रु. 6,48,700.00 |
| 4. | कार्य की समापन अवधि | | स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से 12 माह |
| 5. | निविदा डालने की प्रारम्भिक तिथि | | 16.06.2025 |
| 6. | निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि एवं निविदा खुलने की तिथि तथा समय | | निविदा 30.06.2025 को 15:00 बजे तक जमा किए जा सकेंगे एंव निविदा उसी दिन खोली जायेगी। |
| 7. | न्यूनतम पात्रता की शर्तें | | |
| अ | तकनीकी | | (ए) निविदा कार ने पिछले 07 (सात) वर्षों के दौरान निम्नलिखित श्रेणियों में से किसी एक कार्य को सफलतापूर्वक पूरा या पर्याप्त रूप से पूरा किया हो, जिस महीने में निविदा आमंत्रित की गयी थी, उससे पहले के महीने के अन्तिम दिन को समाप्त करना होगा।<br>तीन समान कार्य जिनकी लागत, निविदा की विज्ञापित मूल्य के 30 प्रतिशत के बराबर राशि से कम न हो। **या**<br>दो समान कार्य जिनका लागत, निविदा की विज्ञापित मूल्य के 40 प्रतिशत के बराबर राशि से कम न हो। **या**<br>एक समान कार्य की लागत, निविदा के विज्ञापित मूल्य के 60 प्रतिशत के बराबर राशि से कम नहीं होनी चाहिए। |
| ब | वित्तीय | | निविदाकर्ता का न्यूनतम औसत वार्षिक संविदात्मक कारोबार **V/N (वी/एन)** या **'V' (वी)** जो भी कम हो जहाँ **V (वी)** = निविदा की विज्ञापित मूल्य करोड रूपये में। **N (एन)** = कार्य पूरा करने की लिए निर्धारित वर्षों की संख्या, जिसके लिए बोलियां आमंत्रित की गयी है।<br>औसत वार्षिक संविदात्मक कारोबार की गणना, पिछले तीन वित्तीय वर्षों में कुल संविदात्मक भुगतान के औसत के रूप में की जायेगी, लेखा परीक्षित बैलेन्स शीट के अनुसार। तथापि, यदि पिछले वर्ष का तुलन–पत्र अभी तक तैयार/लेखापरीक्षित नहीं हैं, तो औसत वार्षिक संविदात्मक कारोबार की गणना के लिए चौथे पिछले वर्ष की लेखा परीक्षित तुलन–पत्र पर विचार किया जाएगा। |
| 8. | एक समान कार्य | | ''पुल स्टील गर्डर्स/स्टील संरचनाओं का मेटलाइजिंग/गैल्वनाइजिंग।'' |
| 9. | वेबसाइट का विवरण एवं कार्यालय का नाम जहाँ निविदा का विवरण देखा जा सकता है | | www.ireps.gov.in, कार्यालय उप मुख्य अभियन्ता / से. कर्म., उत्तर रेलवे चारबाग, लखनऊ। |

नोटः 1. ठेकेदारों को ई–निविदा सिस्टम में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in के अर्न्तगत पंजीकृत होना अनिवार्य है। 2. समस्त नियम एवं शर्ते निविदा प्रपत्र में देखी जा सकती है। 3. मैनुअल निविदायें स्वीकृत नहीं की जायेगी। 4. निविदा प्रपत्र की लागत जो निविदा प्रपत्र में निर्दिष्ट किया गया है। 5. बोली सुरक्षा राशि का भुगतान सिर्फ नेट बैंकिंग, पेमेंट गेटवे या बैंक गारंटी जैसा कि निविदा प्रपत्र में निर्दिष्ट किया गया है, द्वारा स्वीकृत की जायेगी।

**निविदा सू.सं.– 02/डब्ल्यू./बीडब्ल्यूएस/सीबी/एल.के.ओ/2025–26 दिनांक 03.06.2025**
**1654/2025**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# पोस्टमार्टम हाउस की लचर व्यवस्था पर सीडीओ का चाबुक, अनुपस्थित स्टाफ पर कार्रवाई

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखीमपुर खीरी। स्वास्थ्य विभाग की लापरवाह कार्यशैली एक बार फिर बेनकाब हो गई जब सीडीओ अभिषेक कुमार ने बुधवार को पोस्टमार्टम हाउस का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मिली अव्यवस्थाओं और स्टाफ की गैरहाजिरी पर सीडीओ ने कड़ी नाराजगी जताते हुए तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए।

सीडीओ अभिषेक कुमार करीब आधे घंटे तक सुबह 10 बजे से पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद रहे, लेकिन 10:30 बजे तक भी ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डॉ मोहित तिवारी मौके पर नहीं पहुंचे। पूछताछ में सामने आया कि चिकित्सक अक्सर देर से आते हैं और कभी-कभी ड्यूटी से नदारद भी रहते हैं। निरीक्षण के दौरान फार्मासिस्ट अमित श्रीवास्तव और रवीन्द्र मौर्य, कंप्यूटर ऑपरेटर कुशल मिश्रा और हरिहर शरण वर्मा भी अनुपस्थित मिले। एक चपरासी मिथिलेश कुमार केवल उपस्थिति लगाकर घर चला गया था। पूछने पर सामने आया कि यह उसकी आदत में शामिल है।

पोस्टमार्टम हाउस का परिसर में गंदगी और अव्यवस्थाओं का अंबार मिला। वहीं, एक शव का पोस्टमार्टम लंबित था और उसके परिजन बेसब्री से शव की प्रक्रिया पूरी होने की प्रतीक्षा कर रहे थे। सीडीओ ने मौके पर ही सख्त निर्देश देते हुए अनुपस्थित चिकित्सकों और कर्मचारियों का वेतन व मानदेय रोकने के आदेश दिए और सभी से स्पष्टीकरण तलब किया है। उन्होंने सीएमओ डॉ. संतोष गुप्ता को निर्देशित किया कि वे स्वयं मौके का निरीक्षण कर अव्यवस्थाओं को दूर करें और कार्यप्रणाली को सुधारें। सीडीओ ने साफ शब्दों में कहा कि इस प्रकार की लापरवाही अब कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# उप्र ने की केंद्रीय करों में राज्य की हिस्सेदारी को 50 प्रतिशत करने की मांगः पनगढ़िया

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। 16 वें वित्त आयोग के अध्यक्ष अरविंद पनगढ़िया ने बुधवार को कहा कि उत्तर प्रदेश देश के कुछ अन्य राज्यों ने केंद्रीय करों में राज्य की हिस्सेदारी को 50 प्रतिशत करने की मांग की है।

श्री पनगढ़िया ने आयोग के सदस्यों के साथ एक पत्रकार सम्मेलनमें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ हुई बैठक के बारे में जानकारी दी और कहा कि बैठक में योगी ने राज्य सरकार की मांगों को लेकर आयोग को मांग पत्र सौंपा है, जिसमें केंद्रीय करों में राज्य की हिस्सेदारी को 41 प्रतिशत से बढ़ाकर 50 प्रतिशत करने की मांग की गई है। साथ ही उत्तर प्रदेश ने विशेष विकास योजनाओं के लिए स्पेशल फंड डीडीए दिए जाने की मांग भी उठाई है। वित्त आयोग के अध्यक्ष ने कहा कि बैठक के दौरान प्रदेश सरकार ने उत्तर के विकास और सुधार के लिए उठाए जा रहे कदमों का ब्यौरा पेश किया, जिसकी आयोग ने सराहना की। उत्तर प्रदेश की प्रमुख मांगों के विषय में जानकारी देते हुए उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश ने इनकम डिस्टेंस क्राइटेरिया 45 प्रतिशत, भौगोलिक क्षेत्रफल 15 प्रतिशत से घटाकर 10 प्रतिशत, जनसंख्या 15 प्रतिशत से बढ़ाकर 22.5 प्रतिशत, जनसांख्यिकीय प्रदर्शन 12.5 प्रतिशत से घटाकर 7.5 प्रतिशत, वन 10 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत, कर संग्रहण प्रयास 2.5 प्रतिशत से बढ़ाकर 10 प्रतिशत किया जाने का प्रस्ताव आयोग को दिया गया है। उन्होने कहा कि वित्त आयोग का मुख्य कार्य केंद्र और राज्यों के बीच करों के बंटवारे का प्रस्ताव तैयार करना है, जिसे भारत के राष्ट्रपति के समक्ष प्रस्तुत किया जाता है। उन्होंने कहा कि क्षैतिज वितरण के संदर्भ में 15वें वित्त आयोग की सिफारिशों में जनसंख्या 15 प्रतिशत, क्षेत्रफल 15 प्रतिशत, वन 10 प्रतिशत, कर संग्रहण प्रयास 2.5 प्रतिशत और जनसांख्यिकीय प्रदर्शन 12.5 प्रतिशत शामिल है उन्होंने कहा कि 15वें वित्त आयोग में सबसे अधिक 45 प्रतिशत इनकम डिस्टेंस क्राइटेरिया को दिया गया था।

# भारी पुलिस बल की मौजूदगी में संपन्न हुआ मृतक का अंतिम संस्कार

**वारदात खुलासा करने के लिए प्रभारी क्षेत्राधिकारी यादवेंद्र बहादुर पाल की अगुवाई में कोतवाली प्रभारी जगदीश यादव दलबल के साथ पूरी रात दबिश देते रहे**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

महराजगंज, रायबरेली। बीते 24 घंटे पूर्व हुई किसान की निर्मम हत्या की पोस्टमार्टम के बाद शव जैसे ही गांव पहुंचा। वैसे ही पूरे गांव में कोहराम और मातम मच गया देखते ही देखते हजारों की संख्या में ग्रामीण शव के पास एकत्रित हो गए। परिजन अभियुक्तों की गिरफ्तारी हुआ कठोर सजा की मांग करने लगे जिस पर क्षेत्राधिकारी यादवेंद्र बहादुर पाल व सपा विधायक श्याम सुंदर भारतीय ने परिजनों को हर संभव सहयोग का वादा करने की बात कही जिस पर सहमत हुए परिजन तथा खाकी की मौजूदगी में संपन्न हुआ मृतक का अंतिम संस्कार।





बताते चलें कि कल 3 जून को दिन में लगभग 11 बजे क्षेत्र के हलोर गांव निवासी किसान तेज बहादुर उम्र 42 वर्ष की खेत में काम करते समय अज्ञात हत्यारों ने निर्मम हत्या कर दी थी। जिस पर मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने शव को लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था तथा सारी रात हत्या के तथ्यों का खुलासा करने के लिए रात भर प्रभारी क्षेत्राधिकारी यादवेंद्र बहादुर पाल की अगुवाई में कोतवाली प्रभारी जगदीश यादव दलबल के साथ दबिश देते रहे और हत्यारोपियों की तलाश करते रहे। लेकिन 24 घंटे बीत जाने के बाद भी अभी तक कोतवाली पुलिस के हाथ खाली हैं और हत्यारोपी पुलिस की पकड़ से दूर हैं। जबकि 24 घंटे बाद जैसे ही मृतक तेज बहादुर का शव घर पहुंचा तभी हजारों की संख्या में लोग शोक संवेदना व्यक्त करने पहुंच गए और घटना की सूचना पर क्षेत्रीय विधायक श्याम सुंदर भारतीय तहसीलदार मंजुला मिश्रा व भारी पुलिस बल के साथ प्रभारी क्षेत्राधिकारी यादवेंद्र बहादुर पाल मृतक के घर पहुंचे और सभी लोगों ने मृतक के परिजनों को आस्वस्त करते हुए कहा है कि जिस अज्ञात हत्यारे ने ऐसी निर्मम हत्या की है जल्द ही खुलासा होगा, और हत्यारोपियों को कड़ी से कड़ी सजा दी जाएगी, तो वहीं क्षेत्रीय विधायक श्याम सुंदर भारतीय व तहसीलदार मंजुला मिश्रा ने पीड़ित परिजनों को आस्वस्त करते हुए कहा कि शासन द्वारा जो भी सहयोग होगा वह पीड़ित परिवार को दिलाया जाएगा। इस मौके पर कोतवाली प्रभारी जगदीश यादव, थाना चंदापुर प्रभारी प्रशांत कुमार द्विवेदी, थाना शिवगढ़ प्रभारी बिन्ध्य विनय, थाना हरचंद्पुर प्रभारी आदर्श सिंह, एस एस आई देवेंद्र सिंह भदौरिया,एस आई दिनेश गोस्वामी, एस आई सचिन सिंह, एस आई सुनील सिंह, एस आई उत्कर्ष केसरवानी, एसआई रोहित कुमार,एस आई प्रज्ञा मिश्रा सहित भारी मात्रा में पुलिस बल और आम जनमानस मौजूद रहा।

## पीड़ित परिजनों से मिले विधायक

महराजगंज,रायबरेली। मृतक की पत्नी व परिजनों का रो रो कर बुरा हाल था तो वही मृतक व परिजनों ने क्षेत्रीय विधायक श्याम सुंदर भारतीय एवं प्रभारी क्षेत्राधिकारी यादवेंद्र बहादुर पाल से हत्यारोपियों को पड़कर कड़ी से कड़ी सजा दिलाए जाने की बात कही जिस पर क्षेत्रीय विधायक व प्रभारी क्षेत्राधिकारी यादवेंद्र बहादुर पाल ने परिजनों को ढांढ़स बंधाते हुए कहा कि आप सभी परेशान ना हो जल्द ही हत्या का खुलासा होगा और अपराधियों को कड़ी से कड़ी सजा दी जाएगी। जिस पर परिजन सहमत हो गए और शव का अंतिम संस्कार विधि विधान के साथ किया गया।

## सीडीओ ने उत्तीर्ण बन्दियों को प्रमाण पत्र किये वितरित



रायबरेली। जिला कारागार रायबरेली में संस्था रूद्रान्जल फाउन्डेशन के द्वारा कम्प्यूटर का प्रशिक्षण प्रदान किए जाने के उपरान्त उत्तीर्ण बन्दियों को मुख्य विकास अधिकारी अर्पित उपाध्याय द्वारा प्रमाण पत्र वितरित किया गया। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा सभी बन्दियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए जेल से बाहर निकलने के उपरान्त सीखे हुए कौशल से अपना जीवन यापन कर समाज की मुख्य धारा से जुड़ने हेतु प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर जेल अधीक्षक प्रभात सिंह, जेलर हिमान्शू रौतेला, जिला कौशल प्रबन्धक राजीव कुमार सिंह एवं धर्मेन्द्र मिश्रा तथा प्रशिक्षण प्रदाता संस्था के कोऑर्डिनेटर बालेन्द्र सिंह एवं अन्य जिला कारागार के अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

## रोजगार मेला 6 जून को

रायबरेली। जिला सेवायोजन कार्यालय, रायबरेली के तत्वाधान में 6 जून 2025 को रोजगार मेले का आयोजन बप्पा देवतादीन अग्रहरि आई.टी.आई शंकर नगर, मुराई बाग डलमऊ रायबरेली में किया जाना प्रस्तावित हैं जिसमें निजी क्षेत्र की क्लेसकॉर्प लि0 लखनऊ द्वारा प्रतिभाग किया जाना है। जिसमें आई टी.आई, डिप्लोमा अभ्यर्थी के रिक्त पदों पर बेरोजगार अभ्यर्थियों का चयन किया जायेगा। इच्छुक अभ्यर्थी मेले में अपने साथ मूल शैक्षिक अभिलेख एवं पासपोर्ट साइज फोटो के साथ सम्मिलित हो सकते है।रोजगार मेले में प्रतिभाग करने के लिये सर्वप्रथम अभ्यर्थियों को रोजगार संगम पोर्टल http://rojgaarsangam.up.gov.in पर ऑनलाइन पंजीयन कराना अनिवार्य होगा। पंजीकरण में किसी प्रकार की असुविधा होने पर जिला सेवायोजन कार्यालय, रायबरेली में संपर्क किया जा सकता है।

## बिना सूचना के डफरिन के गायब दो डाक्टरों को बर्खास्त करने का डीएम ने दिया निर्देश

प्रयागराज । जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार मांदड़ ने बुधवार को सरोजनी नायडू हॉस्पिटल, जिला महिला चिकित्सालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान डफरिन से बगैर सूचना के दस माह से गायब दो डॉक्टरों को बर्खास्त करने का निर्देश दिया।जिलाधिकारी बुधवार को सरोजनी नायडू चिल्ड्रेन अस्पताल पहुंचे और वहां निरीक्षण किया। जहां बच्चों के परिजनों से वार्ता की और वहां के कार्यो को देखा और आवश्यक कमियों को दूर करने का आदेश दिया। इसके बाद वह जिला महिला चिकित्सालय डफरिन पहुंचे। जहां सभी आवश्यक मूलभूत सुविधाओं की जानकारी लेते हुए आवश्यक निर्देश दिया। उन्होंने चिकित्सा अधीक्षक से चिकित्सालय में कितने चिकित्सक तैनात है तथा कितने आज अनुपस्थित हैं, की जानकारी लिए जाने पर चिकित्सा अधीक्षक डॉ. नूर हसन नकवी ने बताया कि कोई भी चिकित्सक अनुपस्थित नहीं है, केवल डॉ. अजय जो 10 माह से बिना किसी सूचना के अनुपस्थित है एवं डॉ. रामानंद कार्यभार ग्रहण के पश्चात अस्पताल में नहीं आए हैं, जिस पर जिलाधिकारी ने उक्त दोनों चिकित्सकों को बर्खास्त करने की कार्यवाही करने के निर्देश दिए ।जिलाधिकारी ने चिकित्सालय का भ्रमण कर ओपीडी कक्ष, लेबर रूम, पैथोलॉजी कक्ष एवं अन्य वार्डों में उपलब्ध सुविधाओं, व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी ली और अस्पताल परिसर में साफ-सफाई को देखा। जिलाधिकारी ने जिला महिला चिकित्सालय (डफरिन) में उपलब्ध सुविधाओं एवं व्यवस्था को देखकर प्रसन्नता व्यक्त की गयी और कहा कि अन्य चिकित्सालयों के अधीक्षकों के द्वारा चिकित्सालय में की गयी व्यवस्था का अनुसरण करते हुए नई व्यवथाओं को अपने यहां भी लागू करना चाहिए। उन्होंने विशेषकर प्रत्येक ओपीडी कक्ष में लगी हुई टोकन जनरेशन मशीन एवं प्रतीक्षा नम्बर डिस्प्ले मशीन को सभी चिकित्सालयों में लगाये जाने हेतु कहा है। इस अवसर पर चिकित्सालय के चिकित्सक व अन्य लोग उपस्थित रहे।

## ईद उल-अजहा बकरीद पर कोई नई परंपरा की शुरुआत नहीं होगी

वाराणसी। गंगा दशहरा और बकरीद पर्व को लेकर जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक बुधवार शाम यातायात पुलिस सभागार में हुई। बैठक में पुलिस आयुक्त मोहित अग्रवाल और जिलाधिकारी सत्येन्द्र कुमार ने एक-एक कर सभी शान्ति समिति के सदस्यों से बातचीत कर उनकी समस्याएँ सुनी और पूरी ज़िम्मेदारी के साथ समाधान कराने के निर्देश संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिए। साथ ही समिति के सदस्यों को त्यौहारों पर सुरक्षा व अन्य व्यवस्था के लिए सतर्कता बरतने के लिए भी कहा।

# वन्यजीव हमलों से प्रभावित क्षेत्रों में ड्रोन से निगरानी करें वन विभाग: डीएम

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच । जनपद की तहसील महसी के थाना हरदी के ग्राम गदामार कला (गढ़ीपुरवा) में मंगलवार को अज्ञात जानवर द्वारा हमला किये जाने से आयुष पुत्र प्रमोद पाल आयु लगभग 02 वर्ष की मृत्यु हो गयी है, उक्त घटना के दृष्टिगत जिलाधिकारी मोनिका रानी द्वारा प्रभागीय वनाधिकारी, बहराइच को निर्देश दिया गया है कि तहसील महसी के संवेदनशील/अति संवेदनशील ग्रामों में पर्याप्त वन कर्मियों की ड्युटी लगाते हुये विशेष रूप से रात्रि 11.00 बजे से प्रातः 04.00 बजे तक ड्रोन आदि के माध्यम से प्रभावी निगरानी करते हुये पूरी सतर्कता बरती जाय।

डीएम ने निर्देश दिया है कि जंगली जानवरों के हमलों पर प्रभावी अंकुश हेतु उप जिलाधिकारी, महसी एवं खण्ड विकास अधिकारी, महसी द्वारा चिन्हित संवेदनशील/अति संवेदनशील ग्रामों में पूर्व की भांति पुलिस कर्मचारियों, क्षेत्रीय लेखपाल, सचिव, सफाई कर्मी, रोजगार सेवक आदि ग्राम पंचायत स्तरीय कर्मचारियों की टीम के साथ वन कर्मियों की रात्रि में ड्युटी लगाते हुये विशेष रूप से रात्रि 11.00 बजे से प्रातः 04.00 बजे तक ड्रोन आदि के माध्यम से प्रभावी निगरानी कराया जाना सुनिश्चित करें, ताकि किसी प्रकार की कोई और अप्रिय घटना घटित न होने पाये।डीएम ने यह भी निर्देश दिया है कि यदि भविष्य में इस प्रकार की कोई घटना घटित होती है, तो तत्काल मौके पर पहुंच कर प्रकरण के सम्बन्ध में मीडिया हेतु बाईट एवं संक्षिप्त नोट जिला सूचना अधिकारी, बहराइच को उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित करें, ताकि भ्रामक खबरें प्रकाशित न होने पाये।

## मिर्ज़ामुराद लालपुर पावर हाउस के समीप नहर में मिला मगरमच्छ,वन विभाग की टीम ने पकड़ा

वाराणसी । मिर्ज़ामुराद थाना क्षेत्र के लालपुर पावर हाउस के समीप सूखे नहर में बुधवार अपरान्ह मगरमच्छ दिखने से हड़कम्प मच गया। सूचना पाकर मौके पर वन विभाग की टीम भी पहुंच गई। गांव के एक युवक ने जाल में मगरमच्छ को पकड़ कर वन विभाग को सौंप दिया।इस दौरान वहां ग्रामीणों की भीड़ जुटी रही। मगरमच्छ को वन विभाग की टीम चन्द्रप्रभा नदी में छोड़ेगी। वन विभाग के कर्मचारियों के अनुसार 5 फिट लंबे मगरमच्छ का वजन लगभग 70 किलोग्राम है। खाने की तलाश में भटक कर किसी तरह सूखी नहर में आ गया था।

# डीएम ने नेत्र चिकित्सालय में दो मशीनों का किया उद्घाटन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



रायबरेली। जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने मोहन सिंह स्मारक नेत्र चिकित्सालय में ऑटो रिफ्रक्टो किरैटोमीटर एवं ऑप्थेलमिक स्लिट लैंप मशीनों का उद्घाटन किया। जिलाधिकारी कहा कि यह मशीनें नेत्र रोगों के निदान में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगी और लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने में मदद करेगी।

अधीक्षक डॉ एस के कटियार द्वारा बताया गया कि पहली मशीन का नाम ऑटो रिफ्रक्टो किरैटोमीटर जिसकी कीमत 4 लाख 15 हजार है। यह मशीन पहले से अस्पताल में उपलब्ध थी परन्तु मशीन बहुत पुरानी और अच्छी कंडीशन में नहीं थी। नई मशीन की बहुत आवश्यकता थी जिसको अस्पताल के पैसे से खरीदा गया है। इसका उपयोग मरीजों के चश्मे के पावर की जाँच के लिये किया जाता है और ऑपरेशन के वक्त इंट्रा एक्युलर लेंस का पावर निकालने के लिये भी प्रयोग किया जाता है। दूसरी मशीन का नाम ऑप्थेलमिक स्लिट लैंप है। जिसकी कीमत 1 लाख 28 हजार रुपए है। इसको भी अस्पताल के पैसे से खरीदा गया है। यह एक प्रकार का माइक्रोस्कोप है। इससे आँख की बारीकी से जांच की जा सकती है और रोग का पता लगाया जा सकता है। उन्होंने बताया कि इन मशीनों को उपलब्ध कराने में जिलाधिकारी महोदया का विशेष योगदान रहा है। इस मौके पर नगर मजिस्ट्रेट राम अवतार सहित संबंधित अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

# मरीजों के साथ असंवेदनशील व्यवहार पर पांच चिकित्सक बर्खास्त

**अधीक्षक का गैर जनपद हुआ स्थानांतरण, बैठी विभागीय जांच**

**लंबे समय से गायब रहने वाले डॉक्टर आईबी जायसवाल भी विभाग की जांच के घेरे में**

कैनविज टाइम्स संवाददाता


Brajesh Pathak
13m
सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र,बछरावां में अव्यवस्थाओं, लापरवाही एवं अनुशासनहीनता की लगातार शिकायतें मिलने पर मेरे द्वारा दिए गए निर्देश के क्रम में अपर निदेशक,लखनऊ द्वारा किए गए आकस्मिक निरीक्षण में कई शिकायतें पाए जाने पर अधीक्षक को स्थानांतरित करते हुए आरोप पत्र देकर उनके विरुद्ध विभागीय कार्यवाही करने के निर्देश प्रमुख सचिव, स्वास्थ्य को मेरे द्वारा दिए गए हैं तथा बिना सूचना लंबे समय से अनुपस्थित रहने वाले एक चिकित्साधिकारी के विरुद्ध विभागीय कार्यवाही की गई है एवं 05 चिकित्साधिकारियों को अपने कार्यों के प्रति लापरवाही,रोगियों के प्रति असंवेदनशील व्यवहार हेतु बर्खास्त करने के निर्देश भी प्रमुख सचिव,स्वास्थ्य को दिए गए हैं।

बछरावा,रायबरेली। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावां में रोगियों के प्रति असंवेदनशील व्यवहार और कार्य में लापरवाही बरतने वाले पांच डॉक्टरों पर उपमुख्यमंत्री के द्वारा कार्यवाही के निर्देश दिए गए हैं। उपमुख्यमंत्री की इस कार्यवाही के पश्चात जनपद के स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मच गया। बीते मंगलवार रात्रि 8 बजे के आसपास बछरावां सीएचसी के बारे में उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक के ट्विटर हैंडल पर कार्यवाही के निर्देश जारी होते ही स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मच गया। जिसमें जानकारी प्राप्त हुई है कि बछरावां सीएचसी के पांच डॉक्टर बर्खास्त होंगे। जो बिना सूचना दिए ड्यूटी से गायब रहने के दौरान दोषी पाए गए हैं। जानकारी प्राप्त हुई है कि लगातार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावां की मिल रही शिकायतों के पश्चात बीते 30 अप्रैल को शासन के निर्देशन में अपर निदेशक स्वास्थ्य जी पी गुप्ता ने चिकित्सा टीम के साथ निरीक्षण के लिए बछरावां सीएचसी पहुंचे थे। जहाँ गुप्त रूप से उन्होंने सीएचसी का निरीक्षण किया। जिसमें सीएचसी मे पटरी से उतरी स्वास्थ्य सेवाओं को देखकर उन्होंने नाराजगी व्यक्त की थी। साथ ही साथ चिकित्सकों की कमी के साथ मरीजों से बात कर उनके पर्चे आदि देखकर बाहर की महंगी दवाई लिखने की शिकायत पर उन्होंने कार्यवाही का भरोसा दिया था। अपर निदेशक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा डॉक्टर जीपी गुप्ता के द्वारा करीब 5 घंटे तक सीएचसी के अंदर फैली कमियो एवं अव्यवस्थाओं का विधिवत जायजा लिया। उसी के आधार पर मंगलवार रात्रि 8 बजे उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक के ट्विटर हैंडल से जानकारी प्राप्त हुई, कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावां में रोगियों के प्रति असंवेदनशील व्यवहार और अपने कार्य के प्रति लापरवाही बरतने वाले पांच डॉक्टरों पर कार्यवाही के निर्देश दिए गए हैं। वही सीएचसी अधीक्षक डॉक्टर अनिल कुमार जैसल को बछरावां से गैर जनपद बलिया में स्थानांतरित करते हुए आरोप पत्र देकर उनके विरुद्ध विभागीय कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए हैं। तथा बिना सूचना लंबे समय से गायब रहने वाले डॉक्टर इंद्रभूषण जायसवाल के खिलाफ भी विभागीय कार्यवाही के निर्देश दिए गए हैं। बिना सूचना गायब रहने वाले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावां में तैनात डॉक्टर नीलिमा आर्या, डॉ अंजू वर्मा, डॉक्टर मनीष कुमार, डॉक्टर प्रशांत कुमार, डॉक्टर अभिलाषा भारद्वाज को बर्खास्त करने के निर्देश दिए गए हैं। यह जानकारी फिलहाल उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक के ट्विटर अकाउंट के माध्यम से प्राप्त हुई है। जिसकी पुष्टि के लिए कोई विभागीय आदेश की प्रति अभी तक इंटरनेट मीडिया या विभाग द्वारा प्रेषित नहीं की गई है। फिलहाल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावां में हुई इस दमदार कार्यवाही के पश्चात क्षेत्रीय लोग उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक के द्वारा किए गए इस सराहनीय कार्य की जमकर प्रशंसा कर रहे हैं।

## नवीनीकरण शहर की सांस्कृतिक धरोहर को संरक्षित रखने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम: गणेश केसरवानी

प्रयागराज। नवीनीकरण शहर की सांस्कृतिक धरोहर को संरक्षित रखने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह बात बुधवार को प्रयागराज शहर के चौक में स्थित ऐतिहासिक घंटाघर के सौंदर्यीकरण कार्य का लोकार्पण करने के बाद महापौर गणेश केसरवानी ने कहा।उन्होंने कहा कि आने वाले समय में शहर के अन्य ऐतिहासिक स्थलों के जीर्णोद्धार और सौंदर्यीकरण के लिए भी ठोस योजना बनाई जा रही है। यह पहल प्रयागराज के ऐतिहासिक महत्व को पुनर्जीवित करने की दिशा में एक सराहनीय प्रयास है।स्थानीय व्यापारियों और निवासियों ने नगर निगम और महापौर का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस पहल से चौक क्षेत्र का गौरव पुनः स्थापित हुआ है और यह स्थान पर्यटन की दृष्टि से भी महत्वपूर्ण बन सकेगा।54 लाख रुपये की लागत से सौंदर्यीकरण के बाद ऐतिहासिक घंटाघर अब नई रौनकप्रयागराज शहर के हृदय स्थल कहे जाने वाले चौक में स्थित ऐतिहासिक घंटाघर अब नई रौनक के साथ नजर आ रहा है।

# डीसीएम वाहन पर लदे 18 पशु के साथ अयोध्या और मऊ निवासी तीन अभियुक्त गिरफ्तार



कैनविज टाइम्स संवाददाता

आजमगढ़। जनपद के थाना अतरौलिया पुलिस ने पशु क्रूरता के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 03 जून को केशवपुर पुल के पास एक डीसीएम वाहन को रोका। चेकिंग के दौरान वाहन में 18 भैंस और पड़िया पाए गए, जिनके पैर और मुंह रस्सी से क्रूरता पूर्वक बंधे थे। पुलिस ने वाहन और पशुओं को कब्जे में लेकर तीन अभियुक्तों–राकेश यादव (45), ताजुद्दीन (50), और टिन्कू अहमद (40)–को गिरफ्तार किया। मामला पशु क्रूरता निवारण अधिनियम की धारा 11 के तहत दर्ज किया गया है।गिरफ्तार अभियुक्तों में से राकेश यादव का पहले से आपराधिक रिकॉर्ड रहा है, जिसमें 2009 में उन्नाव और 2011 में आगरा में पशु क्रूरता और अन्य धाराओं में मामले दर्ज हैं। थाना अतरौलिया में मुकदमा संख्या 187/25 दर्ज किया गया है, जिसकी विवेचना उपनिरीक्षक रमेश सिंह कर रहे हैं। बरामदगी में डीसीएम वाहन, 2 भैंस, और 16 पड़िया शामिल हैं। पुलिस मामले की गहन जांच में जुटी है।

# ‘शीघ्र पहचान से ठीक हो जाता है स्तन कैंसर, जीवनचर्या बदल कर कर सकते हैं बचाव’

**कैंसर विशेषज्ञ व गोरक्षनाथ मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर के प्रधानाचार्य डॉ अनुराग मुख्य वक्ता के रूप में रहे शामिल**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोरखपुर। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ राजेश झा की पहल पर शुरू किये गये स्वास्थ्य विभाग के नवाचार ई आरोग्य पाठशाला के तहत स्तन कैंसर के बारे में सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी (सीएचओ) का मंगलवार को क्षमता संवर्धन किया गया। बतौर मुख्य वक्ता वर्चुअल माध्यम से कैंसर विशेषज्ञ, एम्स नई दिल्ली के डिपार्टमेंट ऑफ सर्जिकल डिसिप्लीन के पूर्व विभागाध्यक्ष और गोरखनाथ विश्वविद्यालय के श्री गोरक्षनाथ मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर के प्रधानाचार्य डॉ अनुराग श्रीवास्तव ने व्याख्यान दिया। उन्होंने स्तन कैंसर के कारकों, पहचान, उपचार और प्रबंधन के बारे में विस्तार से जानकारी दी। डॉ श्रीवास्तव ने कहा कि अगर स्तन कैंसर की शीघ्र पहचान हो जाए तो यह बिना किसी जटिल सर्जरी के भी ठीक हो जाता है। अपने जीवनचर्या में बदलाव कर महिलाएं स्तन कैंसर से बच सकती हैं।कैंसर विशेषज्ञ डॉ अनुराग श्रीवास्तव ने सीएचओ को बताया कि स्तन कैंसर के मामलों में समय से पहचान न हो पाने के कारण पचास प्रतिशत मामलों में जटिलताएं बढ़ जाती हैं जो मृत्यु का भी कारक बनती हैं। एबीसीडी के नियम और डॉयल ऑफ अ क्लाक मेथड से बिना किसी मशीन की सहायता से भी स्तन कैंसर की पहचान की जा सकती है। क्लिनिकल मेथड के जरिये महिलाएं खुद या हेल्थ प्रोवाइडर्स की मदद से स्तन कैंसर की पहचान कर सकती हैं। ए का आशय दोनों स्तनों के आकार में अंतर, बी का आशय स्तन के निप्पल से खून आने, सी का आशय स्तन के निप्पल और एरिओला का रंग बदलने और डी का आशय स्तन से स्राव होने, उसमें गड्ढे होने या किसी भी प्रकार की विकृति होने से है। इनमें से कोई भी लक्षण या स्तन पर गांठ दिखाई दे तो तुरंत विशेषज्ञ चिकित्सक से सम्पर्क किया जाना चाहिए। समय से अस्पताल पहुंचने से यह कैंसर ठीक हो जाता है। डॉ श्रीवास्तव ने एक महिला मरीज को भी वर्चुअल माध्यम से ही सभी सीएचओ से मिलवाया। महिला ने बताया कि उन्होंने समय से चिकित्सक को दिखाया और बिना किसी जटिल सर्जरी के उनका स्तन कैंसर ठीक हो गया। एक वीडियो के माध्यम से दिखाया गया कि किस प्रकार तीन अंगुलियों की मदद से स्तन को अलग अलग तरीके से स्पर्श कर डॉयल ऑफ अ क्लाक मेथड से कैंसर की पहचान की जा सकती है। यह भी बताया गया कि तीस से लेकर पैंसठ वर्ष की अवस्था के दौरान प्रत्येक महिला को स्तन कैंसर की स्क्रीनिंग खुद करनी चाहिए या फिर हेल्थ केयर प्रोवाइडर की मदद से करवानी चाहिए।स्तन कैंसर के कारणों पर चर्चा करते हुए डॉ अनुराग श्रीवास्तव ने बताया कि इसके पीछे कई जोखिम वाले कारक हैं। महिला द्वारा शराब, तंबाकू या सिगरेट का सेवन, फास्ट फुड का अत्यधिक सेवन, श्रम न करने, अत्यधिक देर तक प्रकाश में कार्य करने, अनुवांशिक कारणों, संक्रमण, अत्यधिक तनाव, रेड मीट के सेवन, तीस वर्ष की उम्र तक बच्चा पैदा न करने, बच्चे को स्तनपान न करवाने, कम आयु में मासिक धर्म आने और पचपन वर्ष के बाद भी मासिक धर्म आने और अनावश्यक के रेडिएशन से स्तन कैंसर का खतरा अधिक होता है।

ब्रोकली, रंगीन फल और सब्जियों के सेवन, नियमित व्यायाम, श्रमसाध्य कार्य करने और वसामुक्त खानपान का त्याग कर इससे बचा जा सकता है। इस मौके पर सीएचओ द्वारा दो केस स्टडी भी प्रस्तुत की गई, जिसका उत्तर विषय विशेषज्ञ डॉ श्रीवास्तव ने दिया।*एचआरपी पर होगी चर्चा*मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ राजेश झा ने बताया कि ई आरोग्य पाठशाला का आयोजन ईको इंडिया के सहयोग से किया जा रहा है। यह प्रत्येक मंगलवार को दोपहर दो बजे से तीन बजे तक चलती है। इसका उद्देश्य सीएचओ और स्वास्थ्य क्षेत्र से जुड़े कर्मियों का विषय विशेषज्ञों के जरिये क्षमता संवर्धन है। इसमें अगले मंगलवार को उच्च जोखिम गर्भावस्था (एचआरपी) को लेकर चर्चा की जाएगी।


उत्तर रेलवे

खुली निविदा सूचना (ई-निविदा)

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि दिनांक **24.06.2025** को **15:00 बजे** तक आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैनुयल आफर स्वीकार नहीं किये जायेगें यदि कोई मैनुवल आफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा।

| | |
|---|---|
| 1 | **निविदा सूचना संख्या:** 06202025 dated 02.06.2025 |
| 2 | **निविदा संख्या:** **(1)** 14/DEN-V-LKO/2025-2026, **(2)** 15/DEN-V-LKO/2025-2026 |
| 3 | **कार्य का नाम:** **(1)** सहायक मंडल अभियंता (द्वितीय)/लखनऊ के अधिकार क्षेत्र में एसएसई/पी.वे/बीबीके के अंतर्गत 10 लेवल क्रॉसिंग एलसी संख्या 158, 159, 160, 161, 162, 163, 164, 165, 166 और 167 (डीवाईडी–आरईएस) पर प्री–फैब्रिकेटेड फाउंडेशन और लॉकिंग सिस्टम सहित भारी ट्रैफिक लेवल क्रॉसिंग के लिए रबरयुक्त पैनलों का प्रावधान, एसएसई/पी.वे/बीबीके के अंतर्गत 10 लेवल क्रॉसिंग संख्या 168, 169, 170, 172, 175, 177, 178, 179, 181 और 187 (एसजीजे–एलबीएच), 08 लेवल क्रॉसिंग संख्या 26, 27, 29, 30, 31, 32, 37 (एजे–सीपीबी) और 126 (बीक्यूपी–ओएन) एलकेओ–सीएनबी सेक्शन और डीएमडब्ल्यू–ओएन एसएसई/पी.वे/ओएन के अंतर्ग, 08 नंबर लेवल क्रॉसिंग संख्या 5, 6, 8, 9, 11, 12, 17 और 19 (एमकेजी–एजे) एसएसई/पी.वे/लाइन लखनऊ के अंतर्गत। **(2)** सहायक मंडल अभियंता अयोध्या कैंट के अधिकार क्षेत्र में 10 नंबर लेवल क्रॉसिंग नंबर 122, 123, 125, 126, 129, 130, 133, 135, 136 और 137 (एवाईसी–बीएनएम) पर प्री–फैब्रिकेटेड फाउंडेशन और लॉकिंग सिस्टम सहित भारी ट्रैफिक लेवल क्रॉसिंग के लिए रबराइज्ड पैनलों का प्रावधान, एसएसई/पी.वे/आरडीएल के तहत 9 नंबर लेवल क्रॉसिंग नंबर 138, 139, 140, 141, 142, 144, 146, 147 और 149 (बीएनएम–पीटीएच), 09 नंबर लेवल क्रॉसिंग नंबर 86, 88, 91, 91A, 93, 95, 97, 98 और 99 (एबीपी–बीएलजी), 09 नंबर लेवल क्रॉसिंग नंबर 102, 103, 104 एसएसई/पी.वे/एवाईसी के अंतर्गत 107, 108, 109, 111, 113 और 115 (बीएलजी–एवाईसी), एसएसई/पी.वे/आरडीएल के अंतर्गत 8 लेवल क्रॉसिंग संख्या 150, 151, 152, 153, 154, 155, 156 और 157 (पीटीएच–एसवाईके)। |
| 4 | **अनुमानित लागत:** **(1)** Rs. 8,54,81,679.84, **(2)** Rs. 11,22,93,774.45 |
| 5 | **धरोहर राशि:** **(1)** Rs. 5,77,400.00, **(2)** Rs. 7,11,500.00 |
| 6 | **कार्य की समापन अवधि: 1 एवं 2 के लिये:** स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से 6 माह। |
| 7 | **निविदा डालने का प्रारंभ:** 10.06.2025 |
| 8 | **निविदा बंद होने की तिथि एवं समय:** 24.06.2025 at 15:00 hrs. |
| 9 | **वेबसाईट: www.ireps.gov.in** |

**नोट:** 1. निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त वेबसाईट पर उपलब्ध है। **1637/25**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# कटरा बजार ब्लॉक के गांवों में मनरेगा में फर्जी मस्टर रोल का खेल जारी

**प्रधान और सचिवों की मिलीभगत से सिर्फ कागजों में ही निपटा दिए जाते हैं मजदूर,एक ही फोटो के सहारे चल रहा मस्टर रोल**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा। मनरेगा में फर्जी मास्टररोल और फर्जी भुग तान के मामले में करनैलगंज,हलधरमऊ और परस पुर ब्लॉक का नाम सबसे पहले सामने आता था।लेकिन एक कहावत गांव में कही जाती है कि तरबू ज को देख कर खरबूज भी रंग बदलता है।ठीक उ सी तरह कटरा बाजार ब्लॉक भी उन ब्लॉकों की त रह मनरेगा के कार्यों में फर्जी मस्टर रोल और उन के भुगतान में सभी ब्लाकों को पीछे छोड़ अव्वल नंबर पर अपनी जड़े जमाने में जुटा है।हम बात कर रहे हैं महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना यानी मनरेगा की।जिसके तहत सरकार तमाम निचले स्तर के गरीबों और असहाय मजदूरों को वर्ष में मनरेगा योज ना के तहत सौ दिन का कार्य देने के लिए कटि बद्ध है।परंतु देखा जा रहा है कि जनपद मुख्यालय से बीस किलोमीटर की दूरी पर स्थित कटरा बाजार ग्राम प्रधानों और सचिवों के भ्रष्टाचार का अड्डा बनता जा रहा है।केंद्र सरकार की महत्वकंाक्षी योजना मनरेगा के नियमों को ता क कर रख कर खुद की खाऊ कमाऊ नीति से उस की गाइडलाइन के विपरीत फर्जी मस्टरोल का स हारा लेकर फर्जी भुक्तान कराने में लगे हैं जानकारों की माने तो इस कड़ाके की धूप और तापमान तकरीबन 43 डिग्री सेल्सियस जो सुबह से ही शरीर को आग देने वाली रही और सभी लोग अपने अ पने घरों में दुबक कर बैठे रहने को मजबूर थे तो ग्राम पंचायतों के प्रधान और सचिव भी बाहर निक ले के लिए सोचते होंगे। लेकिन इस भीषण गर्मी में भी ग्राम प्रधान,एपीओ और सचिव एसी कमरे में बैठ कर गांवों में मनरेगा के मस्टरोल से खेल करने में जुटे थे। ब्लॉक कर्मचारियों के साथ मिलीभगत कर लाखों का वायरा न्यारा करने में लगे रहे।

### इन गांवों में चल रहा था फर्जी मस्टर रोल का खेल

कड़ाके की धूप ताप मान 43 डिग्री सेल्सियस और इन गांव में फर्जी तरीके से चल रहे हैं मस्टरोल।उ दीं गोण्डा गांव में चार प्रोजेक्ट पर 120 मजदूर म स्टर में कार्य कर रहे हैं,उड़िला में तीन प्रोजेक्ट में 94 मजदूर,तिलका में एक प्रोजेक्ट पर 60 मजदूर,सिंह पुर में दो प्रोजेक्ट पर 66 मजदूर,सरैया में 3 प्रोजेक्ट पर 90 मजदूर,रामापुर में तीन प्रोजेक्ट पर 98 मजदूर,बसभरिया में दो प्रोजेक्ट पर 78 मज दूर,बिकरवा में तीन प्रोजेक्ट पर 73 मजदूर,चपर तल्ला में तीन प्रोजेक्ट पर 66 मजदूर,जगतपुर में दो प्रोजेक्ट पर आठ मजदूर,कटका में 4 प्रोजेक्ट पर 73 मजदूर,कोटिया मदारा में 3 प्रोजेक्ट पर 95 मजदूर, अदृश्य तरीके से काम कर रहे थे।यह तो महज एक बानगी है।

तमाम अन्य ग्राम पंचायतों में भी मनरेगा योजना में यही खेल जारी है। गांवों में फर्जी तरीके से मस्टररोल चालू कर ब्लॉक अधिका रियों के साथ मिलीभगत कर मनरेगा मजदूर अदृ श्य होकर जॉब कार्डों में अपनी हाजिरी लगा कर प्रतिदिन तकरीबन पांच लाख 53 हजार 392 रूपये केंद्र सरकार को चपत लगा कर भुगतान क राने में लगे हैं।

### ईमानदारी से जांच हो तो नपेंगे कई जिम्मेदार

अगर जिले के जिम्मेदार अधिकारी इन मामलों को संज्ञान में लेकर कार्यों का स्थलीय निरीक्षण करें तो सरकार के करोड़ों रुपए गबन होने से बच जाएंगे और शायद ही परसपुर ब्लॉक सीबीआई जांच की जद में आने से बच जाएगा।ईमानदारी पूर्वक जांच हुई तो तमाम जिम्मेदारों की गर्दनें फंस सकती हैं।

### टीम गठित कर कराई जाएगी जांचः मंडलायुक्त

मनरेगा योजना में बड़े पैमाने पर की जा रही लूट के बारे में जिले के जिम्मेदार अधिकारी कुछ भी कहने से बच रहे हैं।इस संबंध में जब देवीपाटन मंडल गोण्डा के आयुक्त शशि भूषण लाल सुशील से बात की गयी तो उन्होंने कहा कि विकास कार्यों में भ्रष्टाचार किसी भी दशा में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।उन्होंने कहा कि टीम गठित कर मनरेगा योजना में भ्रष्टाचार की जांच कराकर कार्रवाई की जाएगी।

## आत्म हत्या के लिए उकसाने पर सौतेली मां पर केस दर्ज

जरवल, बहराइच। जरवल रोड थाना क्षेत्र मे विगत चार दिन पहले शनिवार देर शाम को मुल्ला चौराहे पर रहने वाली किशोरी का फंदे पर लटकता मिला था शव, सुचना पर मौके पर पहुंची जरवल पुलिस ने शव को उतरवा कर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया था, व आगे की जाँच शुरू कर दी गयी थीं, सौतेली माँ पर लग रहा था हत्या का इल्जाम,जरवल रोड थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत बीबीपुर बरवलिया के मुल्ला चौराहा के पास रहने वाली नूरजहां (13) पुत्री हसन ने अज्ञात कारणों से घर के कमरे में दीवाल में लगे कुण्ढे से शनिवार रात फांसी लगाकर जान दे दी थी।पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेज दिया था। किशोरी अपनी सौतेली मां फातिमा के साथ रह रही थी।सूचना पर जरवल पुलिस ने मौके पर पहुंच कर छानबीन शुरू कर दी थी। प्रभारी निरीक्षक जरवलरोड संतोष कुमार सिंह ने बताया कि शमा बानों पत्नी इसरार ने अपनी तहरीर में फातिमा पत्नी हसन मोहम्मद व उनकी लडकी निवासी बरवलिया के खिलाफ मारपीट करने व प्रताडित करने का आरोप लगाया है।तहरीर पर आत्महत्या के लिए उकसाने का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

# एसपी ने सुनीं समस्याएं, कार्रवाई का दिया भरोसा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा। पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने पुलि स का र्यालय में जनसुनवाई के दौरान जनपद भर से आ ए फरियादियों की समस्याओं को विस्तार पूर्वक सु ना,जनसुनवाई के दौरान एसपी ने प्रत्येक प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए उपस्थित अधिका रियों को न्यायोचित एवं समयबद्ध निस्तारण सुनि श्चित करने के निर्देश दिए।एसपी कार्यालय में सुब ह से ही फरि यादी अपनी शिकायतें लेकर पहुंचे थे पुलिस अधी क्षक ने एक-एक कर सभी फरियादि यों को बुलाक र उनकी समस्याएं सुनीं और उनसे प्राप्त प्रार्थना पत्रों का अवलोकन करते हुए आव श्यक कार्रवाई के आदेश दिए।जनसुनवाई के दौरा न एसपी ने मा तहत पुलिस अधिकारियों से कहा कि पीड़ित को समय से न्याय मिलना चाहिए तथा प्रत्येक शिका यत का निष्पक्ष परीक्षण कर उसका समाधान प्राथ मिकता के आधार पर किया जाए।जनसुनवाई में जिव घरेलू विवाद,भूमि संबंधी झगड़े,आपराधिक घटनाओं की रिपोर्ट न लिखे जाने,जांच में लापर वाही जैसी कई शिकायतें सामने आईं।इस पर एस पी ने संबंधित थानाध्यक्षों और क्षेत्रीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे प्रत्येक प्रकरण में कानून के अनुसार त्वरित व निष्पक्ष कार्रवाई करें।पुलिस अ धीक्षक ने यह भी स्पष्ट किया कि आमजन की सम स्याओं का समाधान पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिक ता है।यदि किसी भी स्तर पर लापरवाही या टालम टोल की शिकायत मिली तो संबंधित अधिकारी के विरुद्ध कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।जन सुनवाई के दौरान फरियादियों को भरोसा दिलाया गया कि उनके साथ न्याय होगा और किसी भी दो षी को बख्शा नहीं जाएगा।एसपी ने कहा कि पुलि स जनसेवा का माध्यम है और जनता का विश्वास ही पुलिस की असली पूंजी है।

# उपायुक्त उद्योग कार्यालय पर मुफ्त ट्रेनिंग के लिए साक्षात्कार देने उमड़ी भीड़

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा। भारत सरकार की एक जिला एक उत्पाद'' योजना के तहत मुफ्त ट्रेनिंग पाने के लिए जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केंद्र गोण्डा उपयुक्त उद्योग के कार्यालय पर आवेदकों का ताता लगा रहा।दूर दराज से पुरुष और महिलाएं एवं यु वितयां साक्षात्कार देने के लिए पहुंची।जहाँ पर क ई महिलाएं अपने छोटे छोटे बच्चों को गोद में थाम लाइन में लगी दिखाई दीं और कुछ महिलाएं अव्य वस्था होने के कारण जमीन पर बैठी नजर आई हैं।वही बुद्धवार को नगर में जिला उपयुक्त उद्योग केंद्र पर एक जनपद एक उत्पाद प्रशिक्षण एवं टूल किट योजना के अंतर्गत (मक्का) ट्रेड में ट्रेनिंग दिलाने के लिए आवेदकों का साक्षात्कार आयोजित किया गया।विभाग द्वारा साक्षात्कार के लिए चार सौ 85 आवेदको को बुलाया गया।जिसमें करीब पांच दर्ज न आवेदक विभिन्न कारण से अनुपस्थित रहे।विभा गीय अधिकारियों द्वारा आवेदनों का साक्षात्कार लिया गया।साक्षात्कार के दौरान आवेदकों से विभि न्न तरह के सवाल जवाब किए गए।

## नारकीय जीवन जीने को मजबूर छावनी सरकार के मोहल्ला वासी



गोण्डा। झंझरी विकासखंड के छावनी सरकार गांव के जेल के पास छात्रावास के पीछे मोहल्ले के लो ग नारकीय जीवन जीने को मजबूर हैं।मोहल्ले से निकले नाली के पानी को निकालने की समुचित व्यवस्था नहीं होने से घरों का दूषित पानी पूरे रास्ते पर जमा हो रहा है,जिससे आम लोगों का निकल ना दूभर हो गया है।घरों के सामने जमे पानी से सं क्रामक रोग फैलने की आशंका हो चली है।गांव के लोग कई बार ग्राम प्रधान सहित जिले के आलाधि कारियों से समाधान की गुहार लगा चुके हैं।लेकिन नतीजा नहीं निकला।मोहल्ले की आबादी लगभग सैकड़ो से अधिक है।लेकिन गांव के रास्तों की ख स्ता हालत से गांव की सफाई व्यवस्था का सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है।मोहल्ले के प्रमुख रास्ते पर दूषित जलभराव के कारण लोगों का रात तो क्या दिन में वहां से निकलना दुर्लभ हो गया है। रास्ते में कीचड़ व दूषित जलभराव से संक्रामक रोग फैलने की आशंका हो चली है।मोहल्ला वासी कई बार ग्राम प्रधान और अधिकारियों से शिकाय त कर चुके हैं,लेकिन सुनवाई नहीं होने से गांव के लोग मायूस हैं।मोहल्ले में पूरा रास्ता नरक बना हुआ है।मोहल्ला निवासी सदाम,आसिफ,आरिफ अन्नू,सोनू,संजय,पवन कुमार,केदार,आदि ग्रामीणों ने बताया कि अगर जल्दी ही दूषित जल निकासी की व्यवस्था की जानी चाहिए जिससे आम जन परेशान न हो।

### सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन 09 जून को

बहराइच । जन समस्याओं के त्वरित निस्तारण के उद्देश्य से प्रत्येक माह के प्रथम व तृतीय शनिवार को आयोजित होने वाले सम्पूर्ण समाधान दिवस की कड़ी में माह जून के प्रथम शनिवार 07 जून को बकरीद का त्यौहार तथा 08 जून को साप्ताहिक अवकाश होने के कारण 09 जून 2025 को तहसील मिहींपुरवा में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में तथा तहसील महसी में अपर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित होगा। शेष तहसीलों में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता सम्बन्धित उप जिलाधिकारी करेंगे।

### नवोदय विद्यालय के कक्षा 06 में प्रवेश के29 जुलई तक कर सकते है आनलाइन आवेदन

बहराइच । जवाहर नवोदय विद्यालय कीर्तनपुर, बहराइच के प्रभारी प्राचार्य रऊफ अहमद ने बताया कि शैक्षणिक स्त्र 2026-27 हेतु कक्षा 06 में प्रवेश हेतु आनलाइन आवेदन की प्रक्रिया 02 जून 2025 से प्रारम्भ हो गई है। इच्छुक व्यक्ति नवोदय विद्यालय समिति की वेबसाइट नवोदय डाट जीओवी डाट इन अथवा सीबीएसईआईटीएमएस डाट आरसीआईएल डाट जीओवी डाट इन/एनवीएस पर 29 जुलाई 2025 तक निःशुल्क आनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इच्छुक अभिभावक जिनके बालक-बालिकाएं शैक्षणिक सत्र 2025-26 में कक्षा 5 में अध्ययनरत हैं, आनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

# केविल चोरी के मामले में आधा दर्जन लोग गिरफ्तार

**पुलिस ने आरोपियों के पास से सात लाख का केबल, ड्रम, पेंट का डब्बा और कपड़े बरामद किये है**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा। जिले के परसपुर थाना क्षेत्र में पुलिस ने विद्युत केबल चोरी के मामले में छःआरोपियों को गिरफ्तार किया है।आरोपी राशिद,इस्माइल,विजय, मकदूम,नाजिर और अमन विद्युत अनुरक्षण का काम करते थे। इन्होंने बलमत्थर से सात लाख रुपए की एक सौ बीस केबी विद्युत केबल चोरी की थी। आरोपियों ने चोरी की केबल को नगर कोत वाली क्षेत्र के गायत्री पुरम निवासी अशोक और ऋषभ को सौंप दी थी। पुलिस ने केबल बेचने की योजना बनाते समय इन्हें पकड़ा। आरोपियों के पास से केबल ड्रम,पेंट का डब्बा और कपड़े बरामद हुए हैं। सभी आरोपी एनसीसी कंपनी में ठेकेदार सुनील कुमार पाण्डेय के अधीन काम करते थे। चो री की केबल को निरंकार दुबे के मकान के स्टोर रू म में छिपाया गया था।आरोपी यहां से ट्रैक्टर-ट्राली से केबल ले जाकर काम करते थे।आरोपियों ने अ पने ही ठेकेदार को गुमराह करने के लिए केबल चो री की झूठी सूचना दी थी।अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी राधेश्याम राय और थानाध्यक्ष तेज प्रताप के अनुसार,सभी आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया है।न्यायालय ने उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।फरार आरोपियों अशोक और ऋष भ की तलाश जारी है।

# महिला आयोग व एसटीएफ मिलकर शिवदीन के बहन की कल करवाएंगे शादी

कैनविज टाइम्स संवाददाता





**एडीजी अमिताभ यश ने डिप्टी एसपी धर्मेश कुमार शाही को शादी संपन्न करने की दी जिम्मेदारी**

गोण्डा। उमरीबेगमगंज के धन्नीपुरवा निवासी शिव दीन की हत्या के बाद उनकी बहन की शादी का पूरा जिम्मा राज्य महिला आयोग व एडीजी एस टीएफ चीफ अमिताभ यश ने लिया है।धन्नीपुरवा निवासी शिवदीन की बहन की कल धन्नीपुरवा गांव धूमधाम से कराई जाएगी शादी।राज्य महिला आयोग की सदस्य ऋतु शाही ने शिवदीन के घर पहुंचकर पीड़ित परिजनों के आंसू पोछे।शिवदीन की हत्या से व्यथित बहन व मां महिला आयोग की सदस्य से लिपटकर फफक पड़ीं।ऋतु शाही ने परिजनों को सांत्वना देते हुए पूरी शादी की जिम्मे दारी लेने की बात कही।उसके बाद रितु शाही शादी को संपन्न करने के लिए एक-एक समान का इंतजाम करने में जुड़ गई।शिवदीन की बहन की शादी की बात यूपी पुलिस के एडीजी अमिताभ व एसटीएफ चीफ अमिताभ यश से साझा की, अमि ताभ राज महिला आयोग के सदस्य रितु शाही की बात सुनते ही भावुक हो गए।अमिताभ यश ने शिवदीन की बहन की शादी अच्छे ढंग से कराना हमारी जिम्मेदारी है।उन्होंने कहा बेटी की शादी में किसी भी प्रकार की कमी नहीं होगी मैं अपने टीम के डिप्टी एसपी धर्मेश कुमार शाही को यह जिम्मे दारी देता हूं।वह पूरी टीम के साथ जाकर शिवदीन की बहन के शादी में अच्छे से अच्छे खाने का व्य वस्था व सारे सामान एसटीएफ की तरफ से दें। धर्मेश कुमार शाही ने कहा शिवदीन के बहन के शादी में किसी भी प्रकार की कमी नहीं होने देंगे एसटीएफ के पूरी टीम व राज्य महिला आयोग की सदस्य रितु शाही मिलकर शादी को संपन्न करवा एंगे।समीर त्रिपाठी मेधज ग्रुप के डायरेक्टर ने शिवदीन के बहन के शादी को संपन्न करने के लिए बढ़ चलकर हिस्सा लिया और एक समाज में मैसेज भी दिए।ऐसे पीड़ित परिवार के साथ खड़ा रहना चाहिए।

# वर्षों पहले लव मैरिज, फिर पत्नी की किसी और से अफ़ेयर के शक में गला रेत कर हत्या

**हत्या करने के बाद पति थाने पहुंचकर कर दिया सरेंडर , बोला- लाश जाकर उठा लो**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोरखपुर । सहजनवां में पति ने पत्नी की गला रेतकर हत्या कर दी। एक घंटे तक लाश के पास बैठा रहा, फिर थाने पहुंचकर सरेंडर कर दिया। थानेदार से बोला- मैंने अपनी पत्नी को मार डाला है, लाश घर पर पड़ी है। जाकर उठा लो। यह सुनते ही पुलिसकर्मी हैरान रह गए।पुलिस आरोपी को लेकर मौके पर पहुंची। वहां महिला की लाश बेड पर खून से लथपथ हालत में मिली। जांच के बाद शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया। बेटी की मौत की सूचना मिलते ही उसकी मां घर पहुंचीं। लाश देखते ही वह बेहोश हो गईं।पुलिस की शुरुआती जांच में सामने आया है कि आरोपी ने दो साल पहले लव मैरिज की थी। पत्नी पर किसी और से अफ़ेयर का शक होने के कारण बुधवार सुबह हत्या कर दी। मामला गोरखपुर के सहजनवा क्षेत्र के बाहिलपार गांव का है।आरोपी अंगद शर्मा सहजनवा का निवासी है। वह कर्नाटक में बढ़ई का काम करता था। दो साल पहले उसने नेहा नाम की युवती से लव मैरिज की थी। नेहा का घर अंगद के घर के सामने था। दोनों की जाति अलग होने के कारण परिवार इस शादी के खिलाफ थे। इसलिए दोनों ने मंदिर में जाकर शादी की थी।शादी के बाद अंगद नेहा को लेकर कर्नाटक चला गया। कुछ समय बाद वह उसे गांव ले आया। नेहा को सहजनवा में किराए पर कमरा दिलवाया गया, लेकिन बाद में वह गीडा थाना क्षेत्र में अपनी बड़ी बहन के घर चली गई। वहां वह एक वाहन एजेंसी में काम करने लगी।दो महीने पहले अंगद कर्नाटक से वापस लौटा। उसने नेहा को फोन पर बात करते हुए देख लिया। पूछने पर नेहा ने बताया कि वह कंपनी के प्रोजेक्ट को लेकर बात कर रही थी। इसी बात को लेकर दोनों में रोज झगड़े होने लगे।3 जून की रात दोनों में फिर लड़ाई हुई। इसके बाद दोनों सो गए। बुधवार सुबह अंगद ने पहले नेहा के सिर पर वार किया और फिर गला रेत दिया। हत्या के बाद वह एक घंटे तक लाश के पास बैठा रहा। फिर थाने जाकर खुद सरेंडर कर दिया।एसपी नॉर्थ जितेंद्र कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि आरोपी ने खुद थाने आकर सरेंडर किया है। घटनास्थल से साक्ष्य इकट्ठा कर लिए गए हैं। हत्या में प्रयुक्त धारदार हथियार भी बरामद कर लिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।वही सहजनवां पुलिस मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही कर रही है।

### तेज रफ्तार डीसीएम की टक्कर से दो किशोरों की मौत

कैसरगंज, बहराइच। दर्दनाक सड़क हादसे ने दो युवकों की जान ले ली और दो परिवारों की खुशियों को गहरा शोक में बदल दिया। यह हृदयविदारक दुर्घटना लख़नऊ बहराइच नेशनल हाईवे पर निकट परमहंस पी.जी. कॉलेज के पास हुई, जहां तेज रफ्तार से आ रही एक डीसीएम और मोटरसाइकिल की आमने-सामने टक्कर हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, टक्कर इतनी भीषण थी कि एक किशोर की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। उपचार के लिए अस्पताल ले जाते समय उसने भी रास्ते में दम तोड़ दिया।मृतकों की पहचान मोहम्मद सुफियान पुत्र जुबेर अहमद, निवासी डिहवा शेर बहादुर सिंह और शिवा वर्मा पुत्र अनिल वर्मा, निवासी खपुरवा, थाना फखरपुर के रूप में हुई। दोनों किशोर बाइक से जरवल से कैसरगंज की ओर आ रहे थे, तभी विपरीत दिशा से आ रही तेज गति वाली डीसीएम ने टक्कर मार दी। घटना की सूचना मिलते ही कैसरगंज पुलिस टीम मौके पर पहुंची और दोनों घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कैसरगंज भेजा गया, लेकिन तब तक दोनों की मृत्यु हो चुकी थी।कैंसरगंज पुलिस ने ट्रक को कब्जे मे ले लिया, तथा शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# किसानों को मिली उन्नत तकनीकों व मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना की जानकारी

**किसानों को उन्नत कृषि तकनीकों, विशेष रूप से मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन और मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी**




कैनविज टाइम्स संवाददाता

नानपारा, बहराइच। कृषि विज्ञान केंद्र, नानपारा द्वारा ल्वविकसित कृषि संकल्प अभियानङ्क के अंतर्गत विकासखंड बलहा के ग्राम लालबोझी, परसा अगैय्या एवं सरैया में मृदा स्वास्थ्य जागरूकता एवं तकनीकी प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन हुआ जिसमें बड़ी संख्या में किसानों ने भाग लिया। कार्यक्रम में केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. पी.के. सिंह, सुनील कुमार, उमेश कुमार एवं संदीप कुमार गौतम ने किसानों को उन्नत कृषि तकनीकों, विशेष रूप से मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन और मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना के बारे में विस्तृत जानकारी दी। डॉ. पी.के. सिंह ने बताया कि एकीकृत पोषक तत्व प्रबंधन (आई.एन.एम.) प्रणाली के माध्यम से न केवल मिट्टी की उर्वरता में सुधार संभव है, बल्कि यह रासायनिक उर्वरकों पर निर्भरता को भी कम करता है। इससे उत्पादन लागत घटती है और टिकाऊ कृषि को बढ़ावा मिलता है। उन्होंने किसानों से कार्बनिक खाद, जैविक उर्वरक एवं सूक्ष्म पोषक तत्वों के संतुलित प्रयोग की अपील की। कार्यक्रम में मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना की भी विस्तृत जानकारी दी गई। वैज्ञानिकों ने बताया कि यह योजना भारत सरकार द्वारा किसानों को उनकी भूमि की मृदा गुणवत्ता और पोषक तत्वों की स्थिति की जानकारी देने हेतु प्रारंभ की गई है। इसके अंतर्गत मुफ्त मृदा परीक्षण की सुविधा दी जाती है, जिसमें भूमि के नमूनों को लेकर पोषण स्तर का आकलन किया जाता है। विशेषज्ञों ने यह भी बताया किः मृदा नमूना संग्रह हेतु किसान संबंधित जिला/राज्य नोडल अधिकारी से संपर्क कर सकते हैं। जियो टैगिंग और क्यूआर कोड की मदद से भूमि का डिजिटल रिकॉर्ड तैयार किया जाता है। कार्ड में पोषक तत्वों की स्थिति के आधार पर उर्वरकों की सटीक मात्रा निर्धारित की जाती है, जिससे उत्पादन में सुधार होता है।कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केंद्र की टीम ने किसानों को सरकारी योजनाओं, अनुदान, और उन्नत तकनीकों की जानकारी देकर उन्हें लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। कृषि विभाग एवं अन्य संबद्ध विभागों के अधिकारियों ने भी भाग लेकर योजनाओं का लाभ लेने हेतु किसानों को मार्गदर्शन प्रदान किया। किसानों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि मृदा स्वास्थ्य कार्ड जैसी योजनाएं उनकी खेती में नए बदलाव ला रही हैं और उन्नत कृषि की दिशा में यह कदम अत्यंत लाभकारी सिद्ध हो रहा है।

# सिलाई प्रशिक्षण का दीप प्रज्वलन कर किया शुभारंभ

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पीलीभीत। बड़ौदा स्वरोजगार विकास संस्थान आरसेटी पीलीभीत द्वारा आयोजित सिलाई प्रशिक्षण कार्यक्रम का भव्य शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इस अवसर पर एनआरएलएम के डीएमएम प्रदीप गौतम मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे हैं।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रदीप गौतम एवं बड़ौदा स्वरोजगार विकास संस्थान के निदेशक रवि कुमार द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया है।जो ज्ञान और सशक्तिकरण के प्रतीक के रूप में था। इस अवसर पर अपने संबोधन में प्रदीप गौतम ने कहा कि सिलाई का हुनर महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यह प्रशिक्षण न केवल उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त करेगा,बल्कि उनके आत्मविश्वास को भी बढ़ाएगा।उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों को लगन और मेहनत से सीखने के लिए प्रेरित किया।बड़ौदा स्वरोजगार विकास संस्थान के निदेशक रवि कुमार ने कार्यक्रम के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए बताया कि इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का लक्ष्य ग्रामीण एवं निम्न आय वर्ग की महिलाओं को सिलाई का व्यावसायिक प्रशिक्षण प्रदान करना है।ताकि वे स्वरोजगार के अवसर पैदा कर सकें या छोटे उद्योगों में रोजगार प्राप्त कर सकें। उन्होंने बताया कि यह प्रशिक्षण 31 दिन तक चलेगा और इसमें प्रशिक्षण में शामिल मुख्य बिंदु जैसेः विभिन्न प्रकार के वस्त्रों की सिलाई, कटिंग, डिज़ाइनिंग आदि सिखाई जाएगी।इस अवसर पर फ़िजा खानम कार्यक्रम समन्वयक, जगदीश कुमार वित्तीय साक्षरता एवं ऋण परामर्श दाता एवं अन्य आरसेटी स्टाफ भी उपस्थित रहा हैं।साथ ही सभी प्रशिक्षणार्थियों को शुभकामनाएं दीं। प्रशिक्षण में भाग लेने वाली महिलाओं ने इस पहल के लिए आयोजकों का आभार व्यक्त किया और अपनी उत्सुकता जाहिर की।यह प्रशिक्षण कार्यक्रम महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और समाज में उनकी भागीदारी बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। बड़ौदा स्वरोजगार विकास संस्थान के निदेशक ने कहा कि यह पहल भविष्य में भी जारी रहेगी और अधिक से अधिक महिलाएं इससे लाभान्वित होंगी।

# उत्तर प्रदेश के नगर निकायों का प्रतिनिधित्व करने पहुंची चेयरमैन आस्था अग्रवाल सहित सात महापौर-अध्यक्ष नामित

## लखनऊ में तैयार किया जा रहा है 16 वें वित्त आयोग का खाका

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पीलीभीत।16वें केंद्रीय वित्त आयोग द्वारा आयोजित बैठक में नगर निकायों के प्रतिनिधियों के साथ चर्चा के दौरान नगर पालिका अध्यक्ष डॉ आस्था अग्रवाल ने विभिन्न बिंदुओं पर अपने विचार रखें। 15वें वित्त आयोग के नियमों में परिवर्तन करके 16वें वित्त आयोग को क्रियानवित करने में क्या-क्या परिवर्तन किया जा सकते हैं, इसके प्रस्ताव रखें। 15वें वित्त में आने वाली समस्याओं के सम्बन्ध में जानकारी दी और 16वें वित्त में क्या-क्या परिवर्तन किया जा सकते हैं इस पर विचार व्यक्त किए।लखनऊ में 16वें वित्त आयोग के अध्यक्ष की अध्यक्षता में हुई बैठक में पालिका अध्यक्ष डॉ आस्था ने 15वें वित्त आयोग के अंतर्गत प्राप्त धनराशि से निकाय में क्या-क्या कार्य कराए गए हैं। जिससे निकाय की स्थिति में सुधार हुए हैं।उनकी जानकारी दी। ऐसे कार्यक्षेत्र जिसके लिए 16 वें वित्त आयोग से धनराशि प्राप्त हो उसका कारण सहित विवरण प्रस्तुत किया। यदि 15वें वित्त आयोग की अवधि में धनराशि प्राप्त नहीं हुई तो इसके लिए 16वें वित्त आयोग में क्या प्रावधान किया जा सकता हैं, उसका विवरण दिया। पालिका अध्यक्ष डॉ आस्था अग्रवाल ने बताया कि 16 वें वित्त आयोग के लिए रूप-रेखा तैयार की जा रही है। जिसकी बैठक में उन्हें प्रदेश के निकायों की प्रतिनिधियों के साथ चर्चा करने के लिए नामित किया गया था। इसके सम्बन्ध में उन्होंने लखनऊ में हुई बैठक में विस्तार से चर्चा की। पालिका अध्यक्ष के कई विषयों को 16वें वित्त में सम्मिलित करने की सिफारिश की गई है।

बैठक में 16वें वित्त आयोग के अध्यक्ष, प्रमुख सचिव वित्त संसाधन, विशेष सचिव नगर विकास सहित नगर विकास मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

## तराई क्षेत्र में एक साथ शौचालय टैंक में दम घुटने से हुई तीन मौते पसरा सन्नाटा

पूरनपुर।थाना माधोटाडा क्षेत्र के गांव सेल्हा में शौचालय के टैंक में घुसे दंपति सहित तीन की दम घुटने से दर्दनाक मौत हो गई। घटना से क्षेत्र में खलबली मच गई। सूचना मिलने के बाद तहसीलदार और माधोटांडा पुलिस पहुंच गई। शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा गया है। अचानक हुई घटना से परिजनों का रोकर बुरा हाल है। थाना माधोटाडा क्षेत्र के गांव सेल्हा निवासी प्रहलाद की तीन बेटियों में तनु, मीता व संगीता हैं। सभी का विवाह हो चुका है। कुछ साल पहले कार्तिक विश्वास ने अपने ससुर के पड़ोस में ही जगह खरीद ली थी। बुधवार प्रहलाद उम्र 49 वर्ष शौचालय के टंकी में घुसे थे। तभी गैस अधिक होने से वह तड़पने लगे। यह देख दामाद कार्तिक विश्वास उन्हें बचाने पहुंचा तो वह भी बेहोश हो गया। पिता और पति को बेहोश देख तनु विश्वास भी शौचालय के टंकी में घुस गई। कुछ देर बाद तीनों की तड़प कर दम घुटने से मौत हो गई। जानकारी लगने के बाद क्षेत्र में खलबली मच गई।

# राज्यपाल ने की अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर दिए निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत।बुधवार को गांधी सभागार में उत्तर प्रदेश की मा0 राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह, पुलिस अधीक्षक अभिषेक यादव, मुख्य विकास अधिकारी के0के0सिंह, मुख्य चिकित्साधिकारी सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए राज्यपाल ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि गावों में विशेष कैंप लगाकर सरकारी योजनाओं का लाभ अभियान चलाकर लोगों तक पहुँचाया जाए। साथ ही, स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार पर ज़ोर दिया जाए। मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया कि निजी चिकित्सालयों से प्रसव से संबंधित डेटा एकत्र किया जाए। संस्थागत प्रसवों में बढोत्तरी करने के निर्देश दिए। मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देश दिए कि अल्ट्रसाउण्ड सेंटर का निरीक्षण किया जाये। बैठक में मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया 70 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके लोगों का गांवों में कैम्प लगाकर आयुष्मान कार्ड बनाए जाए। राज्यपाल ने निर्देश दिए कि आंगनबाड़ी केंद्रों व विद्यालयों में आवश्यक होम्योपैथिक दवाएं उपलब्ध कराई जाएं और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को इनके उपयोग का प्रशिक्षण दिया जाए। बैठक में उन्होंने कहा कि प्रत्येक माह आंगनबाडी केन्द्रों के माध्यम गर्भवती महिलाओं व बच्चों को पोषाहार वितरित किया जाये तथा केन्द्रों पर कार्यशाला आयोजित की जाए। इसके साथ ही आंगनबाडी केन्द्रों के कायाकल्प के सम्बन्ध में जानकारी ली, इस दौरान अवगत कराया गया कि 44 केन्द्रों में से 22 आंगनबाडी केन्द्र को कायाकल्प से संतृप्त किया जा चुका है शेष पर कार्य चल रहा है। बैठक में उन्होंने कहा कि छह वर्ष के सभी नामांकित बच्चों का परिषदीय स्कूलों में अनिवार्य रूप से नामांकन कराने के निर्देश भी दिए। इस दौरान उन्होंने साक्षरत दर बढ़ाने हेतु निर्देशित किया।

## मीडिया कर्मी के पिता का हुआ निधन विधायक ने व्यक्त की शोक संवेदना

पीलीभीत। गजरौला कला कस्बा निवासी पत्रकार के पिता की हृदय गति रूकने से आकस्मिक निधन हो गया।निधन की खबर से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। सैकड़ो नम आंखों ने अंतिम विदाई दी। बरखेड़ा विधायक ने फोन कर शोक संवेदना व्यक्त की।थाना क्षेत्र के पत्रकार सर्वेश शर्मा के पिता श्यामाचरण की सोमवार को अचानक तबियत बिगड़ गई। इलाज के लिए हाईवे पर स्थित मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। मंगलवार को हालत अधिक बिगड़ जाने पर बरेली रेफर कर दिया। मंगलवार की रात इलाज के दौरान निजी अस्पताल में अंतिम सांस ली।श्यामाचरण के दो बेटे हैं।बड़े बेटे सुरेश कुमार ने पिता को मुखाअग्नि दी। पत्रकार के पिता के निधन की खबर से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। गांव की महिलाओं ने शोकाकुल परिजनों को ढाढस बंधाया।

# शहीद हवलदार लखविंदर सिंह को राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख ने दी अंतिम विदाई



कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत।जनपद के प्रभारी मंत्री कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान विभाग यूपी बलदेव सिंह औखल ने सिक्किम के लाचुंग में भूस्खलन में जनपद के शहीद लखविंदर सिंह पुत्र गुरदेव सिंह निवासी ग्राम धुरिया पलिया थाना माधौटांडा के घर पहुंचे और परिजनों से मिले और हर सम्भव मद्द करने का आश्वासन दिया। इस दौरान परिजनों ने बताया कि सिक्किम में देश की सेवा के दौरान अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हुये सर्वोच्च बलिदान दिया। इस दौरान उन्होंने शहीद हवलदार लखविंदर सिंह के पार्थिव शरीर के अंतिम दर्शन कर श्रद्धांजाति अर्पित करते हुए शहीद के परिजनों से भेंट कर सांत्वना दी। इस दौरान उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना करते हुये शहीद की आत्मा चिरशांति एवं परिजनों को इस अपार दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करे।

## मनरेगा मजदूरों की हाजिरी में धांधली, 14 बी डीओ को नोटिस

सुल्तानपुर। मनरेगा मजदूरों की हाजिरी लगाने में फर्जीवाड़े का मामला पकड़ा गया है। एप पर 30 मई को अपलोड की गई मजदूरों की फोटो व दर्शाई गई श्रमिकों की संख्या में गड़बड़ी मिली है। हाजिरी व अपलोड फोटो में भिन्नता मिलने पर सीडीओ के निर्देश पर उपायुक्त मनरेगा ने सभी खंड विकास अधिकारियों को नोटिस जारी किया है। मनरेगा के एप पर अखंडनगर के रुपईपुर ग्राम पंचायत के मस्टर रोल संख्या 666 में कार्यस्थल पर तालाब की खोदाई में 10 मजदूर दर्शाए गए हैं। इसमें सात महिला श्रमिकों के नाम अंकित हैं, लेकिन फोटो में 10 महिलाएं दिख रही हैं। यही हाल इस गांव के चार अन्य मस्टररोल का है। इसी तरह अन्य 13 विकास खंडों के एक-एक गांव में कार्यस्थल पर दर्शाए गए कुल मजदूरों व फोटो में दिख रहे मजदूरों में भिन्नता मिली है। काफी संख्या में मजदूरों के हाथ में फावड़ा, गैंता, कुदाल व तसला भी नहीं है। अधिकांश मजदूर खाली हाथ दिख रहे हैं। मनरेगा के उपायुक्त ने एक-एक ग्राम पंचायत के एप जांच करवाने में खुलासा हुआ।

# अमेठी में नवयुवक की गला रेतकर हत्या से फैली सनसनी

## पुलिस अधीक्षक ने घटना स्थल का निरीक्षण कर परिजनों से बातचीत कर मातहतों को दिया निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता



अमेठी । थाना संग्रामपुर क्षेत्र के गांव पूरे रामा चौहान में मंगलवार की रात एक बाइस वर्षीय युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई है।मृतक का शव पड़ोसी के घर में मिलने से सनसनी फैल गई है जिसके हाथ पैर रस्सी से बंधे थे और मुंह में कपड़ा ठूंसा गया था। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस के साथ ही पुलिस अधीक्षक ने घटना स्थल का निरीक्षण कर मातहतों को सख्त कार्यवाही करने का निर्देश दिया है। थाना क्षेत्र के गांव पूरे रामा चौहान निवासी सागर कोरी पुत्र सिद्धार्थ मंगलवार की रात को खाना खाकर छत पर सोया था बुधवार की सुबह उसका शव एक पड़ोसी की सरिया में मिला। मृतक के परिजनों की मानें तो शव की स्थिति से हत्या की संभावना जताई जा रही है।मृतक के हाथ पैर रस्सी से बंधे थे। मुंह में कपड़ा ठूंसा गया था। शव को पन्नी और कंबल से ढककर छिपाने का प्रयास किया गया था। बुधवार की सुबह सागर के गायब होने पर परिजनों ने खोजबीन शुरू की। उसकी छोटी बहन को पचास मीटर दूर पशुशाला में शव मिला। परिजनों का आरोप है कि सागर को पहले बेहोश किया गया। फिर गला रेतकर हत्या की गई। वह इस वारदात को पूर्व नियोजित साजिश मान रहे हैं। मृतक के पिता सिद्धार्थ मुम्बई में प्राइवेट नौकरी करते हैं और मां संगीता,एक छोटा भाई और दो बहनें गांव में रहती हैं। घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे थाना प्रभारी बृजेश सिंह ने बताया कि फील्ड यूनिट से साक्ष्य जुटाये गये हैं और गांव में पुलिस बल तैनात किया गया है।पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक ने घटना स्थल का निरीक्षण किया तथा घटनास्थल पर मौजूद लोगों एवं परिजनों से वार्ता की है। पुलिस अधीक्षक द्वारा घटना के अनावरण व आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु स्थानीय पुलिस को आवश्यक निर्देश दिये गये हैं।इस दौरान क्षेत्राधिकारी मनोज कुमार मिश्र सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# औषधियों के विवेकपूर्ण उपयोग विषय पर संगोष्ठी आयोजित

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुलतानपुर। ऑटोनॉमस स्टेट मेडिकल कॉलेज के फार्माकोलॉजी विभाग द्वारा ्ल्रऔषधियों के विवेकपूर्ण उपयोगङ्क विषय पर एक शैक्षणिक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में विभाग की सहायक आचार्य डॉ. स्वाति राय ने अत्यंत सारगर्भित एवं प्रभावशाली प्रस्तुति दी।

डॉ. स्वाति राय ने अपने व्याख्यान में औषधियों के अनुचित उपयोग से उत्पन्न होने वाले दुष्परिणामों पर प्रकाश डाला तथा विवेकपूर्ण एवं वैज्ञानिक दृष्टिकोण से दवा चयन, मात्रा, मार्ग एवं अवधि के निर्धारण की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने डब्लूएचओ द्वारा निर्धारित औषधि उपयोग के सिद्धांतों के साथ-साथ भारत में व्याप्त प्रचलित चुनौतियों एवं समाधानात्मक उपायों की भी चर्चा की। इस संगोष्ठी में प्राचार्य डॉ. सलील कुमार श्रीवास्तव सहित महाविद्यालय के समस्त विभागों के संकाय सदस्य ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। प्राचार्य ने डॉ. स्वाति राय की प्रस्तुति की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के शैक्षणिक कार्यक्रम छात्रों में नैतिक, वैज्ञानिक एवं व्यावहारिक सोच को विकसित करते हैं और उन्हें एक उत्कृष्ट चिकित्सक बनने की दिशा में प्रेरित करते हैं। कार्यक्रम का संचालन फार्माकोलॉजी विभाग द्वारा किया गया एवं यह आयोजन शैक्षणिक वातावरण को सुदृढ़ बनाने की दिशा में एक सफल पहल सिद्ध हुआ।

## नवनियुक्त बार एसोसिएशन के अध्यक्ष का कायस्थ महासभा ने किया स्वागत

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। अधिवक्ता एसोसिएशन पूरनपुर वार्षिक चुनाव में संजय सक्सेना अजीत को पुनः आठवीं वार अध्यक्ष चुने पर एवं प्रदीप सक्सेना को कोषाध्यक्ष चुने पर अखिल भारतीय कायस्थ महासभा ने स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।प्रभात सक्सेना एडवोकेट, धीरज प्रधान एडवोकेट,रजत सक्सेना, शलभ सक्सेना, हर्ष प्रधान भाजपा नगर अध्यक्ष पूरनपुर, सौरभ सक्सेना सभासद, मयंक सक्सेना, अभिषेक सक्सेना आदि लोग मौजूद रहे हैं।

## गहलुइया में ब्लास्ट से मां बेटे, हाफिज सहित चार जख्मी, दो की हालत गंभीर

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। बंद घर में ब्लास्ट होने से मां बेटे सहित चार जख्मी हो गए। तेज धमाके से गांव में खलबली मच गई। मौके पर पहुंचे लोगों की मदद से घायलों को उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया। जानकारी लगने के बाद कोतवाल ने जांच पड़ताल की है। घायलों में दो की हालत गंभीर बताई जा रही है। ब्लास्ट कैसे हुआ पुलिस इसकी पड़ताल में जुटी हुई है।कोतवाली क्षेत्र के गांव जादौपुर गलुईया निवासी पूर्व प्रधान गुलाम खान की पत्नी हसीन बानों बंद पड़े घर में साफ सफाई कर रही थी। तभी ब्लास्ट होने से उनका पुत्र ताज मोहम्मद पड़ोसी असलम और हाफिज वाहिद अली जख्मी हो गए। तेज धमाका होने की घटना से गांव में अफरा तफरी मच गई। जानकारी लगने के बाद काफी संख्या में ग्रामीण पहुंच गए। आनन फानन में घायलों को उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया। सूचना मिलने के बाद कोतवाली पुलिस ने भी अस्पताल पहुंचकर घायलों के बयान दर्ज किए हैं। घायल हसीन बानों ने बताया ईद के त्यौहार को लेकर सफाई कर रही थी। तभी शीशा सहित कई धातु मिक्स एक गोला दिखाई दिया। मामले की जानकारी हाफिज वाहिद अली पहुंचकर गोले को हाथ में रखकर देख रहे थे। तभी तेज धमाका हो गया। उपचार के दौरान डॉक्टरों ने घायलों के शरीर से शीशा भी निकाला। एएसपी विक्रम दहिया ने बताया पटाखा नुमा बस्तु फटने से चार लोग घायल हुए हैं। बंद घर में सफाई के दौरान घटना हुई है।

## डीएम ने अस्थायी गोवंश आश्रय स्थल की साफ-सफाई का निर्देश दिया

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। जिलाधिकारी संजय चौहान व पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक ने आज संयुक्त रूप से विकासखंड बहादुरपुर के अंतर्गत संचालित अस्थायी गोवंश आश्रय स्थल मोहइया केसरिया का स्थलीय निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होंने गोवंशों के संरक्षण, उनके आहार, चिकित्सा और साफ सफाई संबंधी व्यवस्थाओं का गहन निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने गौशाला में संरक्षित एक सौ पच्चीस गोवंशों की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने पाया कि कुछ गोवंशों की ईयर टैगिंग नहीं की गई है, जिस पर उन्होंने सभी गोवंशों की ईयर टैगिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिया। बीमार गोवंशों के उपचार के संबंध में जिलाधिकारी द्वारा जानकारी ली गई तथा उनकी देखभाल करने हेतु संबंधित पशु चिकित्साधिकारी को निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक्त जिलाधिकारी द्वारा गौशाला में हरे चारे के संबंध में जानकारी ली गई। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने स्टॉक रजिस्टर, टीकाकरण रजिस्टर, चारा,भूसा रजिस्टर एवं केयरटेकर के भुगतान की स्थिति का भी अवलोकन किया और सभी अभिलेखों को नियमित रूप से अद्यतन रखने के निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सभी गोवंशों की समुचित देखभाल की जाये विशेष रूप से कमजोर और बीमार गोवंशों पर विशेष ध्यान दिया जाय। उन्होंने गौशाला परिसर में साफ सफाई की स्थिति को बेहतर बनाए रखने हेतु भी आवश्यक निर्देश प्रदान किया। निरीक्षण के दौरान उपजिलाधिकारी अमित सिंह, पुलिस क्षेत्राधिकारी डॉ अजय कुमार सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## अस्थाई स्लाटर हाउस का डीएम व एसपी ने किया स्थलीय निरीक्षण

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता । जिलाधिकारी संजय चौहान व पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक ने संयुक्त रूप से आगामी बकरीद त्यौहार के दृष्टिगत नगर पालिका परिषद जायस में अस्थाई स्लाटर हाउस का स्थलीय निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने अस्थाई स्लाटर हाउस में सीसीटीवी कैमरा लगवाने, पानी की व्यवस्था, साफ सफाई व चूना छिड़काव आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश अधिशासी अधिकारी को दिया तथा कुर्बानी के उपरांत अवशेष को सुव्यवस्थित तरीके से निस्तारित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि किसी भी दशा में प्रतिबंधित पशुओं की कुर्बानी नहीं होनी चाहिये इसका विशेष ध्यान रखा जाय। उन्होंने कहा कि कुर्बानी के उपरांत लोग मीट को अच्छे से ढक कर अपने अपने घर ले जाएं तथा किसी के भी द्वारा कुर्बानी का वीडियो सोशल मीडिया पर प्रचारित प्रसारित न किया जाय इसका भी ध्यान रखें अन्यथा संबंधित के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जायेगी।

# पेयजल परियोजना में लापरवाही बर्दाश्त नही होगी : डीएम

कैनविज टाइम्स संवाददाता

## जल जीवन मिशन के तहत निर्माणाधीन ग्रामीण पाइप पेयजल परियोजना की समीक्षा बैठक किया

अमेठी । जिलाधिकारी संजय चौहान की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिले में जल जीवन मिशन के अंतर्गत चल रही ग्रामीण पाइप पेयजल परियोजना की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल, जल निगम विभाग के अधिकारी, कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधि सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि जल जीवन मिशन भारत सरकार की प्राथमिकता वाली योजना है, जिसका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों के प्रत्येक घर तक सुरक्षित और शुद्ध पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करना है। इसके उपरांत जिलाधिकारी ने कार्यदाई संस्थावार परियोजना की प्रगति रिपोर्ट की समीक्षा करते हुए कार्यों की गुणवत्ता, सामग्री की उपलब्धता, ठेकेदारों की कार्यशैली, पाइपलाइन बिछाने की तकनीकी प्रक्रिया, जलस्रोतों की स्थिति, पानी की गुणवत्ता जांच और लाभार्थियों तक जल कनेक्शन की वर्तमान स्थिति के बारे में विस्तृत जानकारी ली एवं संबंधित को आवश्यक निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने स्पष्ट रूप से कहा कि किसी भी स्तर पर लापरवाही या कार्य में अनियमितता बर्दाश्त नही की जायेगी। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि कार्यों में पारदर्शिता, गुणवत्ता और समयबद्धता सर्वोपरि होनी चाहिये।बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि जिन क्षेत्रों में परियोजना का कार्य धीमी गति से चल रहा है, वहां संबंधित कार्यदायी संस्थाएं कार्यों में तेजी लाएं। जिलाधिकारी ने पेयजल योजनाओं की स्थिति की जमीनी हकीकत जानने के लिए स्वयं गांवों का दौरा करने को कहा। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि आगामी समय-सीमा के भीतर सभी लक्ष्यों को पूरा किया जाए और यह सुनिश्चित किया जाय कि ग्रामीणों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। जिलाधिकारी ने कहा कि बैठक का उददेश्य न केवल योजना की प्रगति की समीक्षा करना है, वरन उसे और अधिक प्रभावी, पारदर्शी तथा जनहितकारी बनाने की दिशा में ठोस कदम उठाना है।

# भारतीय संस्कृति और सनातन मूल्यों के संरक्षण में भूमिका निभायें युवा : नरेन्द्र जी



अमेठी । विश्व हिन्दू परिषद एवं अशोक सिंघल फाउण्डेशन के तत्वावधान में आयोजित ''रन फार राम महालम्बी दौड़'' के तहत नियमित रूप से प्रतिदिन इक्यावन किलोमीटर पद यात्रा कर रहे विश्व हिंदू परिषद गुजरात के अध्यक्ष विख्यात पर्वतारोही एवं धावक भाई नरेंद्र जी का बुधवार को सोमनाथ से अयोध्या धाम की ओर जाते समय शंकरगंज कस्बे में भव्य स्वागत किया गया।भाई नरेंद्र जी दो बार माउंट एवरेस्ट फतह कर चुके हैं और अब राम मंदिर निर्माण के प्रति जनजागरण हेतु यह ऐतिहासिक पद यात्रा कर रहे हैं। उनका काफिला जब रायबरेली अयोध्या मार्ग पर स्थित कस्बा शंकरगंज पहुंचा तो ब्लाक प्रमुख तिलोई के प्रतिनिधि कृष्ण कुमार सिंह उर्फ मुन्ना सिंह के द्वारा पुष्पवर्षा और फूल मालाओं से लादकर उनका गर्मजोशी से स्वागत किया गया।इस अवसर पर नगरवासियों ने ढोल नगाड़ों और जय श्रीराम के नारों के साथ यात्रा दल का उत्साहपूर्वक स्वागत किया। कार्यक्रम स्थल पर माहौल पूरी तरह भक्तिमय हो गया। यात्रा दल को जनता जनार्दन इण्टर कालेज शंकरगंज में आमंत्रित कर सम्मानपूर्वक भोज कराया गया जिसके उपरांत दल ने दोपहर विश्राम किया।भाई नरेंद्र जी ने यात्रा के उददेश्य पर प्रकाश डालते हुये कहा कि यह पदयात्रा सिर्फ धार्मिक यात्रा नही बल्कि राम मंदिर निर्माण से जुड़े सांस्कृतिक और राष्ट्रीय गौरव का संदेश है। उन्होंने युवाओं से अपील करते हुये कहा कि वे भारतीय संस्कृति और सनातन मूल्यों के संरक्षण में अपनी भूमिका निभाएं।स्थानीय जनता में यात्रा को लेकर अत्यधिक उत्साह और श्रद्धा देखने को मिली।कार्यक्रम के सफल आयोजन में विद्यालय परिवार व ग्रामीणों का सराहनीय सहयोग रहा। इस मौके पर अखण्ड प्रताप सिंह, शिव कुमार सिंह,वैभव मिश्रा, दिग्विजय सिंह, बजरंग सिंह,दिवाकर सिंह, जय सिंह सहित अन्य तमाम लोग मौजूद रहे।

# पर्यावरण के लिए वैदिक दर्शन महा मार्ग

अवनि अंबर में भारी तपिश है। यह तपिश प्रत्येक वर्ष बढ़ती जा रही है। टीवी, समाचार पत्रों, सोशल मीडिया में मौसम लगातार गर्म रहने की खबरें हैं। ग्लेशियर पिघलने की गति बढ़ने की जानकारी दी जा रही है। वैज्ञानिक इस कारण चिंता में है। विश्व के बढ़ते तापमान को वैज्ञानिकों ने बताया कि यह ग्लोबल वार्मिंग के कारण है। पूरे विश्व का पर्यावरण तंत्र बदल रहा है। भयावह तूफान आ रहे हैं। चक्रवाती तूफानों का आना बढ़ा है। पर्यावरण में अनेक तरह के बदलाव हो रहे हैं। ऋतु चक्र भी बदल रहा है। पक्षियों की कई प्रजातियां नष्ट हो चुकी हैं। कई के ऊपर खतरा मंडरा रहा है। पशुओं की संख्या घट रही है। वैज्ञानिक रिपोर्ट्स कहती हैं ग्लेशियरों के पिघलने से जल का प्रवाह बढ़ेगा। जल नदियों पहाड़ों से होते हुए समुद्र में जाएगा। महासागरों का जल स्तर बढ़ेगा। जल स्तर बढ़ने से पूरी दुनिया के अनेक नगरों को इस जल से डूबने का खतरा उत्पन्न होगा।

इस तरह की रिपोर्ट पहले भी आई हैं। पर्यावरण के प्रति हम सचेत नहीं होते हैं। पूरे विश्व का तापमान न बढ़े इस पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन लंबे समय से हो रहें हैं। पेरिस समझौते के 10 वर्ष हो रहे हैं। उत्सर्जन को हर हाल में कम करना ही होगा। सम्मेलनों के निष्कर्ष विश्व पर्यावरण को ठीक करने में नाकाम है। पूरे विश्व में विकास को लेकर प्रतिस्पर्धा है। प्रश्न है कि क्या आधुनिक विकास और विज्ञान मानव जीवन विरोधी है ? एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) विज्ञान का चमत्कार है। यह एआई बढ़ते तापमान पर क्या करेगा ? महासागरों में बाढ़ आने पर क्या कर लेगा? मछलियां नहीं होंगी, मोर नहीं नाचेंगे ? शेर, चीता, बिल्ली, कुत्ता,गाय, घोड़ा हाथी सब विलुप्त जाएंगे क्या। तब मनुष्य कितने बचेंगे ? जो रह जाएंगे उनके साथ रोबोट होंगे। वह होंगे तो प्लास्टिक एल्युमीनियम स्टील के रोबोट के साथ होंगे। अनेक रोबोट कम्पनियों में काम करते बताए जाते हैं। समझ सकते हैं कि रोबोट के मित्र उनके साथ काम करने वाले मनुष्यों की संवेदना कम जरूर हो रही होगी। वे रोबोट के ही स्वभाव के हो सकते हैं। यह खोज का विषय है। विकसित राष्ट्र अधिकतम विकास कर अंतरिक्ष में कालोनी बनाना चाहते हैं। यह एक छोर है। दुनिया के कई देश रोटी-पानी , स्वास्थ्य, शिक्षा की बुनियादी जरूरतों को पूरा नही कर पा रहे। यह दूसरा छोर है। वे संघर्ष में हैं। पृथ्वी पर पड़ोसियों से परिचय मैत्री घटी है। फ्लैट और कालोनी में रहने वाले शहरी सभ्यों ने भारत की प्रणाम नमस्कार संस्कृति को आहत किया है। तब चन्द्रमा पर किस भगवत्ता को उपलब्ध होंगे। पूरी दुनिया युद्धों में है। इनसे लोग भयभीत हैं। शक्तिशाली देश संयुक्त राष्ट्र संघ की कोई बात सुनते नहीं। उसकी आवाज ही दबी हुई है। बढ़ते युद्धों और बारूदी प्रगति के बीच पर्यावरणीय क्षति बड़ा विषय है। यह पर्यावरण तब ठीक होगा जब तापमान को घटाने के उपाय सामूहिक हों। दृढ़ इच्छा शक्ति से भरे हों। अरबों डीजल, पेट्रोल की गाड़ियां लगातार धरती पर तापमान बढ़ा रही हैं। औद्योगिक क्षेत्रों में भी भारी मशीनें चल रही हैं। डीजल पेट्रोल जलेगा तो कार्बन पर्यावरण में विचरण करेगा ही। वाहनों का कचरा अलग से है। ई-कचरा नई समस्या है। प्लास्टिक से बनी वस्तुओं ने समुद्र, नदियों,झीलों,तालाबों में जलीय जीवों को संकट में डाला है। जलीय जीवों में प्लास्टिक कण पाए गए हैं। प्लास्टिक के उचित प्रयोग पर सरकारें गम्भीर नहीं है। नगरों से गांवों तक प्लास्टिक कचरा है। कृषि भूमि चपेट में है। लोकसभा और विधानसभाओं में इस पर चर्चा नहीं है।

विज्ञान का स्वभाव है अभी और आगे? वस्तुओं का अंत नहीं है। धर्म और विज्ञान साथ-साथ हैं। सनातन धर्म कहता है कि हमारे आचरण से किसी व्यक्ति या समूह, राष्ट्र की क्षति न होने पाए। भारत इसे एक सूत्र वाक्य में ''वसुधैव कुटुंबकम'' कहता है। संपूर्ण पृथ्वी हमारा परिवार है। समुद्र नदियों में ईश्वरीय अनुकंपा से जन्मे जलीय जीवों को जीने का पूरा अधिकार है। नदियों को वैदिक साहित्य में जल माताएं कहा गया है। नदियां भरतजनों की पूजनीय हैं। इन्ही नदियों के तटों पर कुंभ महाकुंभ हैं।

# श्रीराम मंदिर के स्वर्ण शिखर की आभा से आलोकित हुआ राष्ट्र

**अयोध्या में प्रभु श्रीराम की जन्मभूमि पर मंदिर निर्माण के लिए गोरक्षपीठ की तीन पीढ़ियों का योगदान स्वर्णाक्षरों में अंकित है। वर्तमान में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जिस गोरखनाथ मठ के महंत हैं, उसी से अयोध्या के राम मंदिर आंदोलन की शुरुआत हुई थी। योगी के गुरु महंत अवेद्यनाथ 12 सितंबर 2014 को ब्रह्मलीन हुए। गोरक्षपीठाधीश्वर महंत अवेद्यनाथ के पास मंदिर आंदोलन के दौरान दो सबसे अधिक अहम पदों राम जन्म भूमि यज्ञ समिति और राम जन्म भूमि न्यास के अध्यक्ष की जिम्मेदारी थी। ये दायित्व इस बात का प्रमाण है कि आजादी के आंदोलन के बाद देश की राजनीति की दशा और दिशा बदलने वाले राम मंदिर आंदोलन में उनका क्या कद था? महंत अवैद्यनाथ के गुरु ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ थे। योगी आदित्यनाथ भी इस आंदोलन को मुखरता प्रदान करते रहे हैं। वो कहते रहे हैं कि 'राम मंदिर चुनावी मुद्दा नहीं...मेरे लिए जीवन का मिशन है'। पांच जून को प्राण प्रतिष्ठा के पावन अवसर पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी मंदिर परिसर में उपस्थित रहेंगे। विशेष बात यह है कि पांच जून को मुख्यमंत्री का जन्मदिन भी है।**

अयोध्या में श्रीराम मंदिर संपूर्ण विश्व में रचने-बसने वाले सनातनियों की शताब्दियों की प्रतीक्षा, संयम, धैर्य, अनुशासन और आस्था का प्रतीक है। यह राम नहीं, राष्ट्र मंदिर है। विरोधी भले ही सनातन और राम मंदिर का विरोध करते रहें लेकिन करोड़ों सनातनियों के हृदय में उनके आराध्य भगवान श्रीराम रचते-बसते हैं। भगवान राम के मंदिर को वह अपना पूजास्थल ही नहीं, बल्कि उसे अपना सबसे बड़ा तीर्थ मानते हैं। मुख्य मंदिर यानी अपनी जन्मभूमि पर नवनिर्मित मंदिर के भूतल में कोटि-कोटि भक्तों के आराध्य रामलला तो पहले से ही प्रतिष्ठित हैं, अब आगामी पांच जून को इसी मंदिर के प्रथम तल पर राम दरबार के साथ परकोटे के बाकी छह मंदिरों की भी प्राण प्रतिष्ठा होनी है। इनमें गणेशजी, भगवान शिव, देवी भगवती, हनुमान जी, भगवान सूर्य, देवी अन्नपूर्णा और शेष अवतार के विग्रहों की प्राण प्रतिष्ठा होगी। यह आयोजन अयोध्या के धार्मिक इतिहास में एक और महत्वपूर्ण अध्याय जोड़ने जा रहा है। त्रिदिवसीय प्राण प्रतिष्ठा का अनुष्ठान पांच जून को गंगा दशहरा के पावन पर्व के दिन पूर्णाहुति के साथ संपन्न होगा। श्रीराम दरबार प्रतिष्ठित होने के साथ रामलला से राजाराम तक की यात्रा पूर्ण होगी। इसी बीच राम जन्मभूमि मंदिर के शिखरों पर सोने की परत चढ़ाने का कार्य हो रहा है। यह कार्य मंदिर की भव्यता में चार चांद लगाएगा।

राम राष्ट्र की संस्कृति हैं, राम राष्ट्र के प्राण हैं, राम के मंदिर का मतलब भारत का नवनिर्माण है। रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का स्वर्णिम और ऐतिहासिक अवसर सनातनधर्मियों को कड़े संघर्ष से प्राप्त हुआ है, जिसका 550 सालों से अधिक का इतिहास है। इसमें 70 से अधिक बार का संघर्ष, जिसमें से अधिकतर मुगल आक्रांताओं द्वारा भारतवासियों और हमारे मंदिरों पर हमले का रक्तरंजित इतिहास शामिल है। अनगिनत आन्दोलनों के बाद अंततः 22 जनवरी, 2024 के दिन हिन्दू समाज को अपने आराध्य प्रभु श्रीराम को जन्म भूमि पर निर्मित भव्य मंदिर में पुनर्स्थापित करने का गौरव प्राप्त हुआ। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मुख्य यजमान बनकर मंदिर में श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा की। यह दिन भारत की आस्था, अस्मिता, स्वाभिमान और गौरव की पुनर्स्थापना का दिन के तौर पर अंकित है।

अयोध्या में प्रभु श्रीराम की जन्मभूमि पर मंदिर निर्माण के लिए गोरक्षपीठ की तीन पीढ़ियों का योगदान स्वर्णाक्षरों में अंकित है। वर्तमान में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जिस गोरखनाथ मठ के महंत हैं, उसी से अयोध्या के राम मंदिर आंदोलन की शुरुआत हुई थी। योगी के गुरु महंत अवेद्यनाथ 12 सितंबर 2014 को ब्रह्मलीन हुए। गोरक्षपीठाधीश्वर महंत अवेद्यनाथ के पास मंदिर आंदोलन के दौरान दो सबसे अधिक अहम पदों राम जन्म भूमि यज्ञ समिति और राम जन्म भूमि न्यास के अध्यक्ष की जिम्मेदारी थी। ये दायित्व इस बात का प्रमाण है कि आजादी के आंदोलन के बाद देश की राजनीति की दशा और दिशा बदलने वाले राम मंदिर आंदोलन में उनका क्या कद था? महंत अवैद्यनाथ के गुरु ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ थे। योगी आदित्यनाथ भी इस आंदोलन को मुखरता प्रदान करते रहे हैं। वो कहते रहे हैं कि 'राम मंदिर चुनावी मुद्दा नहीं...मेरे लिए जीवन का मिशन है'। पांच जून को प्राण प्रतिष्ठा के पावन अवसर पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी मंदिर परिसर में उपस्थित रहेंगे। विशेष बात यह है कि पांच जून को मुख्यमंत्री का जन्मदिन भी है।

हिन्दू बहुल देश में प्रभु श्रीराम की जन्मस्थली को मुक्त करवाने में जिस तरह के अवरोध उत्पन्न किए गए वे अकल्पनीय हैं। यदि सोमनाथ के साथ ही राम जन्मभूमि का मसला भी तत्कालीन नेहरू सरकार सुलझा लेती तब शायद इसे लेकर राजनीति करने का किसी को अवसर नहीं मिलता। लेकिन आजादी से लेकर आजतक कांग्रेस ने राम के नाम पर घिनौनी राजनीति का प्रदर्शन किया है। एक ऐसी राजनीति जिसने राम मंदिर मुद्दे को उलझाने का काम किया। वर्ष 2008 में तत्कालीन यूपीए सरकार ने इस मामले में हलफनामा दाखिल कर सेतु समुद्रम परियोजना के लिए राम सेतु को तोड़ कर तय वर्तमान मार्ग से ही लागू किए जाने पर जोर देते हुए कहा था कि भगवान राम के




अस्तित्व में होने के बारे में कोई पुख्ता साक्ष्य उपलब्ध नहीं हैं। ये भी कहा था कि रामायण महज कल्पित कथा है। वर्तमान में, कांग्रेस और इंडिया गठबंधन में शामिल घटक दलों के कई नेता राम मंदिर और सनातन धर्म पर आपत्तिजनक बयानबाजी करने से बाज नहीं आते। स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी ने एक बार संसद में कहा था कि राम मंदिर का निर्माण राष्ट्रीय स्वाभिमान का मुद्दा है। उनका वह वक्तव्य सही मायने में एक संदेश था जिसमें राजनीति नहीं थी। सही बात तो ये है कि राम मंदिर का विरोध करने वालों ने ही इसे वोट बैंक की राजनीति का हिस्सा बना दिया। कांग्रेस और अन्य कुछ दल मुस्लिम मतों के कारण इस मुद्दे पर हिंदुओं के न्यायोचित दावों की अनदेखी करते रहे। प्रतिक्रिया स्वरूप इस मामले ने दूसरा मोड़ ले लिया। लेकिन दुर्भाग्य है कि देश की बहुसंख्यक आबादी के आराध्य श्रीराम की जन्मभूमि को अवैध कब्जे से मुक्त करवाने का कार्य न्यायालय के निर्णय से संभव हो सका। और वह प्रक्रिया भी वर्षों नहीं दशकों तक चली। सबसे बड़ी बात ये हुई कि बाबरी ढांचे की तरफदारी मुस्लिम धर्मगुरुओं के साथ ही साथ धर्मनिरपेक्षता के झंडाबरदार बने हिन्दू नेतागण भी करते रहे।

इसमें कोई दोराय नहीं है कि, शताब्दियों का संघर्ष अब अयोध्या में प्रत्यक्ष साकार रूप में फलीभूत होता दर्शित हो रहा है। भारत के कण-कण में राम हैं। राम मंदिर में राम दरबार के साथ परकोटे के बाकी छह मंदिरों की प्राण प्रतिष्ठा भारत की सुप्त आत्मा को जागृत करने का काम करेगी। राम मंदिर के निर्माण से सशक्त राष्ट्र का निर्माण होने वाला है। भारत की जय जयकार दुनिया में हो रही है। यह वास्तव में भारत की सुप्त आत्मा है। यही भारत को दुनिया के अंदर सर्वशक्तिशाली बनाएगी। भारत के प्रत्येक व्यक्ति के मन में जो रामभक्ति है वहीं राष्ट्रभक्ति है। राजनीति तोड़ने का कार्य करती है, धर्म जोड़ता है। राम मंदिर ने देश को जोड़ दिया है। अभी हाल ही में ऑपरेशन सिन्दूर में हमारे सैनिकों ने जिस पराक्रम का प्रदर्शन किया है उससे न केवल शत्रु बल्कि पूरी दुनिया अचम्भित है। ये बढ़ते हुए सशक्त भारत की एक झलक मात्र है। राष्ट्रीय अस्मिता और अखण्डता भी अयोध्या से जुड़ी है। श्रीराम मंदिर केवल धार्मिक आस्था का प्रश्न नहीं है, इसके साथ भावी सामाजिक संरचना की संकल्पना भी जुड़ी है। व्यक्ति और राष्ट्र का चरित्र निर्माण, कालसापेक्ष किन्तु कालातीत दर्शन और दृष्टि का सृजन बीज राम मंदिर निर्माण और उसकी भव्यता में निहित है। राम मंदिर का दूसरा पहलू राष्ट्र मंदिर के रूप में स्थापित है और इस भावना के अनुरूप यह परिसर आस्था के साथ राष्ट्रीय चरित्र, राष्ट्रीय एकता और समाज निर्माण के प्रति भी महनीय भूमिका का निर्वहन करने को तैयार है। विश्वभर में रचने और बसने वाले हिन्दू धर्मावलम्बी राम मंदिर की दूसरी प्राण-प्रतिष्ठा को लेकर उत्साहित हैं। इसमें कोई दोराय नहीं है कि पांच जून की तिथि विश्व इतिहास में सदा के लिए अमर रहेगी। श्रीराम मंदिर के शिखर की स्वर्णिम आभा से सम्पूर्ण विश्व में सुख, समृद्धि, शांति, सद्भावना और सहिष्णुता का प्रकाश फैले और भारत फिर एक बार विश्व गुरु के तौर पर स्थापित हो, यही कामना है।

डॉ. आशीष वशिष्ठ

# क्लाईमेट चेंज से दो-दो हाथ करता एआई

**विशाल शुक्ला**




सावधान, मनुष्य ! यदि विज्ञान है तलवार,
तो इसे दे फेंक, तजकर मोह, स्मृति के पार।
हो चुका है सिद्ध, है तू शिशु अभी अज्ञान;
फूल काँटों की तुझे कुछ भी नहीं पहचान।
खेल सकता तू नहीं ले हाथ में तलवार,
काट लेगा अंग, तीखी है बड़ी यह धार।

राष्ट्रकवि दिनकर ने दशकों पहले यह लिखा था। उन्होंने तभी विज्ञान के प्रकृति विरुद्ध किए जा रहे स्वार्थी प्रयोगों को पहचान लिया था। जिस विज्ञान ने हमारा जीवन आसान बनाया उसी ने पूरी दुनिया में कार्बन उत्सर्जन के चलते क्लाइमेट चेंज जैसी भयावहता को जन्म दिया। दुनिया संघर्षरत है ताकि मानव जाति का अस्तित्व बचा रहे। इसी विज्ञान की एक धारा है एआई यानि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस। क्लाइमेट चेंज के कारण पूरी दुनिया मौसम की उथल-पुथल से हलकान है। 70% आबादी की कृषि निर्भरता वाला देश भी उससे अछूता नहीं है। जिसका सीधा असर एक समान खाद्य उपलब्धता से लेकर किसानों की कमाई तक पड़ रहा है। इससे निपटने के लिए एआई के कई परिवर्तनकारी प्रयोग हो रहे हैं।

महाराष्ट्र के सूखा प्रभावित विदर्भ में प्रतिष्ठित अमेरिकन कंपनी आईबीएम के एआई मॉडल का इस्तेमाल हाइपरलोकल मौसम पूर्वानुमान के लिए हो रहा है। जिससे किसानों को सीधे उनके मोबाइल फोन पर लेटेस्ट अपडेट मिल रही है। अब तक एकसमान मौसम पूर्वानुमान सैकड़ो किलोमीटर के क्षेत्र के लिए होता था जो कई छोटे-छोटे पॉकेट में गलत भी साबित होता था।

इसी तरह आईआईटी कानपुर ने एआई एल्गोरिथम पर आधारित 'भू परीक्षक' डिवाइस डेवलप की है। ये मात्र 90 सेकंड्स में मृदा गुणवत्ता का परीक्षण कर इसकी रिपोर्ट सीधे किसानों के स्मार्टफोन पर भेज देती है। इसी तरह ब्लू स्काई नमक प्लेटफार्म एआई का प्रयोग करते हुए उत्तर प्रदेश के सर्वाधिक एक्यूआई वाले शहरों - लखनऊ और कानपुर में एयर कॉल क्वालिटी से संबंधित रियल टाइम अपडेट उपलब्ध करा रहा है। इसी तरह ऊर्जा क्षेत्र में एआई सौर और पवन ऊर्जा को राष्ट्रीय ग्रिड में एकीकृत करने में मदद कर रहा है। एआई माइक्रो ग्रिडस में एनर्जी स्टोरेज का काम करता है। टाटा पॉवर ने इस दिशा में बुंदेलखंड के कई सरकारी स्कूलों और स्वास्थ्य केंद्रों को इसका लाभ दिया है। बुंदेलखंड यूपी के क्लाईमेट चेंज का सर्वाधिक दुष्प्रभाव झेल रहे क्षेत्रों में से हैं। उम्मीद है संवेदना और विज्ञान के संगम से मानव अस्तित्व बचा रहे।

## सेहत मंत्र

# मधुमेह को दूर रखने के लिए करें यह योगासन, जरूर होगा लाभ


भारत में आज लगभग हर घर में आपको कोई न कोई मधुमेह का रोगी मिल ही जाएगा। वैसे तो आमतौर पर लोग इस बीमारी को कोई खास तवज्जो नहीं देते लेकिन एक बार इस बीमारी की जद में आ जाने के बाद इससे छुटकारा पाना बेहद मुश्किल हो जाता है। साथ ही यह एक ऐसी बीमारी है कि जिसके बाद मनुष्य को बहुत सी चीजों से किनारा करना पड़ता है। इतना ही नहीं, कुछ समय पहले तक जहां यह एक उम्र के बाद ही लोगों को अपनी चपेट में लेता था, वहीं गलत खान?पान व जीवनशैली के कारण वर्तमान में कम उम्र के लोग भी इससे पीड़ित हो रहे हैं। ऐसे में यह बेहद आवश्यक है कि कुछ ऐसे उपाय किए जाएं, जिससे आपका शुगर कंट्रोल में रहे। मधुमेह को नियंत्रित रखने में योग आपके काफी काम आ सकता है। तो आईए जानते हैं मधुमेह को कंट्रोल करने वाले कुछ योगासनों के बारे में- पश्चिमोत्तानासन- इस आसन से शरीर का पाचनतंत्र मजबूत होता है और शरीर में रक्त का संचार तेजी से होता है, जिससे व्यक्ति को डायबिटीज से लड़ने में आसानी होती है। यह आसन करने के लिए पैर सीधे फैलाकर बैठ जाएं। फिर दोनों हाथों को ऊपर उठाएं और सांस भरते हुए पैरों के तलवे को पकड़ने की कोशिश करें। घुटने से माथा सटना चाहिए। फिर सांस छोड़ते हुए हाथ ऊपर करके सामान्य हो जाएं। इस प्रक्रिया को दो से तीन पर बार दोहराएं। सर्वांगासन- यह शरीर का संपूर्ण व्यायाम है। इसे करने से थॉयराइड और पैराथॉयराइड ग्रंथियों को मजबूती मिलती है। इसे करने के पहले सीधे लेट जाएं, फिर पैरों को धीरे?धीरे उठाते हुए 90 डिग्री का कोण बनाएं। हाथों से कमर को सहारा दें। इस आसन में शरीर का सारा भार गर्दन पर पड़ना चाहिए। पैरों को सीधा रखें। अर्ध मत्स्येन्द्रासन- यह आसन यकृत व मूत्राशय को सक्रिय बनाता है। जिन लोगों के शरीर के भीतर इंसुलिन का उत्पादन नहीं होता या जिन्हें मधुमेह की बीमारी होती है, यह अभ्यास उनके शरीर में अग्नाशय को सक्रिय बनाकर इंसुलिन के उत्पादन में सहयोग देता है, इसलिए यह मधुमेह के उपचार के लिए रामबाण दवा है।

## धर्म मंत्र

# मंगलवार को सूर्योदय और सूर्यास्त दोनों समय हनुमान जी की करें पूजा

मंगलवार को सभी हनुमान जी की पूजा करते हैं और व्रत रखते हैं। यदि इस दिन शाम को भी बजरंगबली का पूजन किया जाये तो वे सभी मनोकामनायें पूर्ण करते हैं। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार ऐसी मान्यता है कि मंगलवार का व्रत करने वालों की कुंडली में मंगल ग्रह निर्बल होने ने के चलते होने वाले कष्ट दूर होते हैं और शुभ फल की प्राप्ति होती है। इस दिन हनुमान जी की पूजा और व्रत करने से हनुमान जी की असीम कृपा मिलती है। इसके अतिरिक्त मंगलवार का व्रत सम्मान, बल, साहस और पुरुषार्थ में भी वृद्धि करता है। सुयोग्य संतान प्राप्ति के लिए भी है यह व्रत बहुत लाभकारी माना जाता है। साथ ही इस व्रत के फलस्वरूप पापों से मुक्ति मिलती है और भय, भूत-प्रेत की बाधा और, काली शक्तियों के दुष्प्रभाव से बचने के लिए भी ये व्रत करने की सलाह दी जाती है। मंगलवार को हनुमान जी को प्रसन्न करने के लिए व्रत वाले दिन सूर्योदय से पहले स्नान करें। फिर घर के ईशान कोण में किसी एकांत स्थान पर हनुमानजी की मूर्ति या चित्र स्थापित करें। लाल वस्त्र पहनें और हाथ में जल ले कर व्रत का संकल्प करें। अब केसरीनंदन के सामने घी का दीपक जलाएं और फूल माला या फूल चढ़ाएं। रुई में चमेली के तेल लेकर उनके सामने रखें या हल्के से छीटे डाल दें। इसके बाद मंगलवार व्रत कथा का पाठ करें, फिर हनुमान चालीसा और सुंदर कांड का पाठ करें। सबसे अंत में आरती करके भोग लगायें। सबको प्रसाद बांटकर, खुद भी लें। दिन में सिर्फ एक बार ही भोजन करें। ऐसा कहते हैं कि यह व्रत 21 मंगलवार तक करने से विशेष लाभ होता है।

## पर्यटन



# उत्तराखंड और हिमाचल से कम खूबसूरत नहीं है कर्नाटक के हिल स्टेशन, एक बार तो जरूर घूमें

ज्यादातर लोग ऐसे होते हैं, जो हिलस्टेशन पर घूमने के लिए उत्तराखंड या हिमाचल जाना पसंद करते हैं। लेकिन अगर आप इन दोनों राज्यों से अलग कहीं ओर हिलस्टेशन पर घूमने की प्लानिंग कर रहे हैं, तो कर्नाटक के खूबसूरत हिल स्टेशनों पर घूम सकते हैं। आइए, जानते हैं यहां के मशहूर हिल स्टेशनों के बारे में। नंदी हिल्सः कर्नाटक का सबसे मशहूर और ऐतिहासिक हिल स्टेशन है- नंदी हिल्स। नंदी हिल्स पहाड़ की ऐसी चोटी है जहां एक प्राचीन किला भी है। प्राकृतिक रूप से मनोहर और बेहद शांत होने के साथ ही नंदी हिल्स, ऊबड़-खाबड़ और घुमावदार रास्ते की वजह से बाइकर्स के बीच भी काफी मशहूर है। कुर्गः कर्नाटक के सबसे खूबसूरत और वर्ल्ड फ़ेमस हिल स्टेशन्स में से एक है कुर्ग। प्राकृतिक सुंदरता, चारों तरफ हरियाली और पहाड़ की चोटी से घिरा है कुर्ग। शहर की भागदौड़ और तनाव से कुछ दिन का ब्रेक चाहते हैं तो कुर्ग आपके लिए परफ़ेक्ट डेस्टिनेशन है. कुर्ग जाएं तो ऐबे फॉल्स, इरुप्पु फॉल्स, बारापोल नदी में राफ्टिंग और क्वाड बाइकिंग करना न भूलें। चिकमगलुरः मुल्लयान्गिरी श्रृंखला की तलहटी में बसा है चिकमगलुर जो चारों तरफ से पहाड़ और खूबसूरत दृश्यों से भरा है। तेज हवाओं के बीच साइकल चलाना, पहाड़ की चोटी तक ट्रेकिंग करते हुए जाना और तारों की छांव में खुले आसमान के नीचे कैंपिंग करना। ये कुछ यादगार पल हैं जिनका लुत्फ आप चिकमगलुर में उठा सकते हैं। इसके अलावा श्रृंगेरी मठ और हनुमान गुंडी फॉल्स जाना न भूलें। अगुंबे : कर्नाटक के उडुपी से 45 किलोमीटर दूर है अगुंबे जिसे दक्षिण भारत का चेरापूंजी भी कहा जाता है क्योंकि यहां बारिश बहुत होती है। कर्नाटक का यह बेस्ट हिल स्टेशन अपने वर्षा वन यानी रेनफॉरेस्ट और ढलान के लिए मशहूर है। कोडाक्षाद्री : समुद्र तल से 1300 मीटर की ऊंचाई पर स्थित कोडाक्षाद्री, कर्नाटक के सबसे मशहूर ट्रेकिंग डेस्टिनेशन्स में से एक है।

# डीएम ने प्रगतिशील किसान के पॉलिहाउस मॉडल एवं अत्याधुनिक मत्स्य पालन केंद्र का किया निरीक्षण

## जरबेरा व ग्लैडिएटर की सुगंधित खेती तथा वैज्ञानिक पद्धति से मछली पालन, ग्रामीण नवाचार की ओर प्रेरक पहल : शशांक त्रिपाठी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी । जनपद में कृषि नवाचार, आधुनिक उद्यमिता और जल-जीव विज्ञान पर आधारित सतत विकास को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से जिलाधिकारी श्री शशांक त्रिपाठी ने तहसील नवाबगंज क्षेत्र के दो विशिष्ट स्थलों का भ्रमण कर नवाचारी गतिविधियों का अवलोकन किया। निरीक्षण की शुरुआत ग्राम कोटवाकला के द़फ़ेदार पुरवा से हुई, जहां प्रगतिशील किसान श्री मोइनुद्दीन द्वारा विकसित उन्नत पॉलिहाउस में जरबेरा एवं ग्लैडिएटर जैसे बहुरंगी पुष्पों की सुगठित खेती की जा रही है। इन पुष्पों की रंगत, सौंदर्य और व्यावसायिक मांग ने इसे एक लाभकारी मॉडल में परिवर्तित कर दिया है। जिलाधिकारी ने इस अभिनव प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि यह मॉडल जिले के अन्य किसानों के लिए न केवल प्रेरणा का स्रोत है, बल्कि आत्मनिर्भर कृषि की दिशा में एक प्रभावशाली कदम भी है।



श्री मोइनुद्दीन ने बताया कि उन्होंने छोटे स्तर से फूलों की खेती की शुरुआत की थी, जो आज लगभग एक एकड़ क्षेत्र में व्यावसायिक रूप से विस्तारित हो चुकी है। जरबेरा व ग्लैडिएटर के पुष्प दिल्ली जैसे महानगरों तक निर्यात किए जा रहे हैं। पुष्पों की ताजगी बनाए रखने हेतु रेलवे विभाग द्वारा फतेहपुर स्टेशन पर 'सत्याग्रह एक्सप्रेस' को विशेष रूप से 10 मिनट के लिए रोके जाने की व्यवस्था की गई है, जिससे फूल समय से मंडियों तक पहुँच सकें। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कोल्ड स्टोरेज केंद्र का भी जायज़ा लिया, जो पुष्पों एवं आलू जैसे उत्पादों के भंडारण हेतु स्थापित है। उन्होंने उपस्थित कृषकों से उनकी लागत, लाभ, विपणन चुनौतियों व संभावनाओं पर संवाद किया और सहायक सुझाव भी प्रदान किए।



**देवा फिशरीज प्लांट जल–जैविकी पर आधारित ग्रामीण नवोन्मेष का उत्कृष्ट उदाहरण**

निरीक्षण की अगली कड़ी में जिलाधिकारी ग्राम मिश्रीपुर, मजरा निगरी स्थित देवा फिशरीज प्लांट पहुँचे, जहाँ वैज्ञानिक तकनीकों पर आधारित मत्स्य पालन किया जा रहा है। आधुनिकता से परिपूर्ण इस संयंत्र में मात्र 25‍25 फीट के टैंकों में 60,000 लीटर जल के भीतर 7000 मछलियाँ विकसित की जा रही हैं। लगभग आधे एकड़ क्षेत्र में विस्तृत इस केंद्र में कुल 38 उच्च तकनीकी टैंक निर्मित हैं, जिनमें जल की गुणवत्ता बनाए रखने हेतु उन्नत शोधन व्यवस्था लागू की गई है। जिलाधिकारी ने जल में अमोनिया व पीएच स्तर के नियंत्रण, सिरके व शैवाल (एल्गी) के संतुलित उपयोग तथा जल पुनर्चक्रण प्रक्रिया की तकनीकी बारीकियों का गहन निरीक्षण किया। उन्होंने सुझाव दिया कि इस प्रणाली से निष्कासित जल का प्रयोग ऊसर भूमि के सुधार में किया जा सकता है, जिससे पर्यावरणीय लाभ के साथ-साथ कृषि उन्नयन भी संभव हो सकेगा। फिशरीज प्लांट के प्रबंधक ने व्यवसाय की रूपरेखा, मछलियों की नस्ल, विपणन प्रक्रिया तथा उत्पादन क्षमता की विस्तृत जानकारी दी। जिलाधिकारी ने इस नवाचारी मत्स्य पालन मॉडल को ग्रामीण आत्मनिर्भरता और आय संवर्धन का सशक्त माध्यम बताते हुए युवाओं को इससे जुड़ने हेतु प्रेरित किया।निरीक्षण के अवसर पर जिला कृषि अधिकारी, उद्यान अधिकारी, मत्स्य विभाग सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे। जिलाधिकारी ने अंत में कहा, ञ्बाराबंकी जैसे जनपदों में ऐसी पहलें ग्रामीण भारत के उज्ज्वल भविष्य की नींव रखती हैं। नवाचार, तकनीकी समावेशन और सतत विकास–इन तीन स्तंभों पर आधारित ऐसी योजनाएं किसानों को कृषक से उद्यमी की दिशा में अग्रसर करती हैं।

## सुल्तानपुर में गुम बेलहरा में मिला युवक

बेलहरा, बाराबंकी। पांच महीने से लापता एक युवक नगर पंचायत बेलहरा क्षेत्र में आज भटकता बरामद हुआ।युवक का मानसिक संतुलन ठीक न होने से इधर-उधर भटक रहा था। पुलिस ने उसे चौकी ले जाकर पूछताछ की लेकिन पता बताने में असमर्थ युवक की फ़ोटो सोशल मीडिया पर शेयर की गई।इसके बाद युवक की पहचान सुल्तानपुर जनपद के थाना बल्दीराय क्षेत्र निवासी राजकुमार के रूप में हुई। पुलिस ने परिजनों को बुलाकर युवक को उनके सुपुर्द कर दिया है। मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र के नगर पंचायत बेलहरा में पिछले कुछ दिनों से एक मानसिक रूप से पीड़ित युवक इधर-उधर घूम रहा था जिसे चौकी प्रभारी अरविंद पटेल ने चौकी ले जाकर उसको खाना खिलाया फिर उसको नए कपड़े पहनाकर पूछताछ शुरू की लेकिन युवक कुछ बता नही पा रहा था। पुलिस ने सोशल मीडिया में गुमशुदा सूचनाओं के मिलान एवं अन्य माध्यमों से युवक की पहचान के अथक प्रयास किए तब जाकर युवक की पहचान सुल्तानपुर जनपद के बल्दीराय थाना क्षेत्र के ग्राम मदाई शुक्ला पुरवा निवासी राजकुमार के रूप में हुई। शिनाख्त के बाद पुलिस ने राजकुमार को उसके पिता के सुपुर्द कर दिया। पिता ने बताया वह कानपुर नगर में नौकरी करता था।

# जहांगीराबाद इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी बाराबंकी को मिला नया निदेशक

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। जहांगीराबाद इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में मेजर जनरल (सेवानिवृत्त) विकास सैनी ने निदेशक पद का कार्यभार ग्रहण किया। उनकी नियुक्ति से संस्थान में अनुशासन, रणनीतिक दृष्टिकोण और

**मेजर जनरल (सेवानिवृत्त) विकास सैनी ने संभाला कार्यभार**

नेतृत्व के क्षेत्र में नई दिशा मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

मेजर जनरल सैनी भारतीय सेना के वरिष्ठ अधिकारियों में शामिल रहे हैं और उन्होंने दशकों तक देश सेवा में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।



कार्यभार ग्रहण करने के उपलक्ष्य में आयोजित स्वागत समारोह में संस्थान के प्रबंधन, शिक्षकगण, कर्मचारी और छात्र-छात्राओं ने उनका गर्मजोशी से अभिनंदन किया। अपने संबोधन में मेजर जनरल सैनी ने कहा, ''जहांगीराबाद संस्थान जैसी प्रेरणादायक संस्था का नेतृत्व करना मेरे लिए गर्व का विषय है। मैं यहां की शैक्षणिक, सामाजिक और नेतृत्व मूल्यों को और अधिक सशक्त बनाने का प्रयास करूंगा।'' संस्थान के ट्रस्टी श्री शफी मोहम्मद ने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए विश्वास व्यक्त किया कि उनके नेतृत्व में संस्थान नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेगा।

# साइबर ठगी को रोकने के लिए लोगों को समय–समय पर जागरूक करना जरूरी : अर्पित विजयवर्गीय

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी । रिजर्व पुलिस लाइंस के सभागार कक्ष में साइबर अपराधों की बढ़ती घटनाओं को ध्यान में रखते हुए एक महत्वपूर्ण और जागरूकता से भरपूर कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला की अध्यक्षता पुलिस अधीक्षक श्री अर्पित विजयवर्गीय ने की, जिसमें जनपद के समस्त शाखा प्रभारियों तथा आईटी एक्ट के विवेचकों ने भाग लिया। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य नागरिकों को बैंक धोखाधड़ी जैसे–क्रेडिट कार्ड ठगी, इंटरनेट बैंकिंग फ्रॉड, फिशिंग, फर्जी लिंक के माध्यम से डाटा चुराने, व अन्य ऑनलाइन अपराधों–से बचाने की दिशा में पुलिस विभाग को अधिक सतर्क व दक्ष बनाना था।पुलिस अधीक्षक श्री विजयवर्गीय ने प्रतिभागियों को साइबर अपराधों के नवीनतम तरीकों से अवगत कराते हुए बताया कि आज के डिजिटल युग में ठग



**कार्यशाला में एसपी ने बताए साइबर ठगी से बचने के उपाए**

अत्याधुनिक तकनीकों का प्रयोग कर भोले-भाले नागरिकों को शिकार बना रहे हैं। ऐसे में आवश्यक है कि पुलिस बल सतत रूप से प्रशिक्षित रहे तथा आमजन को भी समय-समय पर जागरूक किया जाए।कार्यशाला में प्रतिभागियों को बैंक फ्रॉड की पहचान, उससे बचाव के उपायों, तथा मामलों की प्रभावी जांच-पड़ताल की रणनीतियों पर गहन जानकारी दी गई। साथ ही, ऐसे मामलों में त्वरित कार्रवाई हेतु समन्वय और तकनीकी उपकरणों के प्रयोग पर भी बल दिया गया।इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक (उत्तरी) श्री विकास चंद्र त्रिपाठी, क्षेत्राधिकारी सदर श्री सौरभ श्रीवास्तव, क्षेत्राधिकारी यातायात श्री आलोक पाठक, साइबर थाना प्रभारी समेत अन्य वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

यह कार्यशाला पुलिस विभाग के सतर्क और संवेदनशील रुख को दर्शाती है, जो न केवल अपराधों की रोकथाम के लिए प्रतिबद्ध है, बल्कि नागरिकों को जागरूक करने की दिशा में भी निरंतर प्रयासरत है। आम जनता से भी अपील है कि वे किसी भी संदिग्ध कॉल, मैसेज या लिंक से सावधान रहें, अपनी बैंकिंग जानकारी किसी के साथ साझा न करें, और किसी भी धोखाधड़ी की स्थिति में तत्काल साइबर हेल्पलाइन या पुलिस से संपर्क करें।

# फिर चला प्रवर्तन दल का हंटर, निजी वाहनों के व्यावसायिक उपयोग में, 7 वाहन सीज

**एक डग्गामार सहित 3 वाहन बंद, बोली अंकिता अभियान आगे भी चलता रहेगा**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी, । निजी वाहनों के व्यावसायिक उपयोग पर रोक लगाने के उद्देश्य से परिवहन विभाग द्वारा सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। परिवहन आयुक्त के निर्देश पर बुधवार को सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन/प्रवर्तन) श्रीमती अंकिता शुक्ला, यात्री/मालकर अधिकारी श्री रवि चन्द्र त्यागी एवं यातायात प्रभारी श्री



रामयतन यादव के नेतृत्व में गठित संयुक्त प्रवर्तन टीम ने जिले के विभिन्न मार्गों पर जांच अभियान चलाया।अभियान के दौरान 7 निजी वाहन व्यावसायिक प्रयोजन में प्रयुक्त पाए जाने पर संबंधित थानों में सीज किए गए। साथ ही, रामनगर तिराहे के पास बहराइच की ओर जा रही एक अनाधिकृत डग्गामार वाहन सहित कुल 3 वाहनों को तत्काल प्रभाव से बंद कर दिया गया।परिवहन विभाग द्वारा यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। विभाग ने वाहन स्वामियों से अपील की है कि वे निजी वाहनों का उपयोग केवल निर्धारित प्रयोजन के लिए करें अन्यथा नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी।

आज अभियान चलाकर सात वाहनों को सीज किया गया है साथ ही डग्गामारी कर रहे कुल तीन वाहनों को बंद किया गया है । नियम विरुद्ध सड़कों पर चलने वालो के विरुद्ध अभियान आगे भी चलता रहेगा

**अंकिता शुक्ला**
**सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी**

# श्रीराम महायज्ञ, रथयात्रा का जगह–जगह स्वागत

कैनविज टाइम्स संवाददाता

निंदूरा बाराबंकी। कुर्सी के बिसाई स्थित प्रसिद्ध नहवाई कुटी पर आयोजित पांच दिवसीय श्रीराम महायज्ञ एवं सीताराम प्राण प्रतिष्ठा आयोजन क्रम में बुधवार को चौथे दिन धार्मिक अनुष्ठानों के बीच रथयात्रा निकली ।नगर भ्रमण कार्यक्रम आयोजित किया गया। यात्रा सीताराम नगर भ्रमण यात्रा मिर्ज़ापुर, पकरियापुर ,दौलतपुर कुंडवां चौराहे ,टिकैतगंज,बसारा , मौहसंड आदि कस्बों व गांव को होते हुए पुनः आश्रम पहुंची। नगर भ्रमण यात्रा में सैकड़ों की संख्या श्रद्धालु शामिल हुए। स्थानीय लोगों द्वारा नगर भ्रमण यात्रा का जगह जगह पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया गया।नगर भ्रमण यात्रा के दौरान जय श्रीराम के आवाज से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो गया।महंत ने बताया कि श्रीराम महायज्ञ एवं सीताराम प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में गुरुवार को पांचवें दिन प्राण-प्रतिष्ठा पूर्णाहुति एवं विशाल भंडारा आयोजित किया जाएगा।इस मौके पर अयोध्या धाम के डॉक्टर महेश दास, मंदिर के महंत राणा दास, यशोदा नंदन, पहलवान राकेश दास, विपिन सोनी, श्रवण कुमार, राकेश यादव, सुरेश यादव, चंद्रशेखर, मंसाराम ,रघुराज आदि लोग मौजूद रहे।

## संयुक्त कर्मचारी संघर्ष समिति का एक दिवसीय धरना आयोजित

सुलतानपुर। उत्तर प्रदेश सिंचाई विभाग संयुक्त कर्मचारी संघर्ष समिति के आह्वान पर सुल्तानपुर में एक दिवसीय शांतिपूर्ण धरना आयोजित किया गया। तिकोनिया पार्क में विकास कुमार सिंह की अध्यक्षता में हुए इस धरने में संगठक और कर्मचारियों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। एक मांगपत्र भी जिला प्रशासन को सौंपा गया है। कर्मचारियों का विरोध उत्तर प्रदेश शासन के 14 मई 2025 के आदेश को लेकर है। इस आदेश में सिंचाई विभाग के महत्वपूर्ण पदों जैसे सिंचाई नलकूप चालक, जिलेदार, हेडमुंशी, मुंशी और उप राजस्व अधिकारी को समाप्त करने की बात कही गई है। साथ ही कई तकनीकी पदों जैसे आर्मेचर, माइंडर, पेंटर, टरबाइन ऑपरेटर और अन्य पदों को भी खत्म किया जाना है। संयोजक मुन्ना लाल रमी ने इस आदेश को किसान और कर्मचारी विरोधी बताया। उन्होंने कहा कि सरकार सिंचाई व्यवस्था को निजी हाथों में देना चाहती है, जो किसानों के हित में नहीं है।

# बार कौंसिल के फरमान के विरोध में अधिवक्ता समूह ने सौंपा मांग पत्र



कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। श्री अवध बिहारी मिश्र सेवा ट्रस्ट के बैनर तले एकजुट अधिवक्ताओं ने ट्रस्टी रितेश कुमार मिश्र आंदोलनकारी अधिवक्ता/ वरिष्ठ उपाध्यक्ष के नेतृत्व में बार कौंसिल द्वारा अधिवक्ताओं के विरुद्ध निरन्तर आदेश के खिलाफ जारी पत्रक अपर जिलाधिकारी अरुण सिंह को सौंपा। अधिवक्ता श्री मिश्रा ने बताया कि बार कौंसिल उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष शिव कुमार गौड के दिनांकित छः अप्रैल 2025 के आदेश से क्षुब्ध अधिवक्ताओं द्वारा राष्ट्रपति , केंद्रीय विधि एवं न्याय मंत्री को पत्र ज्ञापन भेजा गया है। श्री मिश्र का यह भी कहना है कि बार कौंसिल द्वारा लगातार अधिवक्ताओं के विरुद्ध आदेश किए जा रहे हैं जो बहुत ही दुखद है अधिवक्ताओं को मातृ संस्था बार कौंसिल से सकारात्मक सहयोग नहीं मिल रहा है।बहुत ऐसे अधिवक्ता है जिनका प्रमाण पत्र कही गुम हो गया हो उनको डुप्लीकेट प्रमाणपत्र का शुल्क 100?के स्थान पर 500? लिया जा रहा है जो कि अधिवक्ताओं का शोषण है ऐसी समस्याओं पर बार कौंसिल के मेम्बरानो को विचार करना चहिए तथा अधिवक्ताओं के हितों में अग्रसर होकर कार्य करना चाहिए। इस ज्ञापन के समय आंदोलनकारी अधिवक्ता रितेश कुमार मिश्र सहित रमन द्विवेदी,पवन मिश्रा,संजय गांधी, दिवाकर दत्त सिंह, पुरुषोत्तम मिश्र,रितेश कुमार, शुभम शर्मा, श्रीकांत,फरहत फातिमा,सुमन देवी, नेमावती, राहुल मिश्र,अवध बिहारी, पवन तिवारी, सुनीता यादव, सुमनकुमारी,अभिरूप मौर्या, विकास यादव, आकाश राय,शाकिब, हिमांशु,खुशी जायसवाल आदि उपस्थिति रहे।

# बकरीद भाईचारे का पर्व स्नेह से मनाए, सार्वजनिक स्थानों पर कुर्बानी न दे : प्रीति सिंह

**बकरीद पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक सम्पन्न**

**डीएसपी गरिमा पंत ने सौहार्दपूर्ण माहौल बनाए रखने की अपील की**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सिरौलीगौसपुर (बाराबंकी)। आगामी बकरीद पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराने के उद्देश्य से बुधवार को कोतवाली बदोसराय परिसर में शांति समिति की एक अहम बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता उपजिलाधिकारी सिरौलीगौसपुर प्रीति सिंह ने की, जबकि इसमें क्षेत्राधिकारी (सीओ) रामनगर गरिमा पन्त विशेष रूप से उपस्थित रहीं। बैठक का संचालन कोतवाली प्रभारी संतोष कुमार द्वारा किया गया।बैठक में प्रशासनिक अधिकारियों और क्षेत्रीय नागरिकों के बीच पर्व के सफल आयोजन को लेकर विभिन्न पहलुओं



पर विचार-विमर्श हुआ। एसडीएम प्रीति सिंह ने बैठक को संबोधित करते हुए लोगों से अपील की कि वे बकरीद पर्व को आपसी भाईचारे और शांति के साथ मनाएं। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि सार्वजनिक स्थानों पर कुर्बानी ना दी जाए, ताकि किसी भी प्रकार की सामाजिक असुविधा या विवाद की स्थिति उत्पन्न न हो।

एसडीएम ने लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने और शांति बनाए रखने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि कोई भी अप्रिय स्थिति उत्पन्न न हो, इसके लिए जिला प्रशासन पूरी तरह से सतर्क और तैयार है। इस दौरान सीओ गरिमा पन्त ने बताया कि सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। उन्होंने बताया कि सोशल मीडिया पर विशेष निगरानी रखी जा रही है और अफवाह फैलाने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। बैठक में क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों, धर्मगुरुओं और ग्राम प्रधानों ने भी भाग लिया। इनमें प्रमुख रूप से शिब्ली मियां, औन मियां, अदीब मियां, निसार मेहदी, नसरुद्दीन, प्रधान प्रतिनिधि माजिद हासमी, मोहम्मद इस्माइल, कलाम चच्चा, हाफिज दानिश और हाफिज नजमुद्दीन शामिल रहे। सभी समुदाय के लोगों से पूर्व वर्षों की भांति सौहार्द के साथ त्योहार मनाने और विशेष रूप से स्वच्छता बनाए रखने की अपील की गई। प्रशासन की ओर से यह संदेश दिया गया कि कानून व्यवस्था बनाए रखने में सभी नागरिकों का सहयोग आवश्यक है और पर्व को शांतिपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है।

## आईपीएल 2025 जीत के बाद आरसीबी कप्तान रजत पाटीदार ने कहा-

# विराट कोहली और फैंस इस ट्रॉफी के सबसे बड़े हकदार

एजेंसी



अहमदाबाद। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल 2025) के फाइनल में पंजाब किंग्स पर 6 रन की रोमांचक जीत दर्ज कर रॉयल चैलेंजर बेंगलुरु (आरसीबी) ने 18 साल में पहली बार खिताब अपने नाम किया। मैच के बाद कप्तान रजत पाटीदार ने जीत के जश्न के बीच दिल खोलकर अपनी भावनाएं साझा कीं। उन्होंने इसे विराट कोहली और आरसीबी फैंस के लिए ''खास पल'' बताया।

मैच के बाद रजत पाटीदार ने कहा, ''मेरे लिए ये बेहद खास है और विराट कोहली के लिए तो और भी ज्यादा। जो फैंस सालों से हमारी टीम को सपोर्ट कर रहे हैं, ये जीत उन्हीं के नाम है। वे इस ट्रॉफी के असली हकदार हैं।

जब उनसे पूछा गया कि कब लगा कि टीम ट्रॉफी जीत सकती है, तो रजत बोले, ''मुझे लगता है क्वालिफायर-1 के बाद ये विश्वास हुआ कि हम इस बार अच्छा कर सकते हैं। उस समय हमारी टीम की लय और आत्मविश्वास देखने लायक था।

पहली पारी में आरसीबी ने 190 रन बनाए थे। इस पर रजत ने कहा, ''इस पिच पर 190 रन अच्छा स्कोर था, क्योंकि विकेट थोड़ी धीमी थी। गेंदबाजों ने अपनी योजना को जिस तरह से अंजाम दिया, वो काबिल-ए-तारीफ था। खासकर क्रुणाल पांड्या ने जिस समय गेंदबाजी की, वो टर्निंग पॉइंट था। उनका स्पेल (4 ओवर, 17 रन, 2 विकेट) शानदार था। वह हमेशा दबाव में विकेट निकालते हैं।''उन्होंने आगे कहा, ''मैं जब भी दबाव में होता हूं तो देखता हूं कि 'केपी' यानी क्रुणाल कहां हैं। मुझे उन पर बहुत भरोसा है। उनके अलावा सुयश, भुवनेश्वर कुमार, यश दयाल, हेज़लवुड ऽ सभी गेंदबाजों ने पूरे सीजन शानदार प्रदर्शन किया।'' विराट कोहली की 18 साल की आरसीबी यात्रा पर रजत ने कहा, ''मेरे लिए उनके साथ कप्तानी करना एक बड़ा अवसर था। उनसे बहुत कुछ सीखने को मिला। वह इस खिताब के सबसे बड़े हकदार हैं। उन्होंने हमेशा टीम, मैनेजमेंट और हर खिलाड़ी का समर्थन किया। जिस तरह से कोचिंग स्टाफ और सपोर्ट स्टाफ ने सभी खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया, वो कमाल का था। आईपीएल 2025 की इस ऐतिहासिक जीत के साथ आरसीबी ने अपने फैंस के लंबे इंतजार को खत्म कर दिया, और रजत पाटीदार ने अपनी कप्तानी में एक नया इतिहास रच दिया।

### एक ऐसा सीजन जिसे मैं कभी नहीं भूलूंगा : विराट कोहली

नई दिल्ली। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने 18 साल के इंतजार को खत्म करते हुए अपना पहला इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) का खिताब जीत लिया है। आईपीएल 2025 के फाइनल में टीम ने पंजाब किंग्स को 6 रनों से हराकर पहली बार ट्रॉफी अपने नाम की। जीत के बाद विराट कोहली ने बुधवार को अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर ट्रॉफी के साथ कुछ तस्वीरें शेयर करते हुए इमोशनल पोस्ट लिखा- इस टीम ने सपने को संभव बनाया, एक ऐसा सीजन जिसे मैं कभी नहीं भूलूंगा। हमने पिछले 2.5 महीनों में इस सफर का भरपूर आनंद लिया है। यह आरसीबी के प्रशंसकों के लिए है जिन्होंने सबसे बुरे समय में भी हमारा साथ नहीं छोड़ा। यह उन सभी वर्षों के दिल टूटने और निराशा के लिए है। यह इस टीम के लिए मैदान पर खेलने के लिए किए गए हर प्रयास के लिए है। कोहली ने आगे लिखा कि जहां तक आईपीएल ट्रॉफी का सवाल है- आपने मुझे आपको उठाने और जश्न मनाने के लिए 18 साल इंतजार करवाया है, मेरे दोस्त, लेकिन यह इंतजार बिल्कुल सार्थक रहा। कोहली हुए भावुकइस जीत के बाद टीम के स्टार खिलाड़ी विराट कोहली बहुत भावुक हो गए थे। विराट 2008 से आरसीबी का हिस्सा हैं, लेकिन अब जाकर ट्रॉफी जीतने का उनका सपना साकार हुआ है। उनकी टीम इससे पहले तीन बार फाइनल में पहुंची थी, लेकिन खिताब नहीं जीत सकी थी। अब जब उनकी टीम इतने लंबे इंतजार के बाद आईपीएल ट्रॉफी उठाने में कामयाब हुई तो कोहली अपनी भावनाओं पर काबू नहीं रख पाए और मैदान पर ही उनकी आखों में आंसू आ गए। उन्होंने इस ऐतिहासिक पल का जमकर जश्न मनाया।

## भारतीय महिला हॉकी टीम एशिया कप में थाईलैंड के खिलाफ करेगी अपने अभियान की शुरुआत

एजेंसी



नई दिल्ली। भारतीय महिला हॉकी टीम एशिया कप 2025 में अपने अभियान की शुरुआत 5 सितंबर को थाईलैंड के खिलाफ मुकाबले से करेगी। यह टूर्नामेंट 5 से 14 सितंबर के बीच चीन के हांगझोऊ में होगा। भारत को पूल-बी में रखा गया है, जिसमें गत चैंपियन जापान, थाईलैंड और सिंगापुर की टीमें भी शामिल हैं। पूल-ए में मेचबान चीन के साथ कोरिया, मलेशिया और चीनी ताइपे की टीमें शामिल हैं। टीम इंडिया पिछली बार ब्रॉन्ज मेडल जीतने में सफल रही थी, लेकिन इस बार उसकी निगाहें स्वर्ण पदक पर होंगी। खास बात यह है कि एशिया कप का खिताब जीतने वाली टीम को 2026 महिला एफआईएच हॉकी वर्ल्ड कप के लिए सीधी क्वालिफिकेशन मिलेगी, जो टूर्नामेंट की अहमियत को और भी बढ़ा देता है।

हॉकी इंडिया की ओर से जारी बयान में भारतीय कप्तान सलीमा टेटे ने कहा, ''हम एशिया कप अभियान को लेकर बेहद उत्साहित हैं। जापान जैसी मजबूत टीम के साथ पूल में होना हमारे कौशल और मानसिक मजबूती की परीक्षा लेगा, लेकिन यह हमारे लिए एक शानदार मौका भी होगा कि हम शुरू में ही अपनी स्थिति आंक सकें। हमारा फोकस स्मार्ट और अनुशासित हॉकी खेलने पर रहेगा। हमारा लक्ष्य ट्रॉफी जीतना और वर्ल्ड कप में जगह पक्की करना है। टीम की उपकप्तान नवनीत कौर ने कहा, ''यह टूर्नामेंट चुनौतीपूर्ण रहेगा, क्योंकि एशिया की शीर्ष टीमें आमने-सामने होंगी। हम इसे एक मौके की तरह देख रहे हैं कि अपनी पूरी ताकत मैदान पर दिखा सकें। हमने कठिन ट्रेनिंग की है और हर प्लान को सही तरीके से लागू करने की कोशिश करेंगे। जापान के खिलाफ पूल मुकाबला हमारे आत्मविश्वास को और बढ़ाएगा। भारतीय महिला हॉकी टीम ने पिछली बार 2017 में एशिया कप का खिताब जीता था, जब उसने फाइनल में चीन को हराया था।

## संक्षिप्त समाचार

### वेस्टइंडीज के खिलाफ टी-20 श्रृंखला के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीम का ऐलान

नई दिल्ली। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज के खिलाफ अगले महीने जुलाई में होने वाली पांच मैचों की टी-20 श्रृंखला के लिए 16 सदस्यीय आस्ट्रेलियाई टीम का ऐलान कर दिया है। टीम की कमान ऑलराउंडर मिशेल मार्श को सौंपी गई है। ऑस्ट्रेलिया को वेस्टइंडीज दौरे पर तीन टेस्ट और पांच टी-20 मैच खेलने हैं। टी-20 श्रृंखला की शुरुआत 19 जुलाई को होगी। टी-20 टीम में पहली बार मिशेल ओवेन और मैथ्यू कुहनेमैन को शामिल किया गया है। दोनों ने घरेलू एवं लीग क्रिकेट में अच्छा प्रदर्शन किया है। कैमरून ग्रीन और कूपर कोनोली टीम में वापस आए हैं। अनुभवी तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड को भी टीम में शामिल किया गया है। वे पाकिस्तान के खिलाफ पिछली टी20 सीरीज में नहीं खेल पाए थे। जेक फ्रेजर मैकगर्क और मार्क स्टोइनिस को टीम से बाहर कर दिया गया है।

चयन प्रमुख जॉर्ज बेली का कहना है कि यह श्रृंखला अगले वर्ष भारत और श्रीलंका में होने वाले टी20 विश्व कप के लिए टीम चुनने के लिए महत्वपूर्ण है। बेली ने कहा कि हमारा आगामी टी20 कार्यक्रम काफी व्यस्त है। हम एक ऐसी टीम का निर्माण कर रहे हैं जो हमें लगता है कि उपमहाद्वीप में होने वाले विश्व कप के लिए उपयुक्त होगी। ऑस्ट्रेलिया की टी20 टीम: मिशेल मार्श (कप्तान), सीन एबॉट, कूपर कोनोली, टिम डेविड, बेन ड्वार्शियस, नाथन एलिस, कैमरून ग्रीन, आरोन हार्डी, जोश हेजलवुड, जोश इंगलिस, स्पेंसर जॉनसन, मैट कुहनेमैन, ग्लेन मैक्सवेल, मिच ओवेन, मैथ्यू शॉर्ट, एडम जम्पा।

### राष्ट्रीय कैडेट ताइक्वांडो प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक विजेता आशीष सिंह को डीएम ने किया सम्मानित

मुरादाबाद। राष्ट्रीय कैडेट ताइक्वांडो प्रतियोगिता में अपनी शानदार प्रतिभा का प्रदर्शन कर स्वर्ण पदक जीतने वाले मुरादाबाद के आशीष सिंह को बधुवार को जिलाधिकारी अनुज सिंह ने अपने कार्यालय में मेडल पहनाकर सम्मानित किया। जिला ताइक्वांडो स्पोर्ट्स एसोसिएशन के सचिव शाहवेज़ अली ने बताया कि आशीष सिंह ने उप्र के साथ मुरादाबाद का नाम भी रोशन किया है। उन्होंने आगे बताया कि राष्ट्रीय कैडेट ताइक्वांडो प्रतियोगिता 29 मई से 2 जून तक देहरादून में आयोजित हुई थी। आशीष सिंह शहर के उभरते हुए ताइक्वांडो के जाबाज़ खिलाड़ी है। आशीष का चयन एशियन ताइक्वांडो प्रतियोगिता के कैंप में हो गया है जो अगले माह नाशिक में आयोजित होने वाला है। इस अवसर पर जिला संघ के पदाधिकारी सहित केशव थापा, सुमित शर्मा, शोभित भारद्वाज, अरविंद सिंह, संदीप कुमार, शिप्रा सिंह, रोहित कुमार आदि ने आशीष सिंह का स्वागत कर शुभकामनाएं दी।

### नॉर्वे शतरंज 2025 राउंड 8: हिकारू ने गुकेश को दी मात, कोनेरू हम्पी महिला वर्ग में आगे

स्टावेंगर (नॉर्वे)। नॉर्वे शतरंज 2025 के आठवें राउंड में कई रोमांचक मुकाबले देखने को मिले। इस राउंड का सबसे चर्चित मैच विश्व चैंपियन डी. गुकेश और अमेरिका के दिग्गज ग्रैंडमास्टर हिकारू नाकामुरा के बीच खेला गया, जिसमें नाकामुरा ने जीत दर्ज की। शुरुआत से ही हिकारू नाकामुरा ने आक्रामक अंदाज़ में खेलते हुए गुकेश को दबाव में ला दिया। पिछले दो राउंड में जबरदस्त बचाव करने वाले गुकेश इस बार नाकामुरा के हमलों के आगे टिक नहीं सके और उन्हें हार का सामना करना पड़ा। इस जीत से नाकामुरा को पूरे तीन अंक मिले। एक और अहम मुकाबले में भारतीय शतरंज खिलाड़ी अर्जुन एरिगैसी की फबियानो कारुआना से लंबी और कठिन जंग चली। एंडगेम में कारुआना थोड़े बेहतर स्थिति में दिखे, लेकिन समय के दबाव में उन्होंने एक निर्णायक चूक कर दी। एरिगैसी ने इसका फायदा उठाते हुए मुकाबला अपने नाम कर लिया और तीन अंक हासिल किए। दिन का अंतिम मुकाबला चीन के वेई यी और विश्व नंबर-1 मैग्नस कार्लसन के बीच खेला गया, जो नियमित समय में बिना किसी खास हलचल के ड्रॉ पर समाप्त हुआ। हालांकि, आर्मगेडन मुकाबले में वेई यी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए निर्णायक अंक हासिल किए। महिला वर्ग में भी आठवें राउंड में कड़ा मुकाबला देखने को मिला। भारत की अनुभवी खिलाड़ी कोनेरू हम्पी ने ईरान की सारा खादेम के खिलाफ जटिल स्थिति से बाज़ी को अपने पक्ष में मोड़ा। खुलेपन से ही हम्पी ने जटिल पोजिशन तैयार की और इसे सटीक अंदाज़ में जीत में बदल दिया। हालांकि, समय की कमी के चलते उन्होंने एक गंभीर चूक की, जिससे सारा खादेम के पास वापसी का मौका था लेकिन उस मौके को भुनाने में असफल रहीं और हम्पी ने तीन अंक पक्के किए। बाकी दो मुकाबले—अन्ना मुजिचुक बनाम लेई टिंगजी और आर. वैषाली बनाम जू वेनजून मैच नियमित खेल में जल्दी ही ड्रॉ पर समाप्त हुए। हालांकि, आर्मगेडन गेम में अन्ना मुजिचुक और वैषाली ने बेहतरीन खेल दिखाते हुए अतिरिक्त अंक हासिल किए। पॉइंट टेबल में स्थिति अब बेहद रोचक हो गई है और दोनों वर्गों में अगला राउंड मुकाबलों को और भी रोमांचक बना सकता है।

### कोहली ने टेस्ट के प्रति फिर दिखाया प्यार, युवाओं से इस प्रारूप के सम्मान का आग्रह

अहमदाबाद। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के फाइनल में पंजाब किंग्स को 6 रनों से हराकर पहली बार ट्रॉफी अपने नाम की। इस जीत के बाद टीम के स्टार खिलाड़ी विराट कोहली बहुत भावुक नजर आए। विराट आईपीएल की शुरुआत से इस फ्रेंचाइजी के लिए खेल रहे हैं, लेकिन अब जाकर उन्हें आईपीएल ट्रॉफी को उठाने का मौका मिला है। ऐसे में जीत के बाद विराट अपने आंसुओं पर काबू नहीं रख सके और बुहत इमोशनल हो गए। हालांकि आईपीएल ट्रॉफी जीत के जश्न के बीच उन्होंने टेस्ट क्रिकेट के प्रति अपना प्यार एक बार फिर जाहिर किया। मैच के बाद मैथ्यू हेडन के साथ बातचीत के दौरान विराट ने कहा कि यह पल मेरे करियर के सबसे बेहतरीन पलों में से एक है लेकिन यह अभी भी टेस्ट क्रिकेट से पांच स्तर नीचे है। यही कारण है कि उन्हें टेस्ट क्रिकेट से इतना प्यार है और यही कारण है कि वह टेस्ट क्रिकेट को इतना महत्व देते हैं। उन्होंने आने वाले युवा पीढ़ियों से आग्रह किया है कि वे इस प्रारूप का सम्मान करें। उन्होंने आगे कहा कि मैं आने वाले युवाओं से यही आग्रह करूंगा कि वे इस प्रारूप का सम्मान करें। क्योंकि अगर आप टेस्ट क्रिकेट में अच्छा प्रदर्शन करते हैं, तो आप दुनिया में कहीं भी चले जाएं, लोग आपकी आंखों में देखते हैं और आपसे हाथ मिलाते हैं और कहते हैं, शाबाश, आपने खेल बहुत अच्छा खेला। दिग्गज बल्लेबाज ने कहा कि इसलिए यदि आप विश्व क्रिकेट में सम्मान अर्जित करना चाहते हैं, तो टेस्ट क्रिकेट को अपनाएं और इसमें अपना दिल और जान लगा दें।

# 17 साल का सूखा खत्म, आरसीबी बनी आईपीएल चैंपियन, फाइनल में पंजाब को 6 रन से हराया

एजेंसी



अहमदाबाद। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने पंजाब किंग्स (पीबीकेएस) को 6 रनों से हराकर इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 की ट्रॉफी जीत ली है। इस जीत के साथ आरसीबी ने 17 साल के सूखे को समाप्त किया है। अहमदाबाद में खेले गए फाइनल मुकाबले में आरसीबी ने पहले बैटिंग करते हुए 190 रन बनाए, जिसके जवाब में पंजाब की टीम 184 रन ही बना सकी।

191 रनों के लक्ष्य की पीछा करने उतरी पंजाब किंग्स को दो अनकैप्ड ओपनर प्रियांश आर्या और प्रभसिमरन सिंह ने तेज शुरुआत दिलाई। लेकिन प्रियांश 24 रन बनाकर आउट हो गए। फिर जोश इंग्लिश ने प्रभसिमरन के साथ पारी को आगे बढ़ाया। एक समय पंजाब का स्कोर एक विकेट के नुकसान पर 72 रन था। उसके बाद 26 रन और बनते-बनते तीन विकेट गिर गए। कप्तान श्रेयस अय्यर सिर्फ एक रन बना सके। जबकि नेहल वढ़ेरा ने 15 और मार्कस स्टायनिश ने 6 रन का योगदान दिया। हालांकि दूसरे छोर पर शशांक सिंह मोर्चा संभाले रहे और टीम को लक्ष्य की ओर बढ़ाते रहे। आखिरी ओवर में टीम को जीत के लिए 29 रन की जरूरत थी और शशांक तमाम कोशिशों के बाद भी मात्र 22 रन ही बना सके। इस तरह पंजाब लक्ष्य से 6 रन पीछे रह गई। आरसीबी की ओर से क्रुणाल पांड्या ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 4 ओवर में मात्र 17 रन खर्च कर दो अहम विकेट चटकाए। वहीं, भुवनेश्वर कुमार ने भी दो विकेट अपने नाम किए। जबकि यश दयाल, जोश हैजलवुड और रोमारियो शेपर्ड को एक-एक सफलता मिली। इससे पहले, टॉस हारकर बल्लेबाजी करते हुए बेंगलुरु की शुरुआत तेज रही लेकिन फिल सॉल्ट जल्दी आउट हो गए। सॉल्ट ने 9 गेंदो में 16 रन बनाए। फिर विराट कोहली ने मयंक अग्रवाल के साथ मिलकर दूसरे विकेट के लिए 38 रन जोड़े। मयंक ने 24 रन बनाए। इसी प्रकार छोटी-छोटी साझेदारी बनती रही और टीम आगे बढ़ती गई। कप्तान रजत पाटीदार ने 26, कोहली ने 43, लियाम लिविंगस्टन ने 25. रोमारियो शेपर्ड ने 17 और जितेश शर्मा ने 24 रन का योगदान किया। पंजाब की ओर से अर्शदीप सिंह और काइल जेमिंसन ने तीन-तीन विकेट चटकाए, जबकि अजमतुल्लाह उमरजाई, विजय कुमार और यजुवेंद्र चहल को एक-एक सफलता मिली।

### आईपीएल 2025 में हार के बावजूद पंजाब किंग्स के प्रदर्शन से संतुष्ट कोच रिकी पोंटिंग

अहमदाबाद। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के फाइनल में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू (आरसीबी) से 6 रन से हारने के बावजूद पंजाब किंग्स के मुख्य कोच रिकी पोंटिंग ने टीम के समग्र प्रदर्शन की सराहना की। अहमदाबाद के नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में खेले गए फाइनल मुकाबले में पंजाब की टीम ने पहले गेंदबाजी करते हुए आरसीबी को नौ विकेट पर 190 पर रोक दिया था। टीम के लिए अर्शदीप सिंह और काइल जैमीसन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 3-3 विकेट चटकाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए पंजाब किंग्स को प्रियांश आर्य और प्रभसिमरन सिंह ने तेज शुरुआत दिलाई, लेकिन मध्यक्रम उस लय को बरकरार नहीं रख सका और टीम लक्ष्य से महज 6 रन पीछे रह गई। आखिरी ओवरों में शशांक सिंह ने शानदार प्रयास करते हुए 30 गेंदों में नाबाद 61 रन बनाए, लेकिन टीम को जीत नहीं दिला सके।

## मध्य प्रदेश लीग: भोपाल लेपर्ड्स, चंबल घड़ियाल्स और रीवा जैगुआर्स ने घोषित किये कप्तान

एजेंसी

ग्वालियर। ग्वालियर के शंकरपुर स्थित श्रीमंत माधवराव सिंधिया क्रिकेट स्टेडियम में 12 जून से शुरू हो रही मध्य प्रदेश लीग (एमपीएल) को लेकर चरम पर उत्साह पहुंचने के साथ ही सभी टीमें भी अपनी कमर कसती नजर आ रही हैं। इसी क्रम में भोपाल लेपर्ड्स, चंबल घड़ियाल्स और रीवा जैगुआर्स ने आगामी सीजन के लिए अपने-अपने कप्तानों की घोषणा कर दी है।

भोपाल लेपर्ड्स ने बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अरशद खान को अपना कप्तान नियुक्त किया है। अरशद मंगलवार को समाप्त हुई इंडियन प्रीमियर लीग 2025 में गुजरात टाइटंस का हिस्सा थे, जहां उन्होंने कई मौके पर अहम विकेट लिए।

भोपाल लेपर्ड्स के मालिक एचएमजी सेंटर से अभिषेक गुप्ता ने कहा कि पिछले सीजन में हम उपविजेता रहे थे। इस बार अरशद के नेतृत्व और संतुलित टीम के साथ हम ट्रॉफी जीतने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। हमें विश्वास है कि यह सीजन हमारा होगा, जिसमें हम अधूरा काम पूरा करेंगे। चंबल घड़ियाल्स की कमान मध्य प्रदेश की घरेलू क्रिकेट टीम के भरोसेमंद खिलाड़ी शुभम शर्मा को सौंपी गई है। शुभम ने 2021ऽ22 सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में टी20 डेब्यू किया था और तब से वह एक संयमित कप्तान के रूप में उभरे हैं। हाल ही में समाप्त हुए रणजी ट्रॉफी सीजन में उन्होंने मध्य प्रदेश टीम की अगुवाई करते हुए 700 से अधिक रन बनाए, जिसमें जनवरी में उत्तर प्रदेश के खिलाफ एक दोहरा शतक भी शामिल था। टीम के मालिक करन डेवलपमेंट सर्विसेज के निदेशक दिव्यराज किरार ने कहा कि हम जानते हैं कि कड़ी मेहनत कैसे करनी है और जमीन से जुड़े रहना क्या होता है। रणजी ट्रॉफी में शानदार प्रदर्शन करने वाले शुभम शर्मा के नेतृत्व में हम अनुभव और जीत की भूख दोनों लेकर आए हैं। घड़ियाल्स पूरी तरह से तैयार हैं। रीवा जैगुआर्स ने 2019ऽ20 रणजी ट्रॉफी में प्रथम श्रेणी क्रिकेट में पदार्पण करने वाले विकेटकीपर बल्लेबाज हिमांशु मंतरी को अपना कप्तान बनाया है। लगातार अच्छा प्रदर्शन करते चले आ रहे हिमांशु ने पिछले सीजन में पंजाब के खिलाफ मध्य प्रदेश को ड्रॉ दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी। उनके संयमित प्रदर्शन ने उन्हें पिछले साल दलीप ट्रॉफी में इंडिया बी टीम में स्थान दिलाया। रीवा जैगुआर्स के मालिक स्वरा बेबी प्रोडक्ट्स के सीईओ आलोक बिड़ला ने कहा कि पिछला सीजन हमारे लिए निराशाजनक रहा।

हमने केवल एक ही मैच जीता, लेकिन इस बार हम नई ऊर्जा और खास तैयारियों के साथ आए हैं। रीवा जैगुआर्स इस बार मजबूती से वापसी करने और यह साबित करने के लिए तैयार हैं कि हम एमपीएल की टॉप टीयर टीमों में शामिल होने की क्षमता रखते हैं।

## एसएलआई को लेकर उत्साहित अंजुम मौदगिल, बोलीं- युवाओं के लिए उपयोगी साबित होगी प्रतियोगिता

एजेंसी

नई दिल्ली। अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित भारतीय निशानेबाज अंजुम मौदगिल ने शूटिंग लीग ऑफ इंडिया (एसएलआई) की शुरुआत को लेकर खुशी जाहिर की है। उन्होंने कहा है कि यह पहली बार हो रहा है कि निशानेबाजी के लिए कोई लीग आयोजित की जा रही है और मैं इसे लेकर बहुत उत्साहित हूं। मैं पिछले 17 वर्षों से इस खेल से जुड़ी हूं और मैंने इसे लगातार आगे बढ़ते देखा है। अब जब इसकी एक प्रतियोगिता होने जा रही है, तो यह खेल को और मजबूती देगी और लोग इसके बारीक पहलुओं को भी समझ पाएंगे। देश में निशानेबाजी को बढ़ावा देने के लिए नेशनल राइफल एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एनआरएआई) ने पिछले महीने शूटिंग लीग ऑफ इंडिया (एसएलआई) के उद्घाटन संस्करण की घोषणा की थी। यह लीग इस वर्ष 20 नवंबर से 2 दिसंबर के बीच खेली जाएगा। लीग में देश एवं विदेश के प्रमुख निशानेबाज भाग लेंगे। भारतीय निशानेबाज अंजुम मौदगिल ने एनआरएआई की ओर से जारी बयान में कहा कि यह प्रतियोगिता भारतीय खिलाड़ियों को वैश्विक स्तर की तैयारियों के लिए उपयोगी साबित होगी। उन्होंने कहा कि हम वरिष्ठ खिलाड़ियों ने वर्षों से एक तय ढांचे में खेला है, लेकिन जो नई पीढ़ी आ रही है, वह बहुत आत्मविश्वासी है और ज्यादा से ज्यादा अनुभव लेना चाहती है। ऐसे में इस तरह की प्रतियोगिताएं उनके लिए बहुत सहायक होंगी। मौदगिल के अनुसार इस प्रतियोगिता में विदेशी खिलाड़ियों की भागीदारी से युवा भारतीय खिलाड़ियों को काफी कुछ सीखने को मिलेगा। उन्होंने कहा कि जब अन्य देशों के खिलाड़ी इस प्रतियोगिता में भाग लेंगे तो अनुभव, रणनीति और सोचने के तरीके में विविधता आएगी। किसी भी खेल में बड़ा बदलाव तभी आता है जब आप अन्य संस्कृतियों और पद्धतियों को अपनाने के लिए तैयार हों। उन्होंने विश्वास जताया कि यह प्रतियोगिता देश में नई प्रतिभाओं को निखारने और पहचान दिलाने में सहायक होगी।

### खनिज ब्लॉकों के परिचालन में तेजी लाने के लिए 'माइनिंग डैशबोर्ड' लॉन्च

नई दिल्ली। केंद्रीय कोयला और खान मंत्री जी. किशन रेड्डी ने बुधवार को नीलाम किए गए खनिज ब्लॉकों की परिचालन स्थिति पर नजर रखने के लिए 'माइनिंग डैशबोर्ड' लॉन्च किया। यह डैशबोर्ड नीलाम किए गए खनिज ब्लॉकों की परिचालन स्थिति की निगरानी और देशभर में वैधानिक मंज़ूरियों का पता लगाने में सक्षम है। केंद्र सरकार की यह पहल खनिज क्षेत्र में पारदर्शिता, दक्षता और जवाबदेही बढ़ाने के जारी प्रयासों का हिस्सा है।

खान मंत्रालय के मुताबिक अभी तक 16 राज्यों में 500 खनिज ब्लॉकों की सफलतापूर्वक नीलामी की गई है, जिसमें 466 ब्लॉक राज्य सरकारों द्वारा और 34 महत्वपूर्ण खनिज ब्लॉक केंद्र सरकार द्वारा नीलाम किए गए हैं। इनमें से 64 ब्लॉक चालू हो चुके हैं। डैशबोर्ड एक संरचित और वास्तविक समय आधारित निगरानी प्रणाली प्रदान करता है, जो अवरोधों की पहचान करने, समय पर समाधान करने

# शेयर बाजार में 3 दिन की गिरावट के बाद लौटे खरीदार, सेंसेक्स और निफ्टी में शानदार तेजी

एजेंसी



नई दिल्ली। लगातार 3 कारोबारी दिन तक गिरावट का सामना करने के बाद घरेलू शेयर बाजार आज मजबूती के साथ बंद होने में सफल रहा। आज के कारोबार की शुरुआत मामूली बढ़त के साथ हुई थी। बाजार खुलते ही पहले खरीदारी के सपोर्ट से तेजी का रुख बना, लेकिन थोड़ी ही देर बाद बिकवाली का दबाव बन जाने के कारण सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांकों ने लाल निशान में गोता लगा दिया। हालांकि, इसके बाद एक बार फिर खरीदारों ने लिवाली का जोर बनाया, जिसकी वजह से शेयर बाजार ने हरे निशान में वापसी कर ली। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.34 प्रतिशत और निफ्टी 0.32 प्रतिशत की तेजी के साथ बंद हुए।

आज दिन भर के कारोबार के दौरान ऑयल एंड गैस, मेटल और एनर्जी सेक्टर के शेयरों में लगातार खरीदारी होती रही। इसी तरह बैंकिंग, आईटी, ऑटोमोबाइल, कैपिटल गुड्स, कंज्यूमर ड्युरेबल्स, एफएमसीजी, हेल्थकेयर, पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइज और टेक इंडेक्स भी बढ़त के साथ बंद हुए। दूसरी ओर, रियल्टी सेक्टर के शेयरों में आज बिकवाली का दबाव बना रहा। ब्रॉडर मार्केट में भी आज लगातार खरीदारी होती रही, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 0.76 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुआ। इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने 0.58 प्रतिशत की तेजी के साथ आज के कारोबार का अंत किया। आज शेयर बाजार में आई मजबूती के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में करीब 2 लाख करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद बढ़ कर 445.15 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया। पिछले कारोबारी दिन यानी मंगलवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 443.16 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को आज के कारोबार से करीब 1.99 लाख करोड़ रुपये का मुनाफा हो गया।

आज दिन भर के कारोबार में बीएसई में 4,155 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें 2,076 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि 1,931 शेयरों में गिरावट का रुख रहा, वहीं 148 शेयर बिना किसी उतार चढ़ाव के बंद हुए। एनएसई में आज 2,581 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें से 1,470 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में और 1,111 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में बंद हुए। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 18 शेयर बढ़त के साथ और 12 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए।

# राहुल गांधी देश, सेना के स्वाभिमान, आत्मसम्मान को कुचल रहे हैं: भाजपा

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने कंाग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा ऑपरेशन सिन्दूर के दौरान 'भारत के सरेन्डर' के आक्षेप पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए बुधवार को कहा कि आज़ादी के बाद भारत का इतिहास कंाग्रेस के पाकिस्तान के समक्ष 'सरेन्डर' (आत्मसमर्पण) की घटनाओं से भरा पड़ा है और इसी खतरनाक मानसिकता वाली आदत, फितरत और शरारत के तहत वह देश और सेना के स्वाभिमान एवं आत्मसम्मान को कुचल रहे हैं।

भाजपा के प्रवक्ता एवं सांसद डॉ. सुधांशु त्रिवेदी ने यहां पार्टी के मुख्यालय में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, ल्लएक तरफ भारत द्वारा भेजे गये संयुक्त संसदीय दल में तमाम विपक्षी दलों के सांसद, जिसमें कंाग्रेस के सांसद भी है। वो दुनिया के भिन्न-भिन्न देशों में भारत के पक्ष को गंभीरता के साथ और पूरे राष्ट्र की एकजुटता के साथ रखकर वापस आ रहे हैं। दूसरी तरफ कंाग्रेस के स्वघोषित, स्वनामधन्य, सर्वकालीन सर्वोच्च नेता और विपक्ष के नेता राहुल गांधी जी निहायत ही ओछी और स्तरहीन बातें करके यह विश्व को बता रहे हैं कि नेता प्रतिपक्ष का पद पाने के बाद भी उनके अंदर गंभीरता और नेता प्रतिपक्ष की परिपक्वता का घोर अभाव है। डॉ त्रिवेदी ने कहा कि श्री राहुल गांधी ने जिस प्रकार से हमारी सेना द्वारा दिखाये गये अप्रतिम शौर्य और सेना के अधिकारियों द्वारा जिस प्रकार से ऑपरेशन सिंदूर की



सफलता का विवरण दिया है, उसको सरेंडर से तुलना करना... ये दर्शाता है कि ये मानसिकता कितनी रोगी और कितनी खतरनाक हो चुकी है। उन्होंने कहा कि कंाग्रेस नेता राहुल गांधी ने एक ऐसा बयान दिया है जो अपरिपक्वता के स्तर को दर्शाता है। ऑपरेशन सिंदूर की सफलता की तुलना आत्मसमर्पण से करना न केवल हमारे भारतीय सशस्त्र बलों के प्रति गहरा अनादर दर्शाता है, बल्कि उनकी कमज़ोर मानसिकता को भी उजागर करता है। अब तक उन्हें पाकिस्तान का पोस्टर बॉय माना जाता रहा है, लेकिन पाकिस्तानी सेना या उनके आतंकवादी संगठनों ने भी ऐसी शर्मनाक टिप्पणी नहीं की है।भाजपा प्रवक्ता ने कहा, ल्ल राहुल गांधी ने ऐसा बयान दिया है जो पाकिस्तान के सेना प्रमुख ने भी नहीं बोला, पाकिस्तान के किसी आतंकवादी संगठन ने भी नहीं बोला, मौलाना मसूद अजहर ने भी नहीं बोला, हाफिज सईद ने भी नहीं बोला।

इसमें किसी ने यह शब्द नहीं बोला है कि भारत ने सरेंडर किया है, बल्कि उन लोगों ने अपनी-अपनी तकलीफों का इजहार गाहे-बगाहे किया है। और राहुल गांधी जब यह बोल रहे हैं तो मैं उनसे पूछना चाहता हूं कि क्या आप उन नेताओं से एक कदम आगे जाना चाह रहे हैं? डॉ. त्रिवेदी ने कहा, भारतीय सशस्त्र बलों ने ऑपरेशन सिंदूर की सफलता की घोषणा की थी, भाजपा नेताओं या उनके प्रवक्ताओं ने नहीं। जिस तरह से राहुल गांधी ने सशस्त्र बलों की सफलता की तुलना 'आत्मसमर्पण' से की, वह उनकी वीरता और बलिदान का स्पष्ट अपमान है।

# तत्काल टिकटों के अनधिकृत बुकिंग नेटवर्क पर रेलवे का कड़ा प्रहार

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारतीय रेलवे ने पारदर्शिता, सुरक्षा और उपयोगकर्ता अनुभव को बढ़ाने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए, अपने टिकटिंग बुनियादी ढांचे में व्यापक डिजिटल बदलाव करके ढाई करोड़ संदिग्ध आईडी निष्क्रिय करके अनधिकृत तत्काल बुकिंग पर कड़ा प्रहार किया है जिसके बाद वास्तविक उपयोगकर्ताओं को बहुत राहत मिली है।

रेल मंत्रालय ने बुधवार को यहां नयी जानकारी देते हुए कहा कि नये डिजीटल प्लेटफॉर्म पर अत्याधुनिक एंटी-बीओटी सिस्टम के इस्तेमाल और एक प्रमुख कंटेंट डिलीवरी नेटवर्क (सीडीएन) सेवा प्रदाता के साथ एकीकरण के माध्यम से, रेलवे ने तत्काल श्रेणी के टिकटों की अनधिकृत स्वचालित बुकिंग पर काफी हद तक अंकुश लगाकर वास्तविक उपयोगकर्ताओं के लिए वेबसाइट की पहुंच में सुधार किया है। नए सिस्टम ने सभी बॉट ट्रैफ़िक को प्रभावी रूप से कम कर दिया है, जो तत्काल योजना के पहले पांच मिनट के दौरान चरम पर होता है। इस अवधि के दौरान कुल लॉगिन प्रयासों में बॉट ट्रैफ़िक का हिस्सा 50 प्रतिशत तक होता है। यह वृद्धि वास्तविक उपयोगकर्ताओं के लिए बेहतर पहुंच सुनिश्चित करती है। इसका परिणाम यह हुआ कि टिकट बुकिंग के लिए 2.5 करोड़ संदिग्ध उपयोगकर्ता आईडी निष्क्रिय कर दी गई हैं। 22 मई को एक ऐतिहासिक उपलब्धि दर्ज की गई, जिसमें 31 हजार 814 टिकटों की प्रति मिनट सबसे अधिक बुकिंग हुई जो इस उन्नत प्लेटफ़ॉर्म की मज़बूती एवं विश्वसनीयता को दर्शाता है।

निष्पक्षता और दक्षता को और बढ़ाने के लिए, नए उपयोगकर्ता प्रोटोकॉल पेश किए गए हैं। आधार के माध्यम से प्रमाणित नहीं होने वाले उपयोगकर्ता पंजीकरण के 3 दिन बाद ही ओपनिंग एआरपी, तत्काल या प्रीमियम तत्काल टिकट बुक कर सकते हैं, जबकि आधार-सत्यापित उपयोगकर्ता बिना देरी के टिकट बुक कर सकते हैं। इन प्रयासों से जबर्दस्त सुधार दिखायी दिया है। औसत दैनिक उपयोगकर्ता लॉगिन वित्त वर्ष 2023-24 में 69.08 लाख से बढ़कर वित्त वर्ष 2024-25 में 82.57 लाख हो गया जो 19.53 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज करता है। इसी अवधि में औसत दैनिक टिकट बुकिंग में 11.85 प्रतिशत की वृद्धि हुई। इसके अतिरिक्त, ई-टिकटिंग अब कुल आरक्षित टिकट बुकिंग का 86.38 प्रतिशत हिस्सा है। रेल मंत्रालय ले टिकट बुकिंग प्रणाली में सुधारों का विवरण देते हुए कहा कि 87 प्रतिशत सामग्री को तेज़ लोड समय और कम सर्वर लोड के लिए सीडीएन के माध्यम से उपलब?ध कराया जा रहा है। परिष्कृत एआई एल्गोरिदम का उपयोग करके बॉट ट्रैफ़िक का सक्रिय पता लगा कर उसे कम किया जा रहा है। संदिग्ध उपयोगकर्ता आईडी को सक्रिय रूप से निष्क्रिय करके साइबर अपराध पोर्टल के माध्यम से शिकायत दर्ज करायी गई है।

# देश में कोविड-19 के मामले बढ़कर 4,302, 24 घंटे में दो और मौतें

एजेंसी

नयी दिल्ली। देश में बुधवार सुबह आठ बजे तक कोविड-19 के सक्रिय मामलों की संख्या बढ़कर 4,302 हो गई है, जबकि मंगलवार को यह संख्या 4,026 थी।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने रिपोर्ट जारी कर आंकड़ों की सूचना दी। दो और मौतों के साथ इस साल मरने वालों की संख्या सात हो गयी है। पिछले 24 घंटों में करीब 300 नए संक्रमण के मामले सामने आए हैं, जिनमें सबसे ज्यादा मामले केरल में दर्ज किए गए हैं। दिल्ली, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल में भी मामलों में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई है।

इस बीच, 3,281 मरीज ठीक हो चुके हैं और उन्हें अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है। हाल ही में पश्चिम बंगाल में 60, उत्तर प्रदेश में 63 और दिल्ली में 64 नए मामले सामने आए हैं। एक दिन पहले ही दिल्ली में 47 और केरल में 35 नए मामले सामने आए थे।

स्वास्थ्य अधिकारी स्थिति पर कड़ी निगरानी रख रहे हैं। अस्पताल में भर्ती होने की दर हालांकि अपेक्षाकृत कम है। हिमाचल प्रदेश में मंगलवार को पहली बार सिरमौर जिले के नाहन में नवीनतम उछाल का पहला मामला सामने आया, जो वायरस के क्षेत्रों में निरंतर प्रसार का संकेत देता है। जबकि कई देशों में कोविड-19 के मामलों में फिर से वृद्धि देखी जा रही है। कुल मिलाकर मृत्यु दर कम बनी हुई है तथा अधिकांश संक्रमित व्यक्तियों में हल्के लक्षण दिखाई दे रहे हैं। दिल्ली और उत्तराखंड की सरकारों ने अस्पतालों से पर्याप्त बेड, ऑक्सीजन की आपूर्ति, दवाइयों और टीकों को सुनिश्चित करके पर्याप्त रूप से तैयार रहने का आग्रह करते हुए सलाह जारी की है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार, वर्तमान में देश में सबसे प्रचलित वैरिएंट जेएन.1 है, जो परीक्षण किए गए नमूनों का 53 प्रतिशत है, इसके बाद बीए .2 26 प्रतिशत है तथा ओमिक्रॉन सबलाइनेज शेष 20 प्रतिशत हैं।

# देश में कोविड स्थिति पर सतर्कता बरतने की सलाह

एजेंसी

नयी दिल्ली। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने बुधवार को देश में कोविड-19 के बढ़ते मामलों की समीक्षा करते हुए सतर्कता बरतने की सलाह दी तथा राज्यों को ऑक्सीजन, आइसोलेशन बेड, वेंटिलेटर और आवश्यक दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

मंत्रालय के सूत्रों ने यहां बताया कि देश में कोविड-19 मामलों में हाल ही में हुई वृद्धि के मद्देनजर दो और तीन जून को स्वास्थ्य सेवा महानिदेशक डॉ. सुनीता शर्मा की अध्यक्षता में आपदा प्रबंधन प्रकोष्ठ, आपातकालीन प्रबंधन प्रतिक्रिया प्रकोष्ठ, राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केंद्र, भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद, एकीकृत रोग निगरानी कार्यक्रम और दिल्ली में केंद्र सरकार के अस्पतालों के प्रतिनिधियों और सभी राज्यों तथा केंद्र शासित प्रदेशों के प्रतिनिधियों के साथ वर्तमान कोविड-19 स्थिति और तैयारियों के उपायों का मूल्यांकन करने के लिए तकनीकी समीक्षा बैठकें आयोजित की गई। दिशानिर्देशों के अनुसार सभी भर्ती मामलों और पांच प्रतिशत आईएलआई मामलों के लिए परीक्षण की सिफारिश की गयी है। आईसीएमआर वीआरडीएल से संदिग्ध नमूने पूरे अनुवांशिकी अनुक्रमण के लिए भेजे जाते हैं। सूत्रों के अनुसार लोगों को हाथ साफ रखने, खांसते समय मुंह ढ़कने और अस्वस्थ होने पर भीड़-भाड़ वाली जगहों पर जाने से बचने की सलाह दी गयी है। इसके अलावा तीव्र श्वसन बीमारी वाले व्यक्तियों को स्वयं निगरानी करनी चाहिए और लक्षण बिगड़ने पर चिकित्सा सहायता लेनी चाहिए। मंत्रालय ने कहा कि गलत सूचना और अफवाहों से बचने के लिए आधिकारिक वेबसाइट और विज्ञप्ति जैसे विश्वसनीय स्रोतों का पालन किया जाना चाहिए। सूत्रों के अनुसार बैठक में कोविड-19 स्थिति पर व्यापक रूप से चर्चा की गयी। देश में पिछले 24 घंटों में 864 मामलों की वृद्धि के साथ 4,302 सक्रिय मामले हैं। इनमें से अधिकांश मामले हल्के हैं और घर पर ही उनका इलाज किया जाता है। देश में कोविड संक्रमण से एक जनवरी 2025 से अब तक 44 मौतें हुई हैं, जिनमें से अधिकतर पहले से बीमार लोगों में हुई हैं। स्थानीय प्रशासन को सभी तरह की स्वास्थ्य सेवा की तैयारी करने के निर्देश दिये गये। इसकी तैयारी परखने कल तैयारी मॉक ड्रिल की योजना बनाई गई है। बैठक में बताया गया कि राज्य और जिला निगरानी इकाइयाँ इन्फ्लूएंजा जैसी बीमारी (आईएलआई) और गंभीर तीव्र श्वसन बीमारी की बारीकी से निगरानी कर रही हैं।

# मोदी जी, 'नरेंद्र बनिए सरेंडर' नहीं: कांग्रेस

एजेंसी

नयी दिल्ली। कांग्रेस ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर हमला करते हुए बुधवार को कहा कि उनकी सरकार की विदेश नीति दुनिया के सामने समर्पण कर रही है और इसका ताजा उदाहरण अमेरिका के सामने उनका उस समय घुटनों पर आना है जब बहादुर सेना ने पाकिस्तान की गर्दन दबोच रखी थी लेकिन अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के सामने सरेंडर करके सैन्य कार्रवाई रोकते हैं और इसकी घोषणा भी अमेरिका से होती है। कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने आज यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा, सैन्य कार्रवाई के दौरान जब बहादुर भारतीय सेना ने पाकिस्तान की गर्दन दबोच रखी थी, तभी श्री ट्रम्प का एक फोन आता है और श्री मोदी ने सरेंडर कर दिया। श्री ट्रम्प ने कई बार कहा कि उन्होंने व्यापार की धमकी देकर सैन्य कार्रवाई को रुकवाया है लेकिन श्री मोदी ने इसका कभी जवाब नहीं दिया। उन्होंने कहा, ये जवाब देंगे भी नहीं, क्योंकि नाम नरेंद्र, काम सरेंडर-ये असलियत और हकीकत है। देश के अंदर सारी नीतियां ट्रोल्स चला रहे हैं और देश के बाहर की विदेश नीति एक ऐसे व्यक्ति चला रहे हैं जो सरेंडर कर चुके हैं। भारत की सीमा से महज 12 किलोमीटर दूर बंगलादेश के एक पुराने एयरबेस को चीन अपग्रेड कर रहा है। संकट की घड़ी में एक भी देश हमारे साथ खड़ा नहीं था। हालात ये हैं कि 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद कुवैत ने पाकिस्तान पर से वीजा रिस्ट्रिक्शन हटा दी। कुवैत की 21 प्रतिशत आबादी भारतीयों की है और श्रमिक 30 प्रतिशत हैं लेकिन 'ऑपरेशन सिंदूर' और ट्रम्प के बयान के बाद कुवैत और पाकिस्तान श्रमिकों से जुड़ा एमओयू साइन कर रहा है। ये नरेन्द्र मोदी की सरेंडर नीति है।

## 'भारत पर मुसलमानों को बदनाम करने का आरोप लगा मीडिया के सामने शर्मिंदा हुए बिलावल भुट्टो '

**नयी दिल्ली/ न्यूयार्क।** पाकिस्तान के विदेश मंत्री एवं पीपुल्स पार्टी के नेता बिलावल भुट्टो को न्यूयार्क में पत्रकारों के आगे यह कहने पर शर्मिंदा होना पड़ा कि भारत आतंकवाद को राजनीतिक हथियार बना कर मुसलमानों को बदनाम साबित करने में लगा है। संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय पर एक प्रेस कांफ्रेंस में भुट्टो के आरोपों पर प्रश्न उठाते हुए एक विदेशी पत्रकार ने 'आपरेशन सिंदूर' के बारे में प्रेस ब्रीफिंग की कमान मुस्लिम महिला सैन्य अधिकारी को दिये जाने का उल्लेख किया। इस प्रेस कांफ्रेंस के सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में श्री भुट्टो को उस पत्रकार के इस प्रकार के अप्रत्याशित हस्तक्षेप पर असमंजस में यह कहते हुए सुना जा सकता है, आप बिल्कुल सही कह रहे हैं। संयक्त राष्ट्र मुख्यालय पर संवाददाताओं को संबोधित करते हुए श्री भुट्टो ने भारत पर आरोप लगाते हुए कहा, आप आतंकवाद को राजनीतिक हथियार के रूप में इस्तेमाल करना चाहते हैं, इसे भारत में मुसलमानों को शैतान साबित करने के हथियार के रूप में इस्तेमाल करना चाहते हैं, इसे कब्जे वाले कश्मीर में मुसलमानों को शैतान बाने के हथियार के रूप में प्रयोग करना चाहते हैं, तो आप आतंकवाद का सामना नहीं कर सकते, आतंकवाद का मुकाबला नहीं कर सके श्री भुट्टो के इस वक्तव्य पर उस विदेशी पत्रकार ने उनके मंतव्य को दोहराते हुए उस पर सवाल खड़ा करते हुए कहा, मैंने (आपरेशन सिंदूर के दौरान) दोनों तरफ से की गयी मीडिया ब्रीफिंग को लगातार देखता रहा था, भारत की ओर से सैन्य अभियान की बीफ्रिंग का नेतृत्व भारतीय मुस्लिम सैन्य अधिकारी कर रहे थे। इस पत्रकार की टिप्पणी पर पाकिस्तानी विदेशी मंत्री असहज हो गये और झटके में बस इतना ही कह सके,आप बिल्कुल सही कह रहे हैं। उल्लेखनीय है आपरेशन सिंदूर के बारे में मीडिया को जानकारी देने वाली टीम में भारतीय थल सेना का नेतृत्व कर्नल सोफिया कुरैशी ने बड़े ही प्रभावी तरीके से किया किया था। पाकिस्तानी विदेश मंत्री ने इसी संवाददाता सम्मेलन में प्रस्ताव किया कि आतंकवाद से निपटने के लिए भारत और पाकिस्तान की खुफिया एजेंसियों को मिल कर काम करना चाहिए। उन्होंने कहा, ल्ल मुझे यकीन है कि यदि आईएसआई और रॉ (भारतीय एजेंसी) साथ बैठने और इन ताकतों के खिलाफ मिल कर काम करने को तैयार हो जायें, तो हम देखेंगे कि भारत और पाकिस्तान, दोनों ही देशों में आतंकवाद बहुत कम हो जायेगा।

## भारत ने पाकिस्तान को एडीबी की वित्तीय सहायता का किया कड़ा विरोध

**नयी दिल्ली।** भारत ने एशियाई विकास बैंक (एडीबी) द्वारा पाकिस्तान को किसी भी प्रकार की वित्तीय सहायता दिए जाने का कड़ा विरोध किया है।
सरकारी सूत्रों ने आज कहा कि भारत ने एडीबी संसाधनों के संभावित दुरुपयोग के बारे में गहरी चिंता व्यक्त की, विशेष रूप से पाकिस्तान के बढ़ते रक्षा व्यय, उसके घटते कर जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) अनुपात और प्रमुख व्यापक आर्थिक सुधारों पर स्पष्ट प्रगति की कमी का हवाला देते हुये यह विरोध जताया है। भारत ने एडीबी को अपने संसाधनों के दुरुपयोग की संभावना के बारे में भी आगाह किया है। सूत्रों ने कहा कि विकास के विपरीत, अपनी सेना पर व्यय में वृद्धि के बीच पाकिस्तान के संबंध को केवल उसके घरेलू संसाधन जुटाने के संदर्भ में पूरी तरह से नहीं समझाया जा सकता है। भारत ने इस बात पर प्रकाश डाला कि जीडीपी के हिस्से के रूप में पाकिस्तान का कर संग्रह वित्त वर्ष 2018 में 13.0 प्रतिशत से घटकर वित्त वर्ष 2023 में 9.2 प्रतिशत रह गया और यह एशिया और प्रशांत क्षेत्र के औसत 19.0 प्रतिशत से काफी कम बना हुआ है। हालांकि, इसी अवधि में रक्षा खर्च में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। यह इस बात की ओर इशारा करता है कि देश को उपलब्ध कराए गए फंड को अंतरराष्ट्रीय वित्तीय संस्थाओं (आईएफआई) समेत बाहरी एजेंसियों द्वारा डायवर्ट किया जा सकता है, खास तौर पर वे जो पॉलिसी बेस्ड लोन जैसे साधनों के जरिए फंगसिबल डेट फाइनेंसिंग के जरिए उपलब्ध कराए जाते हैं, ताकि रक्षा खर्च में बढ़ोतरी हो। भारत को उम्मीद है कि एडीबी प्रबंधन एडीबी फाइनेंसिंग को पर्याप्त रूप से रिंग-फेंस करेगा, ताकि इस तरह के किसी भी दुरुपयोग को रोका जा सके। भारत ने यह भी बताया कि हालांकि प्रबंधन ने सुधारों के कुछ क्षेत्रों में पाकिस्तान द्वारा किए गए सुधारों पर प्रकाश डाला है, लेकिन अगर एडीबी और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) दोनों से वित्तपोषित पिछले कार्यक्रम एक मजबूत मैक्रो-इकोनॉमिक पॉलिसी माहौल बनाने में सफल रहे होते, तो देश को 24वें बेल-आउट प्रोग्राम के लिए आईएमएफ से संपर्क नहीं करना पड़ता।

# पेज एक का शेष

### 11 की मौत...

के लिए पागल हैं। यह सबसे दुर्भाग्यपूर्ण है, आयोजकों को आरसीबी की आईपीएल जीत के जश्न की बेहतर योजना बनानी चाहिए थी। मुख्यमंत्री ने कहा कि विधानसभा में जब टीम पहुंची तो विधानसभा के बाहर एक लाख लोग जमा थे। जश्न विधानसभा में हो रहा था, लेकिन भगदड़ चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर हुई। स्टेडियम के बाहर 3 लाख लोग जमा थे। हमें इतनी भीड़ की उम्मीद नहीं थी। किसी ने इसकी उम्मीद नहीं की थी। हम इसके लिए तैयार नहीं थे। हादसे ने जीत की खुशी को मिटा दिया। कंाग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा, ''मैं इस हादसे से हैरान हूं। कई कीमती जानें चली गईं। कई लोग घायल हैं। जिन्होंने अपनों को खोया है, मेरी संवेदनाएं उनके साथ हैं। कर्नाटक सरकार को तुरंत हालात की समीक्षा करके जरूरी कदम उठाने चाहिए ताकि आगे ऐसी इवेंट के दौरान हादसे न हों। जीत का जश्न कभी लोगों की जिंदगी की कीमत पर नहीं होना चाहिए।

### अभिव्यक्ति की...

उनके पास सत्र न्यायालय में अपील करने का विकल्प था। उन्होंने दावा किया कि शिकायत और गवाहों के बयानों के आधार पर प्रथम दृष्टया मामला बनता है। गांधी के वकील ने तर्क दिया कि शिकायत राजनीति से प्रेरित है और इसमें कोई दम नहीं है। यह मामला उदय शंकर श्रीवास्तव द्वारा दायर की गई शिकायत से उपजा है, जिन्होंने आरोप लगाया था कि गांधी ने अपनी भारत जोड़ो यात्रा के दौरान अपमानजनक टिप्पणी की थी।

### जासूसी के आरोप में ...

वह वर्ष 2020, 2021, 2024 में पाकिस्तान गया था और उसके इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों में पाकिस्तान के कई नंबर थे, जिनकी अब विस्तृत फोरेंसिक जांच की जा रही है। उन्होंने बताया कि ज्योति मल्होत्रा की गिरफ्तारी के बाद, जसबीर ने पहचान से बचने के लिए इन पीआईओ के साथ अपने संचार के सभी निशान मिटाने का प्रयास किया। डीजीपी ने कहा कि इस संबंध में एसएसओसी, मोहाली में एक प्राथमिकी दर्ज की गई है। व्यापक जासूसी-आतंकवादी नेटवर्क को खत्म करने और जसवीर के सभी सहयोगियों की पहचान करने के लिए जांच चल रही है। उन्होंने कहा कि पंजाब पुलिस राष्ट्रीय सुरक्षा की रक्षा करने और ऐसे राष्ट्र-विरोधी तत्वों द्वारा उत्पन्न सभी खतरों को बेअसर करने के लिए अपनी अटूट प्रतिबद्धता की पुष्टि करती है।

### न्यायपालिका में भ्रष्टाचार...

आधिकारिक आवास से बड़ी मात्रा में नकदी बरामद की गई थी। न्यायमूर्ति गवई ने कहा कि प्रत्येक लोकतंत्र में, न्यायपालिका को न केवल न्याय प्रदान करना चाहिए, बल्कि उसे एक ऐसी संस्था के रूप में भी देखा जाना चाहिए जो सत्ता के सामने सच्चाई को रख सकती है। उन्होंने कहा कि 'न्यायिक वैधता' और 'जनता का विश्वास' शब्द आपस में जुड़े हुए हैं। सेवानिवृत्ति के बाद न्यायाधीशों की सरकारी नियुक्ति अक्सर बहस का मुद्दा बनी रहती हैं, इस पर प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि सेवानिवृत्ति के बाद की ऐसी नियुक्तियों का समय और प्रकृति न्यायपालिका की शुचिता में जनता के विश्वास को कमजोर कर सकती है, क्योंकि इससे यह धारणा बन सकती है कि सरकारी नियुक्तियों या राजनीति में आने से लिए संभवतः न्यायिक निर्णय लिया गया। उन्होंने कहा, ''चर्चा का एक और मुद्दा सेवानिवृत्ति के बाद न्यायाधीशों की नियुक्ति है। भारत में, न्यायाधीशों की सेवानिवृत्ति की आयु निश्चित है। यदि कोई न्यायाधीश सेवानिवृत्ति के तुरंत बाद सरकार में कोई अन्य नियुक्ति प्राप्त करता है या चुनाव लड़ने के लिए पीठ से इस्तीफा देता है तो यह गंभीर नैतिक चिंताएं पैदा करता है और इससे लोगों का ध्यान आकर्षित होता है। उन्होंने कहा, 'इसी को देखते हुए मेरे कई सहयोगियों और मैंने सेवानिवृत्ति के बाद सरकार से कोई भूमिका या पद स्वीकार न करने की सार्वजनिक तौर पर प्रतिज्ञा की है। यह प्रतिबद्धता न्यायपालिका की विश्वसनीयता और स्वतंत्रता को बनाए रखने का एक प्रयास है। प्रधान न्यायाधीश गवई ने उच्च न्यायपालिका में न्यायाधीशों की नियुक्ति के लिए कॉलेजियम प्रणाली को भी उचित ठहराया और कहा कि 1993 तक, उच्चतम न्यायालय और उच्च न्यायालयों में न्यायाधीशों की नियुक्ति में अंतिम निर्णय कार्यपालिका का होता था। उन्होंने कहा, 'इस अवधि के दौरान कार्यपालिका ने दो बार सीजेआई की नियुक्ति में वरिष्ठतम न्यायाधीशों को दरकिनार कर दिया जो स्थापित परंपरा के विरुद्ध है। प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि कॉलेजियम प्रणाली का उद्देश्य कार्यपालिका के हस्तक्षेप को कम करना और नियुक्तियों में न्यायपालिका की स्वायत्तता को बनाए रखना है। उन्होंने कहा, 'कॉलेजियम प्रणाली की आलोचना हो सकती है, लेकिन कोई भी समाधान न्यायिक स्वतंत्रता की कीमत पर नहीं आना चाहिए। न्यायाधीशों को बाहरी नियंत्रण से मुक्त होना चाहिए। मुख्य न्यायाधीश गवई ने आगे बताया कि 2015 में सर्वोच्च न्यायालय ने राष्ट्रीय न्यायिक नियुक्ति आयोग अधिनियम, 2014 को इस आधार पर रद्द कर दिया था कि अधिनियम न्यायिक नियुक्तियों में कार्यपालिका को प्राथमिकता देकर न्यायपालिका की स्वतंत्रता को कमजोर करता है। उन्होंने यह भी कहा कि न्यायालयों के पास स्वतंत्र न्यायिक समीक्षा की शक्ति होनी चाहिए, जिससे न्यायाधीशों को संविधान के प्रावधानों या स्थापित संवैधानिक सिद्धांतों के साथ टकराव करने वाले कानूनों और सरकारी कार्यों की संवैधानिकता का आकलन करने की अनुमति मिले। न्यायमूर्ति गवई ने कहा कि एक और महत्वपूर्ण पहलू यह है कि क्या न्यायपालिका मनमाने ढंग से सत्ता के प्रयोग के खिलाफ एक प्रतिसंतुलन के रूप में कार्य करती है। उन्होंने जनता के विश्वास को बढ़ाने के अलावा, न्यायालयों को जनता के लिए सुलभ बनाने के लिए ठोस तर्क के साथ निर्णयों के महत्व पर भी प्रकाश डाला। मुख्य न्यायाधीश ने न्यायाधीशों द्वारा सेवानिवृत्ति के बाद की नौकरियों के संबंध में कहा कि यदि कोई न्यायाधीश सेवानिवृत्ति के तुरंत बाद कोई सरकारी नियुक्ति लेता है या चुनाव लड़ने के लिए न्यायाधीश पद से इस्तीफा देता है, तो यह महत्वपूर्ण नैतिक चिंताएँ पैदा करता है और सार्वजनिक जांच को आमंत्रित करता है। उन्होंने कहा, किसी न्यायाधीश द्वारा राजनीतिक पद के लिए चुनाव लड़ने से न्यायपालिका की स्वतंत्रता और निष्पक्षता पर संदेह पैदा हो सकता है, क्योंकि इसे हितों के टकराव या सरकार का पक्ष लेने के प्रयास के रूप में देखा जा सकता है। सेवानिवृत्ति के बाद की ऐसी व्यस्तताओं का समय और प्रकृति न्यायपालिका की ईमानदारी में जनता के विश्वास को कम कर सकती है, क्योंकि इससे यह धारणा बन सकती है कि न्यायिक निर्णय भविष्य की सरकारी नियुक्तियों या राजनीतिक भागीदारी की संभावना से प्रभावित होते हैं। मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि इसीलिए उनके कई सहयोगियों और उन्होंने खुद सार्वजनिक रूप से न्यायपालिका की विश्वसनीयता और स्वतंत्रता को बनाए रखने के प्रयास के तहत सेवानिवृत्ति के बाद सरकार से कोई भूमिका या पद स्वीकार नहीं करने का संकल्प लिया है। उन्होंने पारदर्शिता के माध्यम से जनता का विश्वास बढ़ाने के लिए उठाए गए कदमों को रेखांकित करते हुए कहा कि न्यायाधीशों द्वारा संपत्तियों का सार्वजनिक खुलासा, अदालती कार्यवाही की लाइव स्ट्रीमिंग, क्षेत्रीय भाषाओं में अदालती निर्णयों का अनुवाद, सभी निर्णयों तक बिना किसी बाधा के पहुंच और राष्ट्रीय न्यायिक डेटा ग्रिड के माध्यम से लंबित मामलों की वास्तविक समय की जानकारी जैसे निर्णयों को सूचीबद्ध किया। उन्होंने हालांकि कहा कि किसी भी शक्तिशाली उपकरण की तरह, लाइव स्ट्रीमिंग का उपयोग सावधानी से किया जाना चाहिए, क्योंकि फर्जी खबरें या संदर्भ से बाहर की अदालती कार्यवाही सार्वजनिक धारणा को नकारात्मक रूप से प्रभावित कर सकती है। उन्होंने कहा, पिछले हफ्ते ही मेरे एक सहकर्मी ने हल्के-फुल्के अंदाज में एक जूनियर वकील को कोर्ट क्राफ्ट और सॉफ्ट स्किल्स की कला के बारे में सलाह दी थी। इसके बजाय, उनके बयान को संदर्भ से बाहर ले जाया गया और मीडिया में इस तरह से रिपोर्ट किया गया, ''हमारा अहंकार बहुत नाजुक है; अगर आप इसे ठेस पहुँचाते हैं, तो आपका मामला खत्म हो जाएगा। इस तरह की रिपोर्टिंग की गई। ब्रिटेन के इस कार्यक्रम में मुख्य न्यायाधीश के साथ न्यायामूर्ति विक्रम नाथ और भारत के पूर्व अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल और वरिष्ठ अधिवक्ता गौरव बनर्जी भी थे।

### शाहदरा के एक...

कहा गया कि बोर्ड यह साबित करने में विफल रहा कि संपत्ति वक्फ थी। उच्च न्यायालय ने अपने फैसले में कहा, न तो विवादित संपत्ति का वक्फ संपत्ति के रूप में अनादि काल से स्थायी समर्पण/उपयोग साबित हुआ है और न ही दस्तावेजी सबूत उसकी मदद करते हैं...प्रतिवादी ने स्वीकार किया कि वह 1947-48 से इस संपत्ति पर कब्जा कर रखा था। फैसले से नाखुश बोर्ड ने 2012 में शीर्ष अदालत का दरवाजा खटखटाया। शीर्ष अदालत में बुधवार को बोर्ड की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता संजय घोष ने तर्क दिया, निचली अदालतों ने माना है कि वहां एक मस्जिद थी। अब, वहां किसी तरह का गुरुद्वारा है। पीठ ओर से न्यायमूर्ति शर्मा ने दृढ़ता से जवाब दिया, ...एक ठीक से काम करने वाला गुरुद्वारा है। एक बार गुरुद्वारा बन गया, तो उसे रहने दो। वहां पहले से ही एक धार्मिक संरचना काम कर रही है। आपको खुद ही उस दावे को छोड़ देना चाहिए। न्यायमूर्ति शर्मा ने पीठ के अपने साथी सदस्य न्यायमूर्ति करोल को संबोधित करते हुए टिप्पणी की, अरे, आज़ादी के पहले का गुरुद्वारा है...। इसके बाद अदालत ने याचिका को सरसरी तौर पर खारिज कर दिया। पीठ ने कहा, क्षमा करें, क्षमा करें... खारिज। इसके साथ ही शीर्ष न्यायालय ने दशकों पुराने मुकदमे का निपटारा कर दिया। शीर्ष अदालत ने उच्च न्यायालय के फैसले की पुष्टि की और उस स्थल पर वक्फ बोर्ड के दावे को खारिज कर दिया।

### आज स्वर्णिम अक्षरों ...

रहे। इसके साथ ही संपूर्ण अयोध्या का बहुमूल्य विकास कराया। वे राम की पैड़ी स्थित सरयू जयंती महोत्सव में पहुंचेंगे और कार्यक्रम का शुभारंभ करेंगे। महंत मिथिलेश नंदिनी शरण ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ राजा राम समेत अन्य देवों को प्रतिष्ठित करने आ रहे हैं। यह बहुत ही हर्ष का विषय है। खुशी की बात है कि एक संन्यासी ने प्रदेश के आध्यात्मिक मूल्यों को समझा और ऊर्जावान बना दिया। आज आजीविका के लिए अयोध्या के लोगों को बाहर जाना नहीं पड़ता। यही लोग व्यवसाय कर रहे हैं। कोई प्रसाद का तो कोई फूल माला का। बाहर से व्यापारी आकर होटल इत्यादि में पैसा लगा रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अयोध्या का सांस्कृतिक, आर्थिक व आध्यात्मिक विकास किया है। आज गूगल पर अयोध्या सर्च कीजिये तो सबसे पहले दीपोत्सव की छवि बनकर आती है। व्यापार मंडल के अध्यक्ष पंकज गुप्ता ने बताया कि डबल इंजन की सरकार में अयोध्या में 'नित्य महोत्सव, नित्य सुमंगल' जैसा माहौल है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ऐसी व्यवस्थाएं कर दी हैं कि व्यापार दिन दूना रात चौगनी तरक्की कर रहा है। मुख्यमंत्री प्राण प्रतिष्ठा के अलावा सरयू जन्मोत्सव और नगर निगम के दो वर्ष के पूरे कार्यकाल के आयोजित कार्यक्रम में भी जाएंगे। हम उनका 53वां जन्मदिन धूमधाम से मनाएंगे। सीएम योगी आदित्यनाथ का अयोध्या से संबंध केवल एक मुख्यमंत्री के रूप में नहीं, बल्कि एक संत, राम भक्त और राम मंदिर आंदोलन के सक्रिय सहयोगी के रूप में है। उनकी नीतियाँ और कार्य अयोध्या को एक वैश्विक धार्मिक और सांस्कृतिक केंद्र के रूप में स्थापित करने की दिशा में केंद्रित हैं। गोरखनाथ मठ और योगी आदित्यनाथ की तीन पीढ़ियाँ राम मंदिर आंदोलन से जुड़ी रही हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का अयोध्या से गहरा आध्यात्मिक, ऐतिहासिक और राजनीतिक संबंध है। उनका यह जुड़ाव व्यक्तिगत आस्था से लेकर पीढ़ियों से चले आ रहे राम मंदिर आंदोलन तक फैला हुआ है।

## बदरीनाथ सुंदरीकरण समेत 12 प्रस्तावों पर मुहर

# उत्तराखंड : मंत्रिमंडल में ई-वाहनों पर टैक्स छूट

कैनविज टाइम्स संवाददाता

देहरादून,। धामी मंत्रिमंडल में बुधवार को इलेक्ट्रिक वाहनों पर टैक्स छूट, बदरीनाथ धाम में सुंदरीकरण, वर्दी वाली सेवाओं के लिए एक ही भर्ती परीक्षा करवाने, पर्यावरण मित्रों, स्वच्छता नियमावली, पर्यटन योजनाओं और पेंशन जैसे कुल 12 महत्वपूर्ण विषयों पर निर्णय लिए गए। देहरादून की सीएनजी व बीएस-6 सिटी बसों को 50% या अधिकतम 15 लाख तक की सब्सिडी मिलेगी। विक्रम व अन्य डीजल वाहनों के लिए भी सब्सिडी योजना लागू की जाएगी। बैटरी, मोटर और स्ट्रॉन्ग हाइब्रिड पेट्रोल वाहनों पर परिवहन टैक्स पूरी तरह माफ होगा, केवल जीएसटी देय रहेगा। बुधवार को सचिवालय में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में प्रदेश मंत्रिमंडल की बैठक आयोजित हुई। मंत्रिमंडल समाप्ति के बाद सचिव शैलेश बगोली ने ब्रीफिंग की।



उत्तराखण्ड स्वच्छ गतिशीलता परिवर्तन नीति, 2024 में संशोधन किया गया है। इस नीति के तहत दिए जाने वाले विभिन्न प्रोत्साहनों के लिए धन विभिन्न अनुमन्य स्रोतों से प्राप्त किया जाएगा और एक गैर व्यपगत फंड के रूप में उत्तराखण्ड क्लीन मोबिलिटी ट्रांजिशन फंड के नाम से एक एस्क्रो खाते में जमा किया जायेगा। बैंको की ओर से उक्त एस्क्रो खातों को खोलने के लिए कतिपय समस्याएं इंगित की गई है। इसके अतिरिक्त शासन के वित्त विभाग के शासनादेश 05 जुलाई, 2023 के अनुसार बजटीय अनुदानों के लिए एसएनए खाता खोलकर उसे आईएफएमएस से इंटीग्रेटड किया जाना अनिवार्य है। एस्क्रो खाते के स्थान पर उत्तराखंड क्लीन मोबिलिटी ट्रांजिशन फंड के नाम से एसएनए खाता खोले जाने का निर्णय लिया गया है।

उत्तराखंड मोटरयान कराधान सुधार अधिनियम, 2003 के अन्तर्गत निर्गत अधिसूचना में संशोधन किया गया है। विद्युत बैटरी अथवा सोलर पॉवर अथवा सीएनजी से चलित यानों पर एक बारीय कर की दरें निर्धारित हैं। उक्त अधिसूचना में केन्द्रीय मोटरयान (नवां संशोधन) नियम, 2023 के नये नियम 125 ''एम'' के अन्तर्गत केवल प्लग इन हाईब्रिड इलेक्ट्रिक यान एवं स्ट्रांग हाईब्रिड इलेक्ट्रिक यान को भी देय मोटरयान कर से छूट दिए जाने का निर्णय लिया गया है। वाहन स्वामियों को उक्त श्रेणी के वाहन क्रय एवं उसके उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित करना और प्रदूषण में कमी लाना भी है। उक्त कर छूट वर्तमान वित्तीय वर्ष 2025-26 में केवल एक बार के लिये ही वैध होगी।

उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग, देहरादून के संरचनात्मक ढांचे का पुनर्गठन करते हुए नवीन पदों का सृजन किया गया है। 64 अस्थायी पदों का सृजन किया गया। जिसमें 02 पद डाइंग कैडर होने के दृष्टिगत वर्तमान में 62 पद ही सृजित है। वहीं, सृजित पदों के अतिरिक्त उप सचिव का 01 नियमित पद व विधि अधिकारी 01 पद, संविदा/आउटसोर्स, डाटा एंट्री ऑपरेटर के 02 पद आउटसोर्स, कम्प्यूटर प्रोग्रामर का 01 पद आउटसोर्स, स्वागती का 01 पद आउटसोर्स, वाहन चालक के 03 पद आउटसोर्स तथा सुरक्षा कार्य हेतु 06 सुरक्षा कर्मियों आउटसोर्स के माध्यम से, इस प्रकार कुल 15 (01 नियमित पद और 14 आउटसोर्स के) नवीन पदों के सृजन का निर्णय लिया गया है। बद्रीनाथ धाम में मास्टर प्लान के अन्तर्गत पुनर्निर्माण कार्य किये जा रहे हैं।

# राहुल गांधी के बयान पर बोले नड्डा, सरेंडर करने का कांग्रेस पार्टी का रहा है इतिहास

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने राहुल गांधी पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि सरेंडर वे करते होंगे, कांग्रेस पार्टी ने किया होगा, उनके नेताओं ने सरेंडर किया होगा क्योंकि कांग्रेस का इतिहास ही ऐसा रहा है लेकिन भारत कभी सरेंडर नहीं करता। सरेंडर कांग्रेस पार्टी की शब्दकोश में है, उनके डी एन ए में है। नड्डा ने बुधवार को एक्स पर बयान जारी करते हुए कहा कि राहुल गांधी को अपनी पार्टी की सरकारों का कार्यकाल याद करना चाहिए किस तरह इन्होंने इतिहास में 'सरेंडर' किया। कांग्रेस की सरकार ने आतंकवाद के सामने सरेंडर किया, शर्म-अल-शेख में सरेंडर किया, 1971 की लड़ाई जीतने के बाद शिमला में टेबल पर सरेंडर किया, सिंधु जल समझौते में सरेंडर किया, हाजी पीर का दर्रा सरेंडर किया, छम्ब सेक्टर का 160 किमी का इलाका सरेंडर किया, 1962 की लड़ाई में सरेंडर किया, 1948 में सरेंडर किया और यहां तक कि देश की आजादी के समय मुस्लिम लीग के भी सामने सरेंडर किया। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी द्वारा भारतीय सेना के अप्रतिम शौर्य एवं पराक्रम को 'सरेंडर' कहकर संबोधित करना, न केवल दुर्भाग्यपूर्ण है बल्कि भारतीय सेना और राष्ट्र के साथ-साथ 140 करोड़ भारतवासियों का भी घोर अपमान है। अगर कोई पाकिस्तानी भी ऐसा कहता तो हम उस पर हंसते भी लेकिन जिस तरह से ऑपरेशन सिंदूर ने पाकिस्तान में तबाही मचाई, उसके बाद पाकिस्तान की जनता से लेकर उसकी सेना और उसके प्रधानमंत्री ने भी ऐसा कहने की हिम्मत नहीं की लेकिन राहुल गांधी ऐसा बोल रहे हैं। यह देशद्रोह से कम नहीं है।



नड्डा ने कहा कि भारतीय सेना ने पाकिस्तान में 300 किमी घुस कर उसके 11 एयरबेस को तबाह किया, 9 आतंकी अड्डों को ध्वस्त किया, 150 से ज्यादा आतंकी मारे। पाकिस्तान तो रोते-रोते दुनिया को बता रहा है कि भारतीय सेना ने पाकिस्तान में 18 जगह हमला करके सब कुछ तबाह कर दिया और राहुल गाँधी देश के सरेंडर की बात कर रहे हैं ! जेपी नड्डा ने कहा कि राहुल गांधी को पता होना चाहिए कि ऑपरेशन सिंदूर की सफलता की घोषणा सरकार ने या भाजपा के किसी प्रवक्ता ने नहीं की थी, बल्कि भारतीय सेना के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा की गई थी। ऑपरेशन सिंदूर भारतीय सेना के बहादुरी, शौर्य एवं पराक्रम का उद्घोष है। वास्तव में जिनकी नीतिया सरेंडर की रही हो, उसे इसके आगे कुछ सूझ भी नहीं सकता ।

## संक्षिप्त समाचार

### हरिद्वार भूमि घोटाले की जांच सीबीआई को सौंपी जाए : हरिश रावत

देहरादून। पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने हरिद्वार भूमि घोटाले को लेकर प्रदेश सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि हरिद्वार भूमि घोटाला खुला और बड़ा भ्रष्टाचार है। इस मामले में न्यायालय के जज की अध्यक्षता में उच्च स्तरीय कमेटी गठित कर जांच की जाए या फिर घोटाले की जांच सीबीआई को सौंपी जाए।पूर्व मुख्यमंत्री ने देहरादून स्थित अपने आवास पर मीडिया से बातचीत में कहा कि देहरादून, हरिद्वार, उधमसिंहनगर समेत पूरे राज्य में भूमि घोटालों की शिकायतें आ रही हैं और इस पर सरकार का रूख अब तक स्पष्ट नहीं हो पा रहा है। उन्होंने कहा कि आज जिन मलिन बस्तियों को कानून हक मिला है, सरकार उन्हें उजाड़ने का काम कर रही है, यह नहीं होना चाहिए। यदि सरकार विकास के नाम पर मलिन बस्तियों का अधिग्रहण कर रही है, तो उसके नियम-कायदों का पालन किया जाना आवश्यक है। सरकार किसी को इस तरह बेघर नहीं कर सकती है। उन्होंने आगे कहा कि पंचायत चुनाव को टाला जा रहा है और इसके लिए जो भी दोषी हैं, उन्हें दंडित किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश में अराजकता का माहौल है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार की चूक को राज्यपाल अनदेखा कर रहे हैं, यह गंभीर चिंतनीय है।

### लूटपाट के मामले में चार आरोपित गिरफ्तार

नई दिल्ली। उत्तरी दिल्ली के चांदनी चौक स्थित कटरा नील इलाके में कपड़ा व्यापारी से हुई 35 लाख की लूट की वारदात को पुलिस ने महज 24 घंटे के भीतर सुलझा लिया है। पुलिस ने इस संबंध में वारदात में शामिल चार आरोपितों को हरियाणा के रोहतक और उप्र के बागपत से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके पास से दो पिस्टल और जिंदा कारतूस भी बरामद किए है। उत्तरी जिले के डीसीपी राजा बाठिया ने बताया कि 2 जून की दोपहर, चांदनी चौक के कटरा नील क्षेत्र में एक व्यापारी के यहां तीन नकाबपोश बदमाशों ने हथियार के बल पर 35 लाख रुपये की लूट की वारदात को अंजाम दिया था। घटना की सूचना मिलते ही लाहौरी गेट थाना पुलिस मौके पर पहुंची और वरिष्ठ अधिकारियों को सूचित किया गया, जिसके बाद व्यापारी के बयान के आधार पर मामला दर्ज कराया।

मामले की जांच के लिए स्पेशल स्टाफ और स्थानीय पुलिस की संयुक्त टीम गठित की गई। पुलिस टीम ने इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज को खंगाला और अपने इंटेलिजेंस व मुखबिरों के नेटवर्क का उपयोग करते हुए 24 घंटे के भीतर इस वारदात में शामिल चारों आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया।

डीसीपी ने बताया जेल में बंद रावण नामक बदमाश ने शेखर से जेल से बाहर जाकर सोशल मीडिया के जरिए बात करने को कहा था और उसी के बाद कूचा महाजनी इलाके में लूट की वारदात की प्लानिंग की गई। पुलिस की मानें तो वारदात में शामिल अपराधियों को खुद इतनी बड़ी रकम मिलने की संभावना नहीं थी। पकड़े गए आरोपितों की पहचान शेखर, तुषार, निखिल और साहिल के रूप में हुई है। उनके कब्जे से 33 लाख 90 हजार की रकम बरामद की गई है। पकड़े गए आरोपितों के ऊपर पहले से कई सारे आपराधिक मामले दर्ज हैं, फिलहाल पुलिस आरोपितों से पूछताछ कर वारदात में शामिल अन्य आरोपितों के बारे में पता कर रही है।

### 27.68 करोड़ की लागत से बनेगा पशु चिकित्सा परिषद् का प्रशासनिक भवन

पटना । उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि पटना में बिहार पशु चिकित्सा परिषद् के प्रशासनिक भवन, अतिथि भवन एवं कॉन्फ्रेंस हॉल का निर्माण करने के लिए वित्तीय वर्ष 2025-26 एवं 2026-27 में 27.68 करोड़ रुपये की वित्तीय स्वीकृति दी गई है। उन्होंने कहा कि राज्य स्कीम के अंतर्गत भवन निर्माण हेतु 1 एकड़ 16 डिसमिल भूमि के उपयोग की स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है।राज्य सरकार के इस निर्णय से प्रदेश के पशु चिकित्सा क्षेत्र को संरचनात्मक एवं व्यावसायिक रूप से मजबूती मिलेगी। यह पहल पशुपालकों को भी लाभ पहुंचाने में सहायक होगी, जिससे पशु स्वास्थ्य सेवाएं और अधिक प्रभावशाली होंगी। सम्राट चौधरी ने बुधवार को यहां कहा कि राज्य में पशु चिकित्सा सेवाओं को और अधिक सशक्त बनाने एवं पशु चिकित्सकों की सुविधाओं को आधुनिक स्वरूप देने के उद्देश्य से बिहार पशु चिकित्सा परिषद् के लिए पटना में नया प्रशासनिक भवन बनवाने का निर्णय किया गया है। उन्होने कहा कि यह योजना राज्य के पशु चिकित्सा क्षेत्र को तकनीकी रूप से विकसित करने और पशु चिकित्सकों के कार्यों को वैधानिक मान्यता प्रदान करने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। उपमुख्यमंत्री चौधरी ने बताया कि बिहार पशु चिकित्सा परिषद् के नव-निर्मित भवनों में जी+1 प्रशासनिक भवन, जी+2 अतिथि भवन एवं कंफ्रेंस हॉल का निर्माण किया जाएगा। इसके साथ ही परिसर के समग्र विकास के लिए समर्पित ले-आउट प्लान एवं तकनीकी अनुमोदित प्राक्कलन तैयार किया गया है। उन्होंने बताया कि बिहार पशु चिकित्सा परिषद् का मुख्य उद्देश्य राज्य में कार्यरत पशु चिकित्सकों को निबंधन संबंधी मान्यता प्रदान करने के साथ-साथ उन्हें पशु चिकित्सा क्षेत्र की नवीनतम तकनीकों एवं शोध से अवगत कराना है। इसके अंतर्गत नियमित सेमिनार एवं कार्यशालाओं का आयोजन किया जाएगा ताकि पशु चिकित्सा सेवाओं को अधिक प्रभावशाली एवं जनोपयोगी बनाया जा सके।


### चरस तस्करी मामले में 12 साल की सजा के साथ दो लाख रुपए जुर्माने की सजा

पूर्वी चंपारण।विशेष एनडीपीएस कोर्ट द्वितीय ने चरस तस्करी मामले में सजा के बिन्दु पर सुनवाई करते हुए फैसला सुनाया है । एनडीपीएस एक्ट के तहत दोषी मुकर्रर जिले के बुधुअहां छौड़ादानो निवासी 35 वर्षीय फूल मोहम्मद को स्पेशल जज सूर्यकांत तिवारी ने दो लाख रुपए अर्थदंड के अतिरिक्त 12 वर्षो के कठोर कारावास की सजा सुनाई है । घोड़ासहान थाना में दर्ज प्राथमिकी के अनुसार 11 मई 2023 को बिना रजिस्ट्रेशन के सुपर स्पेलेन्डर मोटर साइकिल से तस्करी के लिए छुपाकर लाने के क्रम में श्रीपुर कस्बा गांव के सड़क पर तस्करी के दौरान दो किलो एक सौ ग्राम चरस के साथ पकड़े गए थे। विचारण के दौरान विशेष लोक अभियोजक प्रभाष त्रिपाठी ने सात गवाहों का परिक्षण कराकर दलीलें पेश किया । साथ ही यह भी बताया कि बरामद मादक सामग्री फौरेन्सिक जाँच में चरस ही पाए जाने की पुष्टि हुई थी ।

# नैनी झील नैनीताल की आत्मा, इसका वैज्ञानिक संरक्षण आवश्यक: राज्यपाल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नैनीताल। उत्तराखंड के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने बुधवार को नैनीताल राजभवन में नैनीताल होटल एवं रेस्टोरेंट एसोसिएशन के पदाधिकारियों के साथ भेंटवार्ता की। वार्ता में नगर की पर्यटन सुविधाओं, आधारभूत ढांचे से जुड़ी चुनौतियों और उनके समाधान पर विचार-विमर्श किया गया। इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि नैनीताल की प्राकृतिक सुंदरता और झील देश-विदेश के पर्यटकों को आकर्षित करती है और इसे सुरक्षित रखने के साथ-साथ यहां आधुनिक सुविधाओं की आवश्यकता है। उन्होंने गुणवत्तायुक्त पर्यटन को बढ़ावा देने और आधुनिक सुविधाओं के विकास की दिशा में निरंतर प्रयासों की आवश्यकता भी जताई। पार्किंग समस्या के समाधान को लेकर उन्होंने मल्टीस्टोरी पार्किंग, रोपवे तथा छोटी पार्किंग स्थलों की संभावनाओं पर बल दिया।



बताया कि मेट्रोपोल की भूमि राज्य सरकार को अस्थायी रूप से दी गई है तथा रक्षा संपदा की भूमि के उपयोग हेतु प्रयास जारी हैं, जिससे स्थिति में सुधार होगा। उन्होंने कहा कि नैनी झील नैनीताल की आत्मा है, और इसका वैज्ञानिक संरक्षण आवश्यक है। बताया कि देहरादून स्थित राष्ट्रीय जलसर्वेक्षण कार्यालय द्वारा झील का तकनीकी सर्वे किया गया है, जिससे इसके संरक्षण के लिए ठोस कार्ययोजना बनाई जा सकेगी। उन्होंने यह भी कहा कि पर्यटकों को सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराना प्राथमिकता होनी चाहिए। वहीं, होटल एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने पार्किंग विस्तार, यातायात व्यवस्था सुधार, वैकल्पिक पेयजल स्रोत, सीवर प्रणाली उन्नयन, पंतनगर हवाई पट्टी के विस्तार, स्थानीय व्यंजनों के माध्यम से क्षेत्रीय संस्कृति के संवर्धन, ग्रामीण कला आयोग के गठन व उद्यानिकी आधारित पर्यटन को प्रोत्साहन जैसे विषयों पर सुझाव दिए। राज्यपाल ने इन सभी सुझावों को गंभीरता से लेते हुए उचित कार्यवाही का आश्वासन दिया। कहा कि इन्हें संबंधित विभागों, प्रशासन, मुख्य सचिव और मुख्यमंत्री के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। कुछ बिंदुओं पर पूर्व से कार्य चलने की भी जानकारी दी। बैठक में एसोसिएशन के अध्यक्ष दिग्विजय बिष्ट, महासचिव वेद साह, रमनदीप सिंह,

### चारधाम यात्रा मार्ग पर श्रीनगर में 5 व 6 जून को होगी खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता जांच

पौड़ी गढ़वाल। प्रदेश सरकार ने चार धाम यात्रा के दृष्टिगत बाजार क्षेत्रों में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता परखने के निर्देश दिये हैं। इसी क्रम में खाद्य सुरक्षा आयुक्त उत्तराखंड और जिलाधिकारी पौड़ी के निर्देशन में जनपद क्षेत्र में बदरीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित बाजार क्षेत्रों में आगामी दो दिनों तक विशेष अभियान चलायेगा।

जिला अभिहित अधिकारी, खाद्य संरक्षा एवं औषधि प्रशासन पौड़ी एएस रावत ने बताया कि श्रीनगर, श्रीकोट, फरासू और कलियासौड़ तक 5 और 6 जून 2025 को सचल खाद्य प्रयोगशाला (एफएसडब्लू) खाद्य पदार्थों की जांच हेतु उपलब्ध रहेगी। इस दौरान उपायुक्त, खाद्य सुरक्षा सचल खाद्य विश्लेषणशाला के पर्यवेक्षण में खाद्य प्रतिष्ठानों में विक्रय किये जाने वाले खाद्य पदार्थ, आटा, चावल, दाल, तेल, घी, मसाले, दूध एवं दुग्ध पदार्थों की प्राथमिक परीक्षण जांच की जाएगी। साथ ही मौके पर ही खाद्य कारोबारियों को उनके खाद्य पदार्थों की जांच रिपोर्ट से भी अवगत कराया जाएगा।

## नगर परिषद ने कार्रवाई कर किया 15 किलो पॉलिथीन जब्त, 3500 रुपये जुर्माना

कैनविज टाइमस संवाददाता

नालंदा,बिहारशरीफ 4 जून (हि.स.)। नालंदा जिले के पर्यटन नगरी राजगीर में बुधवार को नगर परिषद द्वारा पॉलिथीन के खिलाफ विशेष छापामारी अभियान चलाया गया। यह कार्रवाई पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता मिशन के तहत की गई, जिसका नेतृत्व नगर परिषद के सिटी मैनेजर सुजीत कुमार ने किया।टीम के साथ बाजार क्षेत्र में की गई जांच के दौरान कई दुकानों और ठेलों पर प्रतिबंधित पॉलिथीन का उपयोग होता पाया गया। नियमों के उल्लंघन पर 15 किलो से अधिक पॉलिथीन जब्त किया गया और कुल 3500 रुपये का जुर्माना वसूला गया।सिटी मैनेजर सुजीत कुमार ने दुकानदारों को सख्त चेतावनी दी कि भविष्य में पॉलिथीन का उपयोग करते पाए जाने पर न केवल भारी जुर्माना लगाया



जाएगा बल्कि दुकान भी सील की जा सकती है। उन्होंने आम नागरिकों और पर्यटकों से भी अपील की कि पॉलिथीन का उपयोग न करें और शहर के पर्यावरण संरक्षण में प्रशासन का सहयोग करें।इस अभियान के बाद बाजार में अफरा-तफरी का माहौल देखने को मिला। कई दुकानदारों ने स्वयं ही पॉलिथीन हटाना शुरू कर दिया जिससे यह अभियान स्वच्छता और पर्यावरण रक्षा की दिशा में एक सकारात्मक प्रयास साबित हुआ है।

# संयुक्त निदेशक उच्च शिक्षा ने किया महाविद्यालयों का औचक निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

हरिद्वार । प्रो. ए.एस. उनियाल, संयुक्त निदेशक, उच्च शिक्षा, डॉ ममता डंयोडी नैथानी उप निदेशक, व डॉ प्रमोद डोबरियाल सहायक निदेशक उच्च शिक्षा ने बुधवार को श्री देव सुमन उत्तराखण्ड विश्वविद्यालय, बादशाही थौल टिहरी द्वारा आयोजित स्नातक व स्नातकोत्तर की परीक्षाओं, विश्वविद्यालय के मूल्यांकन केन्द्र व संग्रहण केन्द्र के सम्बन्ध में विभिन्न महाविद्यालयों का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने महाविद्यालयों के स्ट्रांग रूम, मुख्य परीक्षा नियंत्रण कक्ष व परीक्षा कक्षों का निरीक्षण किया। इस अवसर पर प्रो. एएस उनियाल, संयुक्त निदेशक, उच्च शिक्षा ने कहा कि महाविद्यालय प्रबन्धन द्वारा एसएमजेएन कॉलेज में छात्र-छात्राओं के लिए सभी आवश्यक सुविधाओं



उपलब्ध हैं। महाविद्यालय परिसर व परीक्षा कक्षों में लगाये गये सीसीटीवी कैमरे इसका प्रमाण हैं कि महाविद्यालय में समस्त परीक्षा शुचिता के साथ सम्पन्न हो रही है। इसी कारण से विश्वविद्यालय द्वारा एस.एम.जे.एन. कॉलेज को निरन्तर मूल्यांकन केन्द्र व संग्रहण केन्द्र बनाया जा रहा है। इससे पश्चात निरीक्षण दल ने राजकीय कॉलेज भूपतवाला, चमन लाल महाविद्यालय, लण्ढौरा व राजकीय पीजी कॉलेज, लक्सर का भी निरीक्षण किया और आवश्यक सुविधाएं व व्यवस्थाओं को दुरुस्त पाया। इस दौरान उन्होंने सभी प्राचार्यों, प्राध्यापकों एवं अधिकारियों को आवश्यक निर्देश भी दिये।


# मुख्यमंत्री ने बिक्रम लॉक कैनाल बैंक सौर ऊर्ज़ा परियोजना का किया उद्घाटन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बुधवार को पटना जिला अंतर्गत बिक्रम लॉक कैनाल बैंक सौर ऊर्ज़ा परियोजना का उद्घाटन किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार जल-जीवन-हरियाली अभियान के तहत सौर ऊर्ज़ा को बढ़ावा दे रही है। इसके लिए राज्य के विभिन्न नहरों, बांधों, नदी एवं तटबंधों के किनारे खाली पड़े स्थलों का सर्वे कराकर बड़े पैमाने पर सौर ऊर्ज़ा संयंत्र का निर्माण कराया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सौर ऊर्ज़ा के उत्पादन से पारंपरिक ऊर्ज़ा पर निर्भरता कम होगी, प्रदूषण रहित ऊर्ज़ा को बढ़ावा मिलेगा। साथ ही कार्बन उत्सर्जन में कमी होगी एवं पर्यावरण संरक्षण में इसका लाभ मिलेगा। इस परियोजना के संचालन से स्थानीय लोगों को रोजगार मिलेगा और इससे आर्थिक लाभ भी होगा। उन्होंने कहा कि बिजली के क्षेत्र में हमलोगों ने कई काम किए हैं। हर घर तक बिजली पहुंचा दी गई है। लोगों



को सस्ती, गुणवत्तापूर्ण एवं निर्बाध बिजली उपलब्ध कराने के लिए हमलोग लगातार काम कर रहे हैं। कार्यक्रम में ऊर्ज़ा विभाग के सचिव पंकज कुमार पाल ने बिक्रम लॉक कैनाल बैंक सौर ऊर्ज़ा परियोजना तथा राज्य के अन्य सौर ऊर्ज़ा परियोजनाओं की अद्यतन स्थिति के संबंध में प्रस्तुतीकरण के माध्यम से मुख्यमंत्री को विस्तृत जानकारी दी। पाल ने मुख्यमंत्री को बताया कि बिहार सरकार के जल-जीवन-हरियाली अभियान के 10वें अवयव (सौर ऊर्ज़ा उपयोग को प्रोत्साहन एवं ऊर्ज़ा की बचत) के तहत हरित ऊर्ज़ा के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए राज्य में सौर ऊर्ज़ा संयंत्र लगाए जा रहे हैं। इसके तहत पटना जिला में विक्रम लॉक के समीप मुख्य नहर के किनारे जल संसाधन की भूमि पर 2 मेगावाट क्षमता का सौर ऊर्ज़ा परियोजना का निर्माण कराया गया है। इस परियोजना को स्थापित करने के लिये राज्य सरकार द्वारा राशि का वहन नहीं किया गया है। ऊर्ज़ा विभाग द्वारा किए गए एकरारनामा के तहत निजी कंपनी के द्वारा 25 वर्षों के लिए 3.10 प्रति यूनिट की दर से बिजली, ऊर्ज़ा विभाग को उपलब्ध करायी जाएगी।




चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - **राकेश कुमार पाण्डेय** कार्यकारी सम्पादक* - **अरशद सईद खान** स्टेट हेड - **संदीप मिश्रा**

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।

समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063